बैशाख कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 8 मई 2024
वर्ष-34, अंक-101, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





शुक्र के खोए सागरों की गुत्थी सुलझाने में कामयाबी 16
बेहतर स्क्रिप्ट पर शाहरुख के साथ काम करेंगी प्रीति 15







## एक नजर

### 10 मई को बृजभूषण पर हो सकता है फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत 10 मई को आदेश सुना सकती है कि भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख एवं भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ छह महिला पहलवानों के दर्ज कराए यौन उत्पीड़न मामले में आरोप तय किया जाए या नहीं। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत मंगलवार को आदेश पारित करने वाली थीं लेकिन उन्होंने यह कहते हुए इसे टाल दिया दिया कि आदेश में कुछ सुधार की जरूरत है।

### तीन तस्कर गिरफ्तार, दो किलो हेरोइन बरामद

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले की गजसिंहपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने स्विफ्ट कार में सवार नाबालिग सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार कर दो किलो हेरोइन बरामद की है। यह हेरोइन ड्रग ड्रोन के माध्यम से बॉर्डर पार से मंगवाई गई थी, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 10 करोड़ रुपये बताई जा रही है। एसपी गौरव यादव ने बताया कि ऑपरेशन सीमा संकल्प के तहत मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए सीओ श्रीकरणपुर संजीव चैहान के निर्देशन में संगराना मोड 74 आरबी नहर पुल पर नाकाबन्दी की गई।

### अमृतसर में चीन निर्मित एक ड्रोन बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मंगलवार को जिला अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र गांव हरदो रतन से एक ड्रोन बरामद किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि खुफिया इकाई की सूचना पर व्यापक तलाशी अभियान में सैनिकों ने अमृतसर जिले के गांव हरदो रतन में एक घर के बाहरी क्षेत्र से चीन निर्मित ड्रोन बरामद किया।

# टीआरएफ के शीर्ष कमांडर समेत दो आतंकी मारे गए

श्रीनगर, एजेंसी

- कुलगाम में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने मार गिराया
- बासित डार पर घोषित किया गया था 10 लाख इनाम

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन टीआरएफ के शीर्ष कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गए।

कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) वीके बिरधी के अनुसार मारे गए आतंकवादियों में से एक की पहचान बासित डार के रूप में की गई है, जो द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की 'ए' श्रेणी का आतंकवादी था। उन्होंने कहा कि सुरक्षाबलों को रेडवानी गांव में आतंकवादियों की आवाजाही के बारे में खुफिया सूचना मिली थी, जिसके बाद सोमवार रात वहां घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया था। इस अभियान में दो आतंकवादी मारे गए हैं और उनके शव बरामद कर लिए गए हैं, लेकिन तलाशी अभियान अभी भी जारी है। बिरधी ने बताया कि बासित डार श्रीनगर शहर में हुई घटनाओं सहित 18 मामलों में शामिल था। एनआईए ने 2022 में डार पर 10 लाख का इनाम घोषित किया था।

# योगी और प्रो. राम गोपाल के बीच राम मंदिर पर तकरार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

## सपा नेता बोले, मंदिर वास्तु के अनुसार नहीं बनाया गया




- योगी ने कहा, उनका बयान करोड़ों रामभक्तों का अपमान

**अमृत विचार :** अयोध्या के राम मंदिर को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव के एक बयान के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। योगी ने राम गोपाल के बयान को हिंदू विरोधी और रामभक्त हिंदू समाज का अपमान बताया है।

सपा नेता राम गोपाल ने एक न्यूज चैनल के संवाददाता से राम मंदिर को बेकार बताते उल्टा सवाल किया कि, मंदिर ऐसे बनाए जाते हैं? मंदिर ऐसे नहीं बनते हैं, पुराने मंदिर देख लीजिए दक्षिण से लेकर उत्तर तक देख लीजिए। नक्शा ही ठीक नहीं बना है। उसे वास्तु के लिहाज से ठीक नहीं बनाया गया है।

सपा नेता के इस बयान पर मंगलवार को मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके बयान से सपा की मंशा सामने आ गई है। योगी ने कहा कि ऐसा बयान सपा व कांग्रेस के साथ इंडिया गठबंधन के सच को उजागर करता है। यह लोग वोट बैंक के लिए न केवल भारत की आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं, बल्कि राम की ईश्वरीय सत्ता को चुनौती देने का काम कर रहे हैं। इतिहास गवाह है कि जिसने भी ईश्वरीय सत्ता को चुनौती दी है, उसकी दुर्गति हुई है।

### कन्नौज में मंदिर धोने को लेकर भी विवाद

मंगलवार को रमईपुर (कानपुर) में जनसभा करने पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, जिस तरह भाजपाइयों ने कन्नौज में मंदिर को धोया, ठीक वैसे ही अब पीडीए लोकसभा चुनाव में भाजपा को धोने जा रहा है। जनता भाजपा के खिलाफ वोट डाल-डालकर ऐसा धोएगी कि दोबारा नहीं लौटेंगे। दरअसल, सोमवार को अखिलेश यादव ने कन्नौज में जनसंपर्क अभियान की शुरुआत करने से पहले शहर के सिद्धपीठ बाबा गौरीशंकर मंदिर पहुंचकर पूजा की थी। पूजा करते हुए अखिलेश का वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया। इस वीडियो में दूसरे समुदाय के कुछ सपा कार्यकर्ता मंदिर प्रांगण में जूता पहनकर टहलते हुए दिखे थे, जिसका भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध किया था। देर शाम भाजपा कार्यकर्ताओं की एक टीम मंदिर पहुंची और गंगाजल से धुलाई कर मंदिर की साफ-सफाई की थी।

## प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों के लिए शांतिपूर्ण ढंग से हुआ मतदान

# तीसरा चरण : 57.34% वोटिंग

**62.81%** संभल में सबसे ज्यादा

**53.99%** आगरा में सबसे कम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




मतदान करने के बाद अंगुली पर स्याही का निशान दिखाते पीएम मोदी और अमित शाह।

**अमृत विचार :** प्रदेश में तीसरे चरण की 10 लोकसभा सीटों के चुनाव में मंगलवार को शाम छह बजे तक कुल 57.34 प्रतिशत मतदान हुआ। संभल में सबसे ज्यादा 62.81 प्रतिशत व आगरा में सबसे कम 53.99 प्रतिशत मतदान हुआ। छिटपुट घटनाओं के बीच सभी सीटों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि तीसरे चरण की अन्य सीटों में हाथरस (अजा) सीट पर 55.36 प्रतिशत, फतेहपुर सीकरी में 57.09 प्रतिशत, फिरोजाबाद में 58.22 प्रतिशत, मैनपुरी 58.59 प्रतिशत, एटा में 59.17 प्रतिशत, बदायूं में 54.05 प्रतिशत, आंवला में 57.08 प्रतिशत व बरेली में 57.88 प्रतिशत मतदान हुआ।

उन्होंने बताया कि मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए तीन विशेष प्रेक्षक, 10 सामान्य प्रेक्षक, छह पुलिस प्रेक्षक व 14 व्यय प्रेक्षक तैनात किए गए थे। इसके अलावा 1887 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 241 जोनल मजिस्ट्रेट, 668 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 2859 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किए गए थे। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए 4783 भारी वाहन, 5462 हल्के वाहन व 88,420 मतदान कार्मिक लगाए गए थे। मतदान के लिए 25,819 ईवीएम की कन्ट्रोल यूनिट, 25,819 बैलट यूनिट व 27,597 वीवीपैट की व्यवस्था की गई थी। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में अर्द्ध सैनिक बलों की तैनाती की गई। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्धसैनिक बलों को दी गई है।

### संभल समेत कई सीटों पर बूथ कैप्चरिंग की शिकायत

मतदान के दौरान संभल लोकसभा सीट पर सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क व एएसपी श्रीशचंद के बीच तीखी नोंकझोंक हुई। सपा प्रत्याशी ने फर्जी मतदान की शिकायत की। कुछ स्थानों पर सपा कार्यकर्ताओं पर पुलिस के लाठी भांजने की शिकायतें भी आईं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी शिकायतों की जांच कराई गई, जो सही नहीं पाई गईं। कहा कि ज्यादातर सीटों से बूथ कैप्चरिंग की ढेरों शिकायतें आईं।

### पहले और दूसरे चरण से ज्यादा मतदान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पहले व दूसरे चरण के मतदान की तुलना में इस बार मतदान ज्यादा हुआ। पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में मतदान प्रतिशत अधिक रहा। कहा कि मतदान बढ़ाने के लिए समुचित इंतजाम किए गए थे।

### 11 राज्यों की 93 सीटों पर 61% से अधिक मतदान

- असम में सबसे अधिक 75.30 और महाराष्ट्र में सबसे कम 54.98 प्रतिशत वोट पड़े

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में मंगलवार को 11 राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेश दादर-नगर हवेली और दमन एवं दीव की 93 सीटों पर 61.57 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। तीसरे चरण में शामिल सीटों में सामान्य-72, अनुसूचित जनजाति-11 और अनुसूचित जाति की 10 सीटें शामिल थीं। मतदान सुबह सात से शाम छह बजे तक चला। देश के कई इलाकों में तेज और गर्मी के के बीच मतदान का प्रतिशत तीसरे चरण में भी तुलनात्मक रूप से कम रहा। चुनाव आयोग शाम को जारी मतदान के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार असम में सबसे अधिक 75.30 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया जबकि महाराष्ट्र 54.98 प्रतिशत वोट पड़े। बिहार में 56.55 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 66.99 प्रतिशत, दादर नगर हवेली और दमन एवं दीव में 65.23 प्रतिशत, गोवा में 74.32 प्रतिशत, गुजरात में 56.83 प्रतिशत, कर्नाटक में 68.22 प्रतिशत, मध्यप्रदेश 63.13, महाराष्ट्र में 54.98, उत्तर प्रदेश में 57.34 और पश्चिम बंगाल में 73.93 प्रतिशत वोट पड़े। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने-अपने गृह क्षेत्र में मतदान किया।

# बंगाल में 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद करने पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

### सीबीआई जांच जारी रहेगी



- शिक्षक भर्ती घोटाला व्यवस्थागत धोखाधड़ी : सुप्रीम कोर्ट
- कोर्ट ने कहा-जनता का विश्वास उठ गया तो कुछ नहीं बचेगा

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कलकत्ता हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें राज्य के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया गया था।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने हालांकि, सीबीआई को अपनी जांच जारी रखने और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों की भी जांच करने की अनुमति दी। शीर्ष अदालत ने सीबीआई से कहा कि वह जांच के दौरान किसी संदिग्ध को गिरफ्तार करने जैसी कोई जल्दबाजी भरी कार्रवाई न करे। इससे पहले कोर्ट ने कथित भर्ती घोटाले को व्यवस्थागत धोखाधड़ी करार देते हुए कहा कि अधिकारियों की जिम्मेदारी थी कि वे 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित डिजिटल रिकॉर्ड संभाल कर रखते। पीठ कलकत्ता हाई कोर्ट के 22 अप्रैल के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों व गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य घोषित कर दिया था। प्रधान न्यायाधीश ने राज्य सरकार की ओर से पेश वकीलों से कहा कि सरकारी नौकरियां बहुत कम हैं... अगर जनता का विश्वास उठ गया तो कुछ भी नहीं बचेगा।

## राधिका खेड़ा, अभिनेता शेखर सुमन भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** जाने माने फिल्म कलाकार शेखर सुमन एवं कांग्रेस की राष्ट्रीय मीडिया संयोजक रहीं राधिका खेड़ा मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गईं। भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में पार्टी के महासचिव विनोद तावड़े, भाजपा में राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी और सह प्रभारी संजय मयूख की मौजूदगी में शेखर सुमन एवं राधिका खेड़ा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। तावड़े ने दोनों हस्तियों को सदस्यता पर्ची एवं गुलदस्ता देकर स्वागत किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकसित भारत की मुहिम से प्रभावित होकर भाजपा का परिवार प्रतिदिन समृद्ध हो रहा है। सुमन एवं खेड़ा ने प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा अध्यक्ष नड्डा एवं गृहमंत्री शाह के प्रति आभार प्रकट किया तथा देश की प्रगति के लिए यथासंभव योगदान देने की बात कही।

# मिर्जापुर से अनुप्रिया पटेल लड़ेंगी चुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अनुप्रिया पटेल — रिंकी कोल

- रॉबर्ट्सगंज से रिंकी कोल को बनाया गया उम्मीदवार
- अपना दल (एस) ने दोनों लोस सीटों से घोषित किए प्रत्याशी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपना दल (एस) ने दो उम्मीदवारों की घोषणा की है। मिर्जापुर से तीसरी बार अनुप्रिया पटेल उम्मीदवार बन रहीं हैं। वे वर्तमान में भी जिले की सांसद व एनडीए सरकार में केन्द्रीय मंत्री हैं।

इसी तरह अपना दल एस की छानबे विधायक रिंकी कोल को राबर्ट्सगंज संसदीय सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। उनको उनके ससुर पकौड़ी कोल का टिकट काटकर पार्टी प्रत्याशी बनाया गया है। पकौड़ी कोल वर्तमान में राबर्ट्सगंज से सांसद हैं। लोकसभा चुनाव में अपना दल (एस) एनडीए के साथ है। इस बार उसे गठबंधन में दो सीटें मिली हैं।

## हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों ने भाजपा का छोड़ा साथ

- राज्य सरकार से समर्थन लिया वापस

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव के बीच हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों ने मंगलवार को नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार से समर्थन वापस ले लिया। तीन विधायक-सोमबीर सांगवान, रणधीर गोलन और धर्मपाल गोंदर ने यह भी कहा कि उन्होंने चुनाव के दौरान कांग्रेस को समर्थन देने का फैसला किया है। तीनों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश कांग्रेस प्रमुख उदय भान की मौजूदगी में रोहतक में संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की।गोंदर ने कहा कि हम सरकार से समर्थन वापस ले रहे हैं। हम कांग्रेस के साथ हैं। 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा की मौजूदा क्षमता 88 की है, जिसमें भाजपा के 40 सदस्य हैं। भाजपा सरकार को पहले जननायक जनता पार्टी के विधायकों और निर्दलीय विधायकों का समर्थन था, लेकिन जजपा के बाद अब निर्दलीय भी साथ छोड़ रहे हैं।

# केजरीवाल को कोर्ट से राहत नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार या अगले सप्ताह फिर हो सकती है सुनवाई
- दिल्ली की कोर्ट ने 20 मई तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली। दो न्यायाधीशों की पीठ ने लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए उन्हें अंतरिम जमानत देने पर आदेश नहीं सुनाया। इस बीच, दिल्ली की एक अदालत ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 20 मई तक बढ़ा दी।

केजरीवाल पर कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक मामले में धन शोधन का आरोप लगाया गया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद अंतरिम जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया। सिंघवी केजरीवाल की ओर से और राजू प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश हुए थे। सुनवाई के दौरान पीठ ने संकेत दिया कि कल न्यायाधीश अलग-अलग संयोजनों में बैठेंगे और यदि बुधवार के लिए सूचीबद्ध मामलों पर सुनवाई पूरी हो जाती है और न्यायाधीशों के पास समय होता है तो केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई फिर से शुरू करेंगे। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि अगर कल नहीं, तो गुरुवार को सुनवाई कर सकते हैं। अगर गुरुवार को नहीं तो अगले सप्ताह विचार करेंगे।

### सिसोदिया व कविता की हिरासत भी बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी घोटाले से संबंधित मामलों में मंगलवार को आप नेता मनीष सिसोदिया की 15 मई तक और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की एमएलसी के. कविता की न्यायिक हिरासत 14 मई तक बढ़ा दी।

# झारखंड नकदी मामला : ईडी ने मंत्री के निजी सचिव को किया गिरफ्तार

रांची, एजेंसी



- रांची में दूसरे दिन भी छापेमारी डेढ़ करोड़ रुपये बरामद

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक फ्लैट से 35 करोड़ रुपये नकदी बरामद करने के मामले में झारखंड सरकार में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। एजेंसी ने राज्य के सात स्थानों पर नए सिरे से तलाशी भी ली और राजीव कुमार नाम के ठेकेदार से 1.5 करोड़ रुपये जब्त किए हैं। सूत्रों ने बताया कि पिछले दो दिनों में कुल 36.75 करोड़ रुपये बरामद किए जा चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम से रातभर पूछताछ करने के बाद दोनों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में ले लिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों ने जांच में सहयोग नहीं किया और ईडी अधिकारियों द्वारा पूछे गए सवालों से बचते रहे। उन्होंने बताया कि राज्य के ग्रामीण विकास विभाग में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में ईडी ने सोमवार को शहर में एक फ्लैट पर छापा मारा था जो कथित रूप से संजीव लाल के घरेलू सहायक जहांगीर का है।

### मंत्री के सचिव ने एकत्र किया कमीशन: ईडी

**रांची।** ईडी ने मंगलवार को कोर्ट को बताया कि झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के सचिव ने कुछ प्रभावशाली लोगों की ओर से कमीशन एकत्र किया था। दावा किया कि मंत्री के ग्रामीण विकास विभाग के शीर्ष से लेकर निचले स्तर तक के अधिकारी कथित अवैध नकद भुगतान के सांठगांठ में शामिल थे।

## आकाश आनंद से छिनी मायावती के उत्तराधिकारी की जिम्मेदारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने बड़ा फैसला लेते हुए भतीजे आकाश आनंद को उत्तराधिकारी बनाने का निर्णय वापस ले लिया है। आकाश को नेशनल कोओर्डिनेटर के पद से भी हटा दिया है। बसपा प्रमुख ने 10 दिसंबर,2023 को भतीजे आकाश को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। इससे पहले उन्हें पार्टी का नेशनल कोआर्डीनेटर नियुक्त किया था। मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इसकी घोषणा करते हुए बसपा प्रमुख ने कहा कि मूवमेंट के व्यापक हित में परिपक्वता आने तक फिलहाल उन्हें इन दोनों जिम्मेदारियों से अलग रखा जाएगा।

# सेलिब्रिटी भी भ्रामक विज्ञापन के लिए जिम्मेदार

नई दिल्ली, एजेंसी

## पतंजलि मामला



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- विज्ञापन करने के दौरान हस्तियां करें जिम्मेदाराना व्यवहार

उच्चतम न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के लिए मंगलवार को कहा कि प्रख्यात और सार्वजनिक हस्तियों को किसी उत्पाद का समर्थन करने के दौरान जिम्मेदाराना व्यवहार करना चाहिए। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि किसी विज्ञापन को जारी करने की अनुमति देने से पहले, 'केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम,1994' के अनुसार विज्ञापनदाताओं से एक स्व-घोषणा पत्र हासिल किया जाए।

वर्ष 1994 के इस कानून का नियम-सात एक विज्ञापन संहिता का प्रावधान करता है, जिसमें कहा गया है कि विज्ञापन देश के कानूनों के अनुरूप बनाए जाने चाहिए। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति एहसानुद्दीन अमानउल्लाह की पीठ ने संबद्ध केंद्रीय मंत्रालयों को इसे भ्रामक विज्ञापनों और केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) द्वारा की गई या प्रस्तावित कार्रवाई से अवगत कराने को भी कहा।

पीठ ने कहा कि प्रख्यात लोगों, 'इन्फ्लुएंसर' और सार्वजनिक हस्तियों द्वारा समर्थन किए जाने से उत्पादों का प्रचार-प्रसार करने में काफी मदद मिलती है तथा विज्ञापन के दौरान किसी भी उत्पाद का समर्थन करने के दौरान और उसकी जिम्मेदारी लेते समय उनके लिए जिम्मेदारी के साथ काम करना अनिवार्य है। शीर्ष अदालत पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा भ्रामक विज्ञापनों से जुड़े मामले पर सुनवाई कर रही है। न्यायालय 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' (आईएमए) द्वारा 2022 में दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि पतंजलि और योग गुरु रामदेव ने कोविड टीकाकरण और चिकित्सा की आधुनिक प्रणालियों को बदनाम करने का अभियान चलाया। पीठ ने पतंजलि के उत्पादों के बारे में भ्रामक विज्ञापनों की आलोचना की है। इन विज्ञापनों को अब निषिद्ध कर दिया गया है लेकिन वे विभिन्न इंटरनेट चैनलों पर अब भी उपलब्ध हैं।

## एक नजर

### पांच-पांच ग्राम पंचायतों की ऑडिट रिपोर्ट केंद्र ने मांगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रामीण विकास मंत्रालय ने जिलों से पांच-पांच ग्राम पंचायतों की वर्ष 2023-24 की मनरेगा के तहत हुए कार्यों की ऑडिट उपयोग प्रमाण पत्र के साथ श्रमांश, सामग्री व प्रशासनिक मद की रिपोर्ट मांगी है। ऑडिट होने वाली ग्राम पंचायतों को छोड़कर बाकी की रिपोर्ट देनी है। जिसके गबन संबंधित प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। यह रिपोर्ट ग्राम्य विकास मुख्यालय की तरफ से जाएगी। जो 20 जून तक राज्य मनरेगा प्रकोष्ठ कार्यालय को उपलब्ध करानी है।

### 5वें चरण के लिए कांग्रेस ने बनाए स्टार प्रचारक

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में पांचवें चरण की सीटों पर चुनाव के लिए कांग्रेस ने स्टार प्रचारक नियुक्त किये हैं। इनमें कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंक गांधी, राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना, सलमान खुर्शीद, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, राज बब्बर, पीएल पुनिया, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, नकुल दुबे समेत 40 नेता शामिल हैं। इस बीच, प्रदेश कांग्रेस ने पार्टी प्रत्याशियों समेत इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने के लिए चुनाव अभियान तेज कर दिया है।

### दो इनामी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. पुलिस ने अलग-अलग जिलों में वांछित दो इनामी अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। एक आरोपी पर 20 हजार तो दूसरे आरोपी पर 15 हजार का इनाम था। सिद्धार्थनगर के थाना खेनसरा में क्राइम ब्रांच द्वारा राजकुमार निवासी करमहिया डिडई सिद्धार्थनगर को घोसियारी बाजार से गिरफ्तार किया गया है। राजकुमार पर कई मुकदमों में वांछित होने के कारण पुलिस ने 20 हजार का इनाम रखा हुआ था। वहीं सुल्तानपुर के बंधुआकला निवासी इंद्रपाल को सुल्तानपुर पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इंद्रपाल चंदौली के अलीनगर थाने में वांछित चल रहा था। इंद्रपाल पर पुलिस ने 15 हजार का इनाम रखा हुआ था।

# मतदान के बाद सपा-भाजपा में जुबानी जंग तेज

## दोनों राजनीतिक दलों ने एक-दूसरे पर लगाया मतदान के दौरान अराजकता फैलाने का आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए तीसरे चरण के मतदान के बाद आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जहां सपा नेताओं, समर्थकों से मतदान के बाद ईवीएम पर पैनी नजर बनाये रखने की हिदायत दी, वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी का तर्क रहा कि सपा के लोग जानबूझकर लड़ाई-झगड़ा करने का प्रयास करेंगे। इससे सतर्क रहने की आवश्यकता है। भाजपा की ओर यह भी यह शंका भी प्रकट की गई कि सपा के लोग हमारे कार्यकर्ताओं को उलझाने का प्रयास करेंगे। वहीं, सपा खेमे से भाजपा पर सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप है।

### जहां भी गड़बड़ी दिखे तुरंत वीडियो भेजें : अखिलेश यादव



**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने तीसरे चरण के मतदान के बाद इंडिया गठबंधन के हर बूथ एजेंट, कार्यकर्ता, प्रत्याशी, पदाधिकारी, समर्थक व जनता से अपील है कि वो सावधान, सतर्क और सचेत रहें। उन्होंने कहा है कि मतदान खत्म होने के बाद जब तक ईवीएम सील न हो जाए, स्ट्रांग रूम तक पहुंच न जाए, तब तक पूरी मुस्तैदी से चौकन्ना रहें। अखिलेश ने मंगलवार को सोशल मीडिया 'एक्स पर लिखा है कि सब मिलकर डटे रहें। किसी भी गड़बड़ी की आशंका होने पर सबूत के रूप में वीडियो तुरंत भेजे। 'बूथ रक्षक और 'संविधान के सिपाही के रूप में वोट की रक्षा के लिए जी-जान लगा दें। अखिलेश ने इसके पहले सुबह मतदान शुरू होने से पहले मतदाताओं के नाम अपील जारी करते हुए कहा है कि लोकतंत्र में मतदान अधिकार भी है, कर्तव्य भी।

### सपा ईमानदारी से चुनाव नहीं लड़ सकती : भूपेंद्र चौधरी



**अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से कहा कि मैनपुरी में सपा के गुंडों द्वारा अराजकता की जा रही है। उन्होंने कहा कि सपा ईमानदारी से चुनाव नहीं लड़ सकती। वह हिंसा करके लोगों का ध्यान भटकाना चाहते हैं। उसका प्रयास अराजकता फैलाने का है। वो झूठे आरोप लगाएंगे, चुनाव आयोग पर सवाल खड़े करेंगे, पुलिस और प्रशासन से भिड़ेंगे और भाजपा कार्यकर्ताओं को उलझाने का प्रयास करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के मुताबिक, सपा की ये सब सोची समझी चाल है। वो इस तरह के प्रयास करते अपनी हार का बहाना तलाश रहे हैं। लेकिन इसका उन्हें कोई लाभ नहीं मिलेगा, क्योंकि पुलिस अपना काम कर रही है और हिंसा करने वाले हर व्यक्ति को उसके किए की सजा मिलेगी।

### सपा समर्थक मतदाताओं को रोका गया : राजेंद्र चौधरी

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा है कि भाजपा ने अपनी हार होते देखकर कई जिलों में सत्ता का खुलकर दुरुपयोग किया। सपा समर्थक मतदाताओं विशेषकर मुस्लिम मतदाताओं को कई जगह मतदान से रोका गया, दबंगों ने कई जगह मतदाताओं को डराया, धमकाया। कई स्थानों पर प्रशासनिक अधिकारी और पीठासीन अधिकारी भी चुनाव को प्रभावित करने की कोशिशें करते रहे। सपा प्रवक्ता ने कहा कि लोकसभा मैनपुरी में जहां से डिम्पल यादव प्रत्याशी हैं, वहां फर्जी मतदान कराते हुए कई भाजपाई दबंगों के नाम मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र. लखनऊ को भेजे गए हैं। सपा के बूथ एजेंट को पोलिंग स्टेशन से बाहर निकाला गया। सपा नेता ने कई स्थानों पर ईवीएम खराब होने और भाजपाइयों पर बूथ कैप्चरिंग का भी आरोप लगाया।

# 7वां चरण : पांच प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **14 तक होंगे नामांकन, एक जून को मतदान**

**अमृत विचार :** सातवें चरण की 13 लोकसभा सीटों के चुनाव में नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन पांच प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन की अंतिम तारीख 14 मई निर्धारित है। एक जून को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि कुशीनगर में एक, गाजीपुर में एक, वाराणसी में दो व मिर्जापुर में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। उन्होंने बताया कि कुशीनगर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी से विजय ने नामांकन किया। गाजीपुर क्षेत्र के लिए निर्दलीय प्रत्याशी सत्यदेव यादव ने नामांकन किया।

वाराणसी सीट के लिए बहादुर आदमी पार्टी से अभिषेक प्रजापति, युग तुलसी पार्टी से कोलिसेट्टी शिव कुमार ने नामांकन किया। मिर्जापुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अपना दल (कमेरावादी) से दौलत सिंह ने नामांकन किया।

उन्होंने बताया कि इस चरण में 2.49 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.32 करोड़ पुरुष मतदाता व 1.17 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 14,183 मतदान केन्द्र व 25,658 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं। इसी प्रकार दुद्धी (अजजा) विधानसभा सीट पर कुल 3.43 लाख मतदाता हैं, जिसमें 1.80 लाख पुरुष मतदाता व 1.63 लाख महिला मतदाता हैं।

# बी टीम के आरोप की धारणा को तोड़ने की कोशिश में मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **सोशल मीडिया में लगातार भाजपा के खिलाफ आक्रामक रहती है बसपा**

**अमृत विचार :** राजनीति के गलियारों में भाजपा की बी-टीम होने का बसपा पर आरोप लगते हैं। विभिन्न पार्टियों के नेता यदा-कदा बयां भी करते हैं। सोमवार की देर रात अचानक जौनपुर में प्रत्याशी बदलने के बाद चर्चाएं और बढ़ गई हैं।



आरोप में दम मापने का या सिद्ध होने का कोई मापक तो नहीं है। मगर पार्टी प्रमुख मायावती बी-टीम होने की धारणा तोड़ने की कोशिश करती रहती हैं, इसके लिए वह सोशल मीडिया पर जारी संदेशों में न केवल सपा-कांग्रेस की खिलाफत करती हैं, बल्कि सत्तारूढ़ दल भाजपा पर आचार संहिता का उल्लंघन करने का मुद्दा अक्सर उठाती रहती हैं।

मंगलवार को लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण के मतदान पूर्व सुबह उन्होंने एक्स पर जनता ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील के साथ ही भाजपा की कार्यशैली पर सवाल भी खड़े किये।

पहले मतदान फिर जलपान की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक अवसर को कतई न गवाएं, मतदान कर अपना भविष्य खुद संवारें। वहीं उन्होंने चुनाव आयोग से चुनाव आचार संहिता का लगातार उल्लंघन करने वाली भाजपा की गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाने की मांग की है।

## सपा के प्रदेश सचिव ने दिया पार्टी से इस्तीफा

**अमृत विचार, लखनऊ:** लोकसभा चुनाव के बीच समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव प्रदीप सिंह बब्बू ने अपने पद और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने मंगलवार को पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर अनदेखी करने और चुनिंदा लोगों से घिरे होने का आरोप लगाते हुए पत्र भेजा है। सपा से इस्तीफा देने के बाद उनके भाजपा में जाने की चर्चाएं हैं।

पत्र में प्रदीप सिंह बब्बू ने कहा है कि मेरा मानना है कि सपा में कुछ लोग जो पुराने हो चुके हैं और कुछ वो हैं, जिनकी राजनीति आपके इर्द-गिर्द व आपकी कृपा पर निर्भर है। उनकी राय को जरूरत से अधिक महत्व देने से उनकी उम्मीदवारी नजरअंदाज होती रही। ऐसे लोग आपसे जमीनी लोगों को दूर रखना चाहते हैं।

# आरक्षण छीनने का प्रपंच फैला रहा विपक्ष

## अनुसूचित जाति एवं जनजाति मोर्चा कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने साधा निशाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



मध्य विधानसभा क्षेत्र में आयोजित अनुसूचित जाति एवं जनजाति मोर्चा के कार्यक्रम में उपस्थित राज्यसभा सदस्य बृजलाल, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी व अन्य पार्टी पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** दलित और पिछड़ों का आरक्षण छीनने का प्रपंच विपक्षी दल फैला रहे हैं। विपक्ष के लोग तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं। भाजपा सरकार केंद्र में दोबारा आने जा रही है और किसी का आरक्षण नहीं छिनेगा।

लखनऊ लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के समर्थन में मध्य विधानसभा क्षेत्र स्थित सुदर्शनपुरी कॉलोनी के खजुआ बाल रामलीला मैदान में अनुसूचित एवं जनजाति मोर्चा कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने कही। उन्होंने कहा कि संविधान बदल दिया जाएगा ऐसी किसी भी अफवाह एवं बहकावे में न आएं। संविधान विरोधी विपक्षी पार्टियों से सतर्क रहें। प्रधानमंत्री ने हमेशा संविधान का सम्मान किया है।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एक-एक घर में पहुंचकर मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाएंगे और रक्षामंत्री को प्रचंड बहुमत से विजय दिलाने का काम करेंगे। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक व्यवस्था बड़ी तेजी से मजबूत हुई है। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में मध्य उपविजेता रजनीश गुप्ता, महामंत्री राम अवतार कनौजिया कार्यक्रम संयोजक सौरभ वाल्मीकि, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष विपिन सोनकर, उपाध्यक्ष टिंकू सोनकर, अभिषेक खरे, मंडल महामंत्री दीपक सोनकर, पार्षद राजीव बाजपेई, मुन्ना धानुक आदि मौजूद रहे।

# एसएन साबत हटे, रामाशास्त्री को कारागार का प्रभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **दो और एडीजी को मिली जिम्मेदारी, दो अफसरों को तैनाती का था इंतजार**

**अमृत विचार :** लंबे समय से पुलिस महानिदेशक कारागार की जिम्मेदारी संभाल रहे एसएन साबत को मंगलवार को पद से हटा दिया गया है। उनके स्थान पर इस पद पर डीजी पीबी रामाशास्त्री की तैनाती दी गई है। वहीं एडीजी पुलिस मुख्यालय का ट्रांसफर करते हुए प्रतीक्षारत एडीजी आनंद स्वरूप को इस पद पर तैनाती दी गई है।

सबसे चर्चित तबादला 1990 बैच के आईपीएस एसएन साबत का रहा। शासन ने उन्हें डीजी कारागार पद से हटाकर डीजी सीबीसीआईडी बनाया है। जबकि केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे और लगभग दो महीने से डीजी इन वेटिंग चल रहे 1989 बैच के पीवी रामाशास्त्री को पुलिस महानिदेशक (कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं) बनाया गया है। वहीं लंबे समय बाद केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटे 1992 बैच के आईपीएस आनंद स्वरूप को अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय बनाया गया है। जबकि डॉ. एन. रविंद्र को अपर पुलिस महानिदेशक केजीएसओ पद पर पूर्ण तैनाती दी गई है। सभी अफसरों को तत्काल पदभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है।

## अखिलेश-राहुल कन्नौज व कानपुर में करेंगे संयुक्त रैली

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कन्नौज व कानपुर में संयुक्त रूप से जनसभा को संबोधित करेंगे। इसकी घोषणा कर दी गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अयोध्या और कानपुर में रोड शो के बाद अब इंडी गठबंधन ने अपने अगले प्रचार कार्यक्रम की घोषणा की है। अखिलेश और राहुल गांधी 10 मई को पहले कन्नौज और फिर कानपुर में संयुक्त रूप से जनसभा को संबोधित करेंगे। इस संबंध में कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पहले शुक्रवार को दोनों नेता कन्नौज में जनसभा को संबोधित करेंगे। अखिलेश यादव कन्नौज लोकसभा सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी हैं। इसके बाद दोनों नेता कानपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे।

# मुख्यमंत्री को धमकी देने वाला गिरफ्तार, फूट-फूट कर रोया

## एक्टिविस्ट ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 25 अप्रैल को सोशल मीडिया पर उप्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धमकी देने वाला गिरफ्तार होते ही फूट-फूट कर रोया। एफआईआर दर्ज होने के बाद प्रयागराज कमिश्नरेट की तीन टीमें उसे तलाश रही थीं। मंगलवार को उसकी लोकेशन प्रयागराज में फिर मिली, तभी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार होते ही वह रोने लगा। कहा कि उस दिन वह नशे में था, गलती से बोल गया, मुझे माफ कर दो।



आरोपी समीम।

प्रयागराज के रहने वाले समीम उर्फ बबलू ने 25 अप्रैल को सोशल मीडिया पर आरोपी ने कहा कि मैं चुनौती दे रहा हूं कि मेरे घर पर बुलडोजर चलाकर दिखाएं। इस दौरान उसने आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए धमकी भी दे डाली। सोशल मीडिया की क्लिप के आधार पर एक स्थानीय एक्टिविस्ट ने थाने में मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने लोकेशन के आधार पर मौके पर पहुंचकर समीम को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ। कहा कि मैं माफी मांग रहा हूं। नशे की हालत में एक मीडियाकर्मी के कहने पर उसने यह बयान दिया था।

## डेढ़ माह में सिर्फ 54 विद्यालयों में लग सके सीसीटीवी कैमरे

**अमृत विचार, लखनऊ:** विभागीय कर्मियों की मनमर्जी पर रोक लगाने और उनकी कार्यशैली को नियंत्रित करने के लिए आश्रम पद्धति विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा रहे हैं। हालांकि डेढ़ माह में प्रदेश के 94 विद्यालयों में महज 54 में ही सीसीटीवी कैमरे लग सके हैं।

बता दें कि मार्च के अंतिम सप्ताह से आश्रम पद्धति विद्यालय में सीसीटीवी लगने शुरू हुए थे। अभी तक 54 विद्यालयों में ही सीसीटीवी लग सके हैं। विद्यालयों पर नजर रखने के लिए कंट्रोल रूम निदेशालय में बनाया गया है। सोमवार को वृद्धाश्रम संचालकों के साथ निदेशक ने बैठक की। उनको भी 15 जून तक सभी 75 वृद्धाश्रम में सीसीटीवी लगवाने के निर्देश दिए हैं।

# चुनाव चिह्न आवंटित, किसी को मिला गुब्बारा तो किसी को हीरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ-मोहनलालगंज संसदीय सीट और पूर्वी विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों को मंगलवार को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए गए। राष्ट्रीय पार्टियों को छोड़कर अन्य दलों में किसी को गुब्बारा चुनाव चिह्न मिला तो किसी को हीरा।

बता दें कि लखनऊ व मोहनलालगंज संसदीय सीट और पूर्वी विधानसभा सीट के लिए 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी। तीन मई तक प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। चार मई को नामांकनों की समीक्षा की गई और छह मई को नामांकन वापस लिए गए। मोहनलालगंज से 11, लखनऊ संसदीय सीट से 10 और पूर्वी विधानसभा से चार प्रत्याशी मैदान में हैं। चुनावी मैदान में भाग्य आजमाने वाले प्रत्याशियों को आज चुनाव चिह्न आवंटित किया गया।

### लखनऊ लोकसभा सीट

भाजपा प्रत्याशी के राजनाथ सिंह को कमल, समाजवादी पार्टी के रविदास मेहरोत्रा को साइकिल, बहुजन समाज पार्टी के मोहम्मद सरवर मलिक को हाथी, सरवर पार्टी के सरवर अली को हीरा, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल के कपिल मोहन चौधरी को आदमी व पाल युक्त नौका, हिंदू समाज पार्टी के गौरव वर्मा को सेब, किसान विश्व पार्टी के बृजेश कुमार यादव को हॉकी और बॉल, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी आफ इंडिया के मो. अहमद उर्फ रिंकू को ऑटो रिक्शा चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। वहीं निर्दलीय प्रत्याशियों में अखंड प्रताप सिंह को सिलाई मशीन, इस्तियाक अली को बल्ला चुनाव चिन्ह मिला है।

### मोहनलालगंज लोकसभा सीट

भाजपा के प्रत्याशी कौशल किशोर को कमल चुनाव चिन्ह, समाजवादी पार्टी के आरके चौधरी को साइकिल, बहुजन समाज पार्टी के राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान को हाथी, राष्ट्रीय समाज पक्ष के बृजेश कुमार विक्रम को सीटी, पीपुल्स पार्टी आफ इंडिया (डेमोक्रेट) के एसएल सिंह को फलों से युक्त टोकरी, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के सूरज कुमार को कटहल, आम जनता पार्टी (इंडिया) के सुनीता छेदा पासी को केतली चिन्ह आवंटित किया गया है। वहीं निर्दलीय चुनाव लड़ रहे सुशील कुमार रावत को चारपाई, रमेश कुमार को गुब्बारा, जितेंद्र कुमार को स्कूल का बस्ता, महेंद्र को ऑटो रिक्शा चुनाव चिन्ह मिला है।

### लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट

भाजपा प्रत्याशी ओम प्रकाश श्रीवास्तव को कमल, इंडियन नेशनल कांग्रेस के मुकेश सिंह चौहान को हाथ, बहुजन समाज पार्टी के आलोक कुशवाहा को हाथी और निर्दलीय प्रत्याशी विनोद कुमार वाल्मीकि को केतली चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है।



काकोरी में आयोजित भाजपा के अन्नदाता किसान सम्मेलन में उपस्थित उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व सांसद प्रत्याशी कौशल किशोर।

# अन्नदाता सम्मेलन में ब्रजेश पाठक ने कौशल किशोर के लिए मांगे वोट

संवाददाता, काकोरी

▸▸ **बोले, प्रत्याशी की योग्यता और उपयोगिता देखकर ही करें वोट**

**अमृत विचार :** मोहनलालगंज लोकसभा के मलिहाबाद विधानसभा के काकोरी बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज में भाजपा द्वारा अन्नदाता किसान सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक उपस्थित रहे।

सांसद एवं सांसद प्रत्याशी कौशल किशोर के पक्ष में मतदान के लिए आयोजित इस समारोह में उप मुख्यमंत्री ने बड़े ही सरल शब्दों में अवधी भाषा का प्रयोग कर वोटरों के दिल में जगह बनाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार आप सब्जी को टटोल कर, घड़े को ठोक बजाकर खरीदते हैं तो प्रत्याशी की योग्यता और उपयोगिता देखकर ही वोट करें। आपके क्षेत्र में सरल, सहज और मृदुभाषी प्रत्याशी कौशल से बेहतर कोई नहीं हो सकता और आप सब को मिलकर कौशल किशोर को 9 लाख मतों से विजयी बनाना है तथा भाजपा को 400 पार सीट दिलाकर मोदी को पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम करना है।

इस कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री एवं प्रत्याशी कौशल किशोर, विधायक मोहनलालगंज अमरेश कुमार, विधायक सिधौली मनीष रावत, जिला अध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, अध्यक्ष सहकारी बैंक वीरेंद्र प्रताप सिंह, प्रभारी सूर्य नारायण तिवारी, अरुण सिंह (गप्पू), काकोरी चेयरमैन रोहित साहू, रविराज लोधी, मंडल उपाध्यक्ष एवं अनादि सेवा समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलम श्रीवास्तव, विजय मौर्य, विकास किशोर, अरविंद शर्मा, प्रतिभा वर्मा, धीरू मौर्य, नमिता द्विवेदी, पिंकी शर्मा आदि पदाधिकारी सहित हजारों की संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किसान क्रेडिट कार्ड से खेती का रकबा बढ़ाने की तैयारी

## जिले में 69,260 केसीसी का लक्ष्य, 20,523 नए व 48,737 पुरानों का होगा नवीनीकरण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिले में कृषि विभाग खेती का रकबा किसान क्रेडिट कार्ड यानी केसीसी से बढ़ाएगा। विभाग को वर्ष 2024-25 के लिए कुल 69,260 केसीसी का लक्ष्य मिला है। जो बैंकों के माध्यम से 20,523 नये केसीसी, जबकि 48,737 पुरानों का नवीनीकरण प्राथमिकता से कराकर ऋण वितरण कराएगा।

इसका फायदा खासकर लघु व सीमांत किसानों को मिलेगा। जो लागत के अभाव में खेती कम करते हैं या फिर समय पर रुपये की व्यवस्था न होने के कारण पीछे रह जाते हैं। दावा है कि अब ऐसे किसानों को कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। खेती के साथ किसानों की आय बढ़ेगी और फसल बीमा जैसी सुविधा मिलेगी। वहीं, वर्ष 2023-24 में कुल 58,210 केसीसी का लक्ष्य मिला था। इसकी 100 फीसद पूर्ति होने पर इस वर्ष लक्ष्य में बढ़ोतरी की गई है।

### जिले की स्थिति

कुल क्षेत्रफल : 2.50 लाख हेक्टेयर
कृषि क्षेत्रफल : 1.32 लाख हेक्टेयर
पंजीकृत किसान : 2.4 लाख

### प्रमुख फसलें

गेहूं, धान, मक्का, सरसों, उदड़, मूंग, तिल व सब्जियां

### 4 से 16 हेक्टेयर हुआ मोटे अनाज का क्षेत्रफल



जिले में वैसे गेहूं, धान व सब्जियों की खेती अधिक होती है, जबकि मोटा अनाज व दलहन-तिलहन का उत्पादन कम है। इसे केसीसी के माध्यम से बढ़ाने के लिए किसानों को प्रेरित करेंगे। इसमें मोटे अनाज ज्वार, बाजरा, रागी, कोंदों की अधिक पैदावार के लिए तीन वर्ष की योजना बनाई गई है। इस फसल में लागत कम आती है और बीजों से लेकर अन्य संसाधन किसानों निशुल्क मिलते हैं। मोटे अनाज की देश-प्रदेश में मांग भी खूब है और दाम भी सामान्य उपज से अधिक हैं। हालांकि मोटे अनाज की तरफ किसानों की रुचि बढ़ी है। एक वर्ष में मोटे अनाज का रकबा चार हेक्टेयर से 16 हो गया है।

> पिछले वर्ष केसीसी का लक्ष्य 100 फीसद पूरा हुआ था। इसे देखते हुए लक्ष्य इस बार बढ़कर मिला। जो बैंकों को पूर्ति करने के लिए भेज दिया है। केसीसी से किसानों को फायदा होगा और पैदावार में इजाफा होगा।
>
> – **तेग बहादुर सिंह, जिला कृषि अधिकारी, लखनऊ**

### मई के लिए मिली 2500 मीट्रिक टन उर्वरक

**अमृत विचार :** जिले में कृषि कार्य के लिए उर्वरक की कमी नहीं होगी। कृषि विभाग को मई माह के लिए 2500 मीट्रिक टन उर्वरकों का आवंटन हुआ है। जो निजी दुकानों व सहकारी समितियों पर किसानों को मिलेंगी। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि 2150 मीट्रिक टन यूरिया, 150 मीट्रिक टन डीएपी व 200 मीट्रिक टन एमओपी विक्रेताओं को उपलब्ध करा दी है। जो बिक्री की साप्ताहिक सूचना 14, 21 व 28 मई को देंगे। स्टॉक व बिक्री का सत्यापन किया जाएगा और अंतर या गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई करेंगे।

# पुत्र उमर के लिए लॉ फर्म बनाना चाहता था अतीक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **हाईकोर्ट के पास पांच करोड़ की जमीन 14 लाख में थी खरीदी**

▸▸ **जमीन को कुर्क करने की तैयारी में पुलिस**

**अमृत विचार :** माफिया अतीक अहमद का बड़ा पुत्र इलाहाबाद हाईकोर्ट के बगल की जिस जमीन पर लॉ फर्म बनाना चाहता था, अब वह योजना संकट में आ गई है। पुलिस की जांच में पता चला कि पांच करोड़ की कीमत की यह जमीन मात्र 14 लाख में खरीदी गई थी। इसी जमीन पर लॉ फर्म बनाने के लिए निर्माण कार्य भी शुरू हो गया था, जिसे पीडीए द्वारा ढहा दिया गया।

गौरतलब हो कि अतीक अहमद के बड़े पुत्र उमर ने एलएलबी कर रखा है। वह इसी लॉ फर्म में बैठकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकालत करना चाहता था। जांच में पता चला कि इस जमीन की कीमत करीब पांच करोड़ रुपये है, जबकि अतीक अहमद ने इस जमीन को मात्र 14 लाख रुपये में खरीद ली थी। जांच में पता चला कि यह जमीन भी अतीक अहमद के ही नाम है। बता दें कि अतीक अहमद के मरने के बाद कुछ स्थानीय लोगों ने इस जमीन को कब्जा करने का भी प्रयास किया था। बाद में प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने यहां पर हुए कुछ निर्माण को ढहा दिया। अब पुलिस इस जमीन को कुर्क करने जा रही है। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## प्रोमोटर को रेरा पोर्टल पर कराना होगा पंजीकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रोमोटर को परियोजना का पंजीकरण कराने के लिए पहले रेरा पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। साथ ही कुछ आवश्यक अभिलेख भी अपलोड करने होंगे। सभी अभिलेखों का मूल्यांकन करने के बाद ही प्रोमोटर का पंजीकरण हो सकेगा। इसके बाद ही प्रोमोटर रेरा पोर्टल पर अपनी परियोजना पंजीयन का आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। उप्र भू-नियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने इसके लिए गाइडलाइन जारी की है। यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि प्रोमोटर को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन का विकल्प चयन करके मोबाइल नम्बर तथा ई-मेल आईडी की मदद से एक लॉग इन प्रोफाइल बनाना होगा। ओटीपी से सत्यापन के बाद ई-मेल आईडी को हमेशा यूजर आईडी की तरह इस्तेमाल किया जा सकेगा।

# तुलसी से 'दीदी' बनकर लोगों के करीब पहुंच रहीं स्मृति इरानी

प्रदीप गुप्ता

**सलोन, रायबरेली।** अमेठी की भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानि कभी तुलसी के रूप में घर-घर जानी जाती थी, क्योंकि 'सास भी कभी बहु थी' टीवी सीरियल ने उन्हें पूरे देश में प्रसिद्ध कर दिया था, लेकिन 'तुलसी' अमेठी में आकर 'दीदी' बन गई और बीते 10 वर्षों में लोगों के दिलों तक जगह बनाने में कामयाब भी हुईं। स्मृति इरानिका


भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानि।

औपचारिक राजनीतिक जीवन तब शुरू हुआ जब वो 2003 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुईं थी। भाजपा में कई पदों पर सुशोभित रही स्मृति ईरानि 2014 में असंभव लक्ष्य को भेदने कांग्रेस के गढ़ अमेठी आई। वे राहुल गांधी से 107, 923 वोटों के अंतर से हार गई थीं, लेकिन कांग्रेस के गढ़ में उसकी जड़ों को हिलाने में उनको सफलता मिल गई थी।

हारने के बाद भी अमेठी ना छोड़ने से तुलसी से दीदी बन गई। वर्ष 2019 के चुनाव में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे राहुल गांधी को स्मृति ने 55,120 वोटों के अंतर से हरा कर इतिहास रच दिया। उन्हें निर्वाचन क्षेत्र में 49.71 प्रतिशत वोट मिले, जबकि राहुल गांधी को 43.86 प्रतिशत वोट मिले। उसके बाद से स्मृति लगातार अपने संसदीय क्षेत्र में सक्रिय हैं और लगातार तीसरी बार अमेठी से चुनावी मैदान में उतरी हैं।

### परिवारवाद से बाहर निकली कांग्रेस

राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा के अमेठी से चुनाव लड़ने के खबरों के बीच कांग्रेस ने गांधी परिवार के करीबी किशोरी लाल शर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। गांधी परिवार से प्रत्याशी न होने पर कांग्रेस के ऊपर परिवारवाद के आरोपों को भुनाने का मौका बीजेपी को नही मिलेगा। किशोरी लाल शर्मा को टिकट देकर यह सन्देश देने की कोशिश की गई है कि कांग्रेस पार्टी में परिवारवाद नहीं है।

### कांग्रेस को तीन चुनावों में मिली है हार

अमेठी लोकसभा क्षेत्र से गांधी परिवार ने वर्षों तक प्रतिनिधित्व किया है। अमेठी सीट जब से अस्तित्व में आई थी, तब से ये कांग्रेस या कहें कि गांधी परिवार का ही कब्जा रहा है। वर्ष 1977, 1998 और 2019 को अगर छोड़ दें, तो यहां से हमेशा कांग्रेस की जीत हुई है।

# तीन घरों से नकदी और लाखों के आभूषण चोरी

## चोरी की बढ़ती वारदातों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल

शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार।** थाने से एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित शिवगढ़ नगर पंचायत के मनऊखेड़ा गांव में बेखौफ चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाकर 32 हजार रुपए नगदी सहित साढ़े 7 लाख रुपए से अधिक के आभूषण पार कर दिया। एक ही रात हुई चोरी की तीन वारदातों से गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है।

पीड़ितों के मुताबिक मंगलवार की सुबह जब सुधा तिवारी पत्नी राकेश तिवारी घर के अन्दर जाकर देखा तो उनके कमरे और बक्से का ताला टूटा था। कमरे में सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। बक्से में रखे करीब डेढ़ लाख के सोने-चांदी के आभूषण गायब थे। उसके शोर मचाने की आवाज सुनकर उठे परिजनों ने जब बेटे अविनाश तिवारी, बेटे आलोक तिवारी के


चोरी के बाद कमरे में बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

कमरों और अलमारी का ताला टूटा देखा तो उनके होश उड़ गये। अविनाश तिवारी की अलमारी में रखे 2 लाख रुपये के सोने चांदी के आभूषण एवं नगदी गायब थी। आलोक तिवारी की अलमारी में रखे करीब 2 लाख के सोने-चांदी के आभूषण और नगदी गायब थी। सुधा तिवारी, अविनाश तिवारी, आलोक तिवारी के कमरे में हुई नगदी चोरी को मिलाकर कुल 25 हजार रुपये की नगदी चोरी हुई है। चोरों ने गांव के ही रहने वाले प्रकाश नरायण तिवारी के घर को निशाना बनाकर 7 हजार रुपये नगदी सहित 2 लाख रुपए से अधिक के सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिया। गांव के ही राजेंद्र बाजपेई के घर में कमरे और अलमारी का ताला तोड़कर चांदी के आभूषण व अन्य कीमती सामान पार कर दिया। जिस समय राजेंद्र वाजपेई के घर में चोरी हुई उनका पूरा परिवार लखनऊ में था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल ने बताया कि जांच की जा रही है जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

## मंदिर से लौट रहे व्यक्ति पर जानलेवा हमला, रेफर

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** मंगलवार की सुबह लगभग 8 बजे के आसपास मंदिर से दर्शन कर लौट रहे युवक पर अज्ञात लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बछरावां नगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 कुटी मोहल्ला के रहने वाले अनुज कुमार पुत्र राजीव (36 वर्ष) मंगलवार की सुबह अपनी 2 वर्ष की बेटी के साथ प्रतिदिन की तरह पास में ही स्थित बुलाकेस्वर मंदिर से पूजा अर्चना करने के बाद वापस आ रहे थे। रास्ते में 3 से 4 लोगों ने उनके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में घायल युवक के परिजन सूचना पाकर मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# गेहूं खरीद केंद्रों पर पसरा रहा सन्नाटा


गेहूं खरीद केंद्र पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

राही, रायबरेली

- 48 दिन बाद भी नहीं हुई अपेक्षित खरीद
- सरकारी खरीद और बाजार भाव में मामूली अंतर

**अमृत विचार।** तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद भी गेहूं खरीद केंद्रों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। डेढ़ माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी गेहूं क्रय केंद्र पर सीमित तौल ही हो पाई है।

ब्लाक क्षेत्र में पीसीएफ द्वारा उत्तरपारा, सनही सेमरा, खुरहटी गोंदवारा सहित कुल पांच बहुउद्देशीय प्राथमिक समितियों को गेहूं खरीद केंद्र बनाया गया है। उत्तरपारा समिति को यदि छोड़ दिया जाए तो अन्य केंद्रों में मामूली खरीद हुई है। किसानों का कहना है कि खरीद केंद्र पर 2275 रुपये प्रति कुंतल गेहूं खरीद होती है जबकि इसी रेट में घर से गेहूं बिक रहा है और पैसे भी नकद मिल रहे हैं। उत्तरपारा केंद्र प्रभारी रविकांत शुक्ला ने बताया कि अब तक 12सौ कुंतल गेहूं की खरीद हो चुकी है। बाजार भाव और सरकारी रेट में अंतर न होने से खरीद प्रभावित हुई है। प्रयास कर खरीद को बढ़ाया जाएगा।

# मेधावी हुए सम्मानित

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** बाबू एलपीएस पब्लिक स्कूल हरचंदपुर में मंगलवार को ब्लूम स्कूल ओलंपियाड में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रार्थना सभा में सम्मानित किया गया। ब्लूम स्कूल ओलंपियाड परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम व द्वितीय स्थान विद्यालय के दो छात्राओं में क्रमशः कक्षा 4 की छात्रा शिवानी रावत व अर्पिता सिंह ने प्राप्त किया। बच्चों के बेहतर प्रदर्शन पर विद्यालय परिवार व समिति के सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के विशिष्ट सलाहकार विकास श्रीवास्तव व उप प्रधानाचार्या साजिया ने ब्लूम स्कूल ओलिंपियाड



मेधावी छात्रा को सम्मानित करते शिक्षक।

में प्रतिभाग करने वाले मेधावी बच्चों को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय स्तर में नूतन सिंह कक्षा 8 की छात्रा ने प्रथम व कक्षा 5 की छात्रा शिक्षा सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विशिष्ट सलाहकार एडवोकेट विकास श्रीवास्तव व उप प्रधानाचार्या शाजिया ने मेडल ब्लूम स्कूल ओलंपियाड के सदस्यों को मेडल पहनकर सम्मानित किया गया।

## 'अमृत विचार' की मुहिम | मेरा मत, मेरा भविष्य को लेकर किया जागरूक

रायबरेली, अमृत विचार। शहर के राजकीय इंटर कालेज की कक्षा 8 की छात्रा काव्या गुप्ता ने अपनी कलाकृति के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया है कि मतदान बहुत जरूरी है। मेरा मत मेरा भविष्य- को लेकर बताया है कि मतदान अपने भविष्य के लिए जरूर करें। आपके भी मन में मतदान को लेकर कोई सवाल गूंज रहा है तो उसे अमृत विचार समाचार पत्र में भेज सकते हैं। आपकी कलाकृतियों के माध्यम से सवाल और जवाब प्रकाशित किया जाएगा। 20 मई को होने वाले चुनाव में जिला प्रशासन की मतदान प्रतिशत बढ़ाने की मुहिम में आप भी अपनी भागीदारी कर सकते हैं। अपनी कलाकृतियों को




ई-मेल आईडी avrbl@gmail.com या व्हाटसएप नंबर 9140826999 पर भेज सकते हैं।

## चार पर मारपीट का आरोप, केस दर्ज

**महराजगंज, रायबरेली- अमृत विचार।** घर के छत की सटरिंग लगा रहे पिता-पुत्र को गांव के ही चार लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। पहरेमऊ गांव निवासी राम सागर रावत ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मंगलवार को वह अपने घर में छत की सटरिंग लगा रहा था। इसी दौरान रंजिशन गांव के ही चंद्रप्रकाश उर्फ बल्ला पुत्र बाबू ने अपने तीन पुत्रों सूरज,सुरेंद्र, अजय प्रकाश के साथ मिलकर उसे लाठी डंडों से पीटा। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर करवाई शुरू कर दी गई है।

## ऊंचाहार में पेड़ काटने पर केस

**रायबरेली, अमृत विचार।** दो दिन पूर्व रात के अंधेरे में शीशम के हरे पेड़ों को काटने के मामले में वन विभाग ने गांव के एक व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया जाता है कि गांव के मुख्य चौराहा पर स्थित आठ पेड़ों को अवैध रूप से काटा गया था।मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव सलीमपुर भैरों का है। वन रक्षक अखिलेश यादव ने यह मुकदमा दर्ज कराया है। प्राथमिकी में बताया गया कि गांव के पास स्थित आठ शीशम के पेड़ों को रात में अवैध रूप से काटा गया है।ग्रामीणों ने बताया कि यह पेड़ गांव के हरिमोहन जायसवाल ने काटा है। इसी आधार पर उसके विरुद्ध केस दर्ज कराई गई है।

# मेरा आंगन मेरी हरियाली मुहिम की शुरुआत

ऊंचाहार,रायबरेली

**अमृत विचार।** पौधरोपण को बढ़ावा देने के लिए नगर पंचायत ने रविवार को मेरा आंगन मेरी हरियाली मुहिम की शुरुआत की। इसमें विशेषकर बच्चों को गर्मी में छुटि्ट्यों के दौरान विशेष भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं बच्चों को पौध रोपण होमवर्क की जिम्मेदारी दी गई है।

नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि कृष्ण चंद्र जायसवाल ने बताया कि पौध रोपण को बढ़ावा देने और इसमें लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मुहिम शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि मई और जून माह में बच्चों


पौधरोपण करते लोग। अमृत विचार

को बतौर होमवर्क पौधे लगाने और उनकी देखभाल के लिए प्रेरित किया जाएगा। एक जुलाई से शुरू हो रहे पौध रोपण अभियान से इस अभियान को जोड़कर मुहिम को धार दी जाएगी। मंगलवार को पौधरोपण में ब्रांड एंबेसडर अंजू यादव, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी शिकंदरा दित्य, प्रोजेक्ट एनालिस्ट आशीष सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर सहायक अध्यापक अनुजा, आंगन बाड़ी कार्यकत्री लक्ष्मी गुप्ता, सहायिका कैशरजहां, शिक्षा मित्र हरीश कुमार, नौशाद अली, इस्तियाक आदि मौजूद थे।

# मतदाता पहचान पत्र के अलावा 12 दस्तावेज मान्य

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अधिकारी हर्षिता माथुर ने 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदाता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के रूप में 12 वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची जारी कर दी है।

उन्होंने कहा कि यदि मतदाता के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है पर मतदाता सूची में उसका नाम है तो वह अपनी पहचान दिखाने के लिए 12 वैकल्पिक पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र,बैंक व डाकघर पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों व एमएलसी को जारी किए गए आईडी में से किसी एक दस्तावेज को दिखाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है।

**विश्लेषण** | भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस लगातार सोशल मीडिया पर हैं सक्रिय

# सियासी जंग में सोशल मीडिया बना नेताओं का सहारा

धर्मेन्द्र प्रधान

**रायबरेली, अमृत विचार।** रायबरेली संसदीय सीट के लिए वैसे तो मतदान 20 मई को होना है, लेकिन जिले का सियासी पारा मतदान की तारीख नजदीक आते-आते गर्म होने लगा है।

रायबरेली संसदीय सीट से कांग्रेस से जहां पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी चुनावी मैदान में है, तो वहीं भाजपा से प्रदेश सरकार के मंत्री व प्रदेश में मजबूत पकड़ रखने वाले दिनेश प्रताप सिंह, बसपा से ठाकुर प्रसाद यादव व अपना दल कमेरावादी से मो. मोवीन सहित आठ प्रत्याशी चुनावी मैदान में है, लेकिन आधुनिकता के बदलते दौर में सोशल मीडिया चुनावी प्रचार-प्रसार का एक बेहतर माध्यम भी बना हुआ है।

राजनैतिक दलों के नेताओं द्वारा जन-जन तक अपनी बात पहुंचाने के लिए फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, यूट्यूब और अन्य प्लेटफार्मों पर प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया गया है। राजनैतिक पार्टी के समर्थकों द्वारा इन प्लेटफार्मों पर बराबर प्रतिक्रियाएं भी दी जा रही हैं।

कई बार तो प्रतिक्रियाओं को लेकर छिड़ी रार काफी आगे तक निकल जाती है। पहले कभी दौर था कि गांवों में लाउडस्पीकर, झंडा, बिल्ला-पोस्टर लेकर प्रत्याशी या उसके समर्थकों द्वारा जोर शोर से प्रचार किया जाता था, लेकिन बदले जमाने ने सब कुछ खत्म कर दिया है।

अब तो नेताओं ने सोशल मीडिया को ही अपना हथियार बना रखा है और इसके माध्यम से वह आसानी से मतदाताओं के बीच में पहुंच भी रहे हैं, जहां नेता को पहुंचने में घंटों का वक्त लगता था, वहां अब चंद मिनटों में उनकी पोस्ट पहुंच जाती है।

इन पोस्टों से लोगों की प्रतिक्रियाएं भी आने लगती हैं। राजनैतिक दलों की बात करें तो भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस सोशल मीडिया में काफी सक्रिय है। इन पार्टियों द्वारा लगातार लोगों तक अपना मार्मिक मैसेज देकर उन्हें अपने पाले में लुभाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। राजनैतिक दलों के सोशल मीडिया वैरियर्सों द्वारा लगातार सोशल मीडिया पर निगरानी रखी जा रही है।

### सोशल मीडिया से युवा मतदाताओं को रिझाने का प्रयास

**रायबरेली।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से प्रत्याशियों द्वारा युवा मतदाताओं को अपने पाले में लाने के लिए रोज नए-नए पोस्ट किये जाते हैं। सोशल मीडिया अब इतना बड़ा माध्यम बन गया है कि नेता की कहीं पर भी मीटिंग, बैठक या अन्य कार्यक्रम हों उन सबकी जानकारी सबसे पहले विविध माध्यमों से मोबाइलों तक पहुंच जाती है। इसमें युवाओं का काफी अहम रोल है और युवाओं के जरिये प्रत्याशियों द्वारा सियासी जंग जीतने की पुरजोर कोशिश की जा रही है।




## आग से गृहस्थी जल कर राख

**महरागंज, रायबरेली, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के कुतुबपुर बरेंदा मजरे बहादुर नगर में शार्ट-सर्किट से मंगलवार की तड़के भीषण आग लगने से गृहस्थी का सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गांव निवासी रामकृपाल पुत्र सेमई के घर में तड़के सुबह शार्ट-सर्किट से लगी भीषण आग में लाखों का सामान जलकर हुआ नष्ट हो गया। सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने क्षति का आकलन कर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी है। मौके पर पहुंचे प्रधान प्रतिनिधि संतोष सिंह ने कहा कि पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाई जाएगी।

## सार-संक्षेप

### आर्यन ने बढ़ाया गौरव, परिवार में खुशी की लहर

**संवाददाता, रायबरेली।** सेंट पीटर्स स्कूल हाई स्कूल के छात्र आर्यन उमेश दीक्षित ने 94.13 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का गौरव बढ़ाया है। आईसीएसई परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद परिजन खुशी से झूम उठे। छोटी बाजार के रहने वाले पिता उमेश दीक्षित और मां श्वेता दीक्षित ने कहा कि आर्यन शुरू से ही काफी मेधावी था। उसने बिना किसी दबाव के तैयारी की। आर्यन ने सफलता के लिए श्रेय गुरुजनों और माता पिता को दिया है। कहा की अनुशासित तरीके से तैयारी करके यह सफलता हासिल की है। अच्छे अंक पाने के लिए कोई शॉर्टकट नही है। प्रत्येक विषय का पूरे मनोयोग से अध्ययन करना चाहिए।


छात्र आर्यन।

### ट्रक की टक्कर से घायल युवक की अस्पताल में मौत

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** लालगंज अटल चौक गांधी चौराहे पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। क्षेत्र के गांधी चौराहे के पास तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल सूरज कुमार पुत्र सत्यनारायण निवासी चक मलिक भीटी थाना डलमऊ को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दुर्घटना करने वाले ट्रक को कब्जे में लिया गया है।

### दो पक्षों में चलीं लाठियां, आधा दर्जन लोग घायल

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** जानवरों को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। मामले में एक पक्ष द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के ओनई जंगल गांव निवासी पंकज कुमार व उनके पड़ोसी श्रीराम के बीच जानवरों को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में जमकर लाठियां चटकी। एक पक्ष के पंकज कुमार उसकी बहन पूनम व बड़ी बहन हेमपुष्पा व भांजा आदित्य गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरे पक्ष से श्रीराम पुत्र रामसेवक व उसकी बेटी मनीषा को भी गंभीर चोटे आई हैं। एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को सीएचसी महराजगंज लाया गया, जहां प्रथम पक्ष की पूनम तथा दूसरे पक्ष के श्रीराम को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज जारी है। मामले में कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि पंकज कुमार से मिली तहरीर पर सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। दूसरे पक्ष से प्रार्थना पत्र नहीं मिला है।

### टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करने पर बच्चे सम्मानित

**सूची, रायबरेली, अमृत विचार।** बीएसएम पब्लिक स्कूल गढ़ी चौराहा सूची में जनरल नॉलेज के टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 25 बच्चों ने भाग लिया। इसमें प्रसन्न सिंह ने प्रथम, जय त्रिपाठी सेकेंड व शुभ ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान उन्हें मेडल देकर सम्मानित किया गया। टेस्ट का आयोजन ट्विंकल, नेहा और मानसी के मार्ग दर्शन में किया गया। इस मौके पर प्रबंधक शशिधर सिंह ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली


बीएसएम पब्लिक स्कूल में सम्मानित किए गए मेधावी। अमृत विचार

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** कस्बा स्थित पंडित जालिपा प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली। इस दौरान लोगों से शत-प्रतिशत वोट करने की अपील की गई। मंगलवार को जगतपुर कस्बा के पंडित जालिपा प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र तिवारी ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें छात्राओं ने 20 मई को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### मेधा सम्मान समारोह 10 को

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** बैसवारा महाविद्यालय में मंगलवार को प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्राचार्य, प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के इंटरमीडिएट उत्तीर्ण, 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं को बैसवारा महाविद्यालय में 10 मई को लेक्चर थियेटर में सम्मानित किया जाएगा। महाविद्यालय के प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि बैसवारा एजुकेशन ट्रस्ट के द्वारा वैसवारा डिग्री कॉलेज में आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता भी दी जाती है।

### सत्संग का किया गया आयोजन

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** मंगलवार को जगतपुर के संत निरंकारी सत्संग भवन में सत्संग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महात्मा पूनम ने की। उन्होंने कहा कि जिन्हें प्रेम करना आ गया, उनके लिए प्रभु प्राप्त बहुत ही सहज हो जाता है। जीवन को सार जिस चीज में मिलता है। वह प्रेम है। वह कोई सौदेबाजी वाला प्रेम नहीं है। इस मौके पर बसंत लाल, रज्जन, रतिपाल, राज, राम-लखन, वंदना, ऊषा आदि लोग मौजूद रहे।

### हर्षोल्लास से मनी रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती


रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के अवसर पर मौजूद बच्चे और शिक्षक।

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य कमल वाजपेयी ने रवीन्द्रनाथ टैगोर के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राजीव मिश्रा, सौरभ श्रीवास्तव, अनिमेष मिश्रा, सुरेन्द्र प्रजापति, आदर्श शुक्ला, अभिषेकराज त्रिपाठी, अलोक यादव, लवलेश सिंह, मंजू सिंह, अमित सिंह, अनुपम सिंह, लक्ष्मी सिंह, साधना सिंह, शालिनी सिंह, ज्योति जायसवाल, ज्योति सिंह, फातिमा, रूचि सिंह, जय सिंह, राधा शुक्ला सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व अन्य लोग मौजूद रहे।

### प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर भंडारा आज

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** देवधाम श्रीसिद्धेश्वर महादेव के जीर्णोद्वार एवं प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बुधवार को भंड़ारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजक कालीशंकर द्विवेदी ने सभी श्रद्धालुओं से भंडारे में पहुंचने की अपील की है।

### बाइक सवार महिला गिरी, घायल

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** तेज धूप एवं उमस के कारण चक्कर आने से बाइक सवार एक महिला दुर्घटनाओं का शिकार हो गई। मंगलवार को अनीता पत्नी विकास कुमार निवासी दरेहटा अपने पति के साथ गांव जा रही थी। अत्यधिक धूप से रास्ते में चक्कर आ जाने से वह मोटर साइकिल से गिर गई जिससे वह घायल हो गई। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया, जहां प्रभारी चिकित्सक प्रभात मिश्रा के द्वारा उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

### दीपेंद्र गुप्ता बने स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर

**लालगंज, रायबरेली।** कस्बे को स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में उच्च रैंकिंग प्राप्त कराने के लिए नगर पंचायत लालगंज द्वारा स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए ब्रांड एंबेसडर दीपेंद्र कुमार गुप्ता को नामित किया गया है। अधिशासी अधिकारी राजभान शुक्ला द्वारा दीपेंद्र कुमार गुप्ता को वरिष्ठ लिपिक वीरेंद्र यादव व मनोज कुमार द्वारा मनोनयन पत्र प्रदान कर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सरिता गुप्ता, जीतू सिंह, कुलदीप अग्रहरि,अमितेश गुप्ता,मो इसरार आदि लोग मौजूद रहे।

# रिश्तों की डोर से रायबरेली-अमेठी को साध रहीं प्रियंका गांधी

संवाददाता, रायबरेली,

- भावनात्मक रिश्ते को आगे कर मांगा समर्थन
- आज कई नुक्कड़ सभाओं को करेंगी सम्बोधित

**अमृत विचार।** रायबरेली के लोगों से भावनात्मक रिश्तों की डोर को जोड़ने, अपना परिवार बताने वाली कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी इन दोनों रायबरेली के दौरे पर हैं। रायबरेली से राहुल गांधी चुनावी मैदान में है। प्रियंका गांधी ने चुनाव प्रचार की कमान संभाल रखी है। राहुल के नामांकन के बाद रायबरेली आई प्रियंका ने भुएमऊ गेस्ट हाउस में सोमवार को देर रात तक कार्यकर्ता सम्मेलन में गांधी परिवार व रायबरेली वालों के रिश्तों की दुहाई का जिक्र करते हुए रिश्तो को आगे बढ़ाने की बात कही।


कांग्रेस स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी।

कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से उन्होंने संसदीय क्षेत्र की सियासी आब-ओ-हवा को भी पढ़ा। वह कई बार आक्रमक हुई तो कई बार रिश्तों की दुहाई दी। सामाजिक मुद्दों को लेकर चर्चा में आई प्रियंका इन दिनों काफी सख्त है। रायबरेली के साथ अमेठी के बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता सम्मेलन में जुटे थे। उन्होंने सम्मेलन में कहा कि रायबरेली से उनके परिवार का गहरा नाता रहा है हर समय रायबरेली के लोग उनके परिवार के साथ रहे है। रायबरेली के लोगों के बिना परिवार अधूरा रहता है। कांग्रेस की स्टार प्रचार के जोशीले और रिश्तों के भाषण सुन एक बार फिर कांग्रेसियो में जोश दिखाई पड़ा। मंगलवार सुबह से ही गेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। उन्होंने एक एक कार्यकर्ता से रायबरेली की चुनावी रणनीति पर चर्चा की। आज वह संसदीय क्षेत्र के बछरांवा विधानसभा के कई नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित करेंगी।

### बछरावां से शुरू होगा प्रचार का अभियान

प्रियंका गांधी आज प्रचार के दौरान कई नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करेंगी। वह बछरांवा, महराजगंज व शिवगढ़ ब्लॉक में कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित करेंगी। प्रियंका गांधी भाई राहुल गांधी की चुनावी प्रचार की कमान संभाल रहीं है। वह नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से कार्यकर्ताओ में जोश भरेंगी।

# अधिकारी गंभीरता से पालन करें चुनाव आयोग की गाइडलाइन : प्रेक्षक

## राजनीतिक दलों के साथ सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षकों ने की बैठक

संवाददाता, रायबरेली


बचत भवन सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते सामान्य प्रेक्षक प्रियातू मंडल, मौजूद राजनीतिक दलों के पदाधिकारी।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के अंतर्गत जनपद में आए हुए सामान्य प्रेक्षक प्रियातू मंडल ने बचत भवन सभागार में नामांकन के उपरांत वैध पाए गए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत बचत भवन सभागार में बैठक की।

प्रियातू मंडल ने निर्देश दिए कि चुनाव आयोग की गाइडलाइन का गंभीरता से पालन किया जाए। सभी राजनीतिक दल अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को भी आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन कराने का निर्देश दें। क्योंकि जाने अनजाने में आचार संहिता का उल्लंघन होने पर उसका खामियाजा संबंधित राजनीतिक दल को उठाना पड़ता है। पुलिस प्रेक्षक बाबूलाल मीना ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि अगर कहीं पर भी आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा हो तो प्रशासन को अवश्य अवगत कराए, जिससे कि समय रहते उसका निराकरण कराया जा सके। व्यय प्रेक्षक शैलेन समद्दर ने निर्देश दिए की राजनीतिक दल निर्वाचन के दौरान अपने खर्चों का विवरण अवश्य उपलब्ध कराएं। दल अपने प्रचार प्रसार के लिए इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट, सोशल मीडिया, पंपलेट या अन्य कोई माध्यम जिनकी अनुमति आयोग द्वारा दी गई हो उसका भी व्यय विवरण उपलब्ध कराएंगे। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण डॉ भावना श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नवीन कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# किसान के साथ बैंक दलाल ने की धोखाधड़ी

ऊंचाहार, रायबरेली,

- बैंक से निकाले दो लाख रुपए, पुलिस से की शिकायत

**अमृत विचार।** एक किसान के साथ बैंक के दलाल ने धोखाधड़ी कर ली। उससे ऋण के लिए कागजात हासिल करके बैंक से तीन लाख रुपए कृषि ऋण स्वीकृत कराया, फिर अधिकारियों से मिलकर फर्जी हस्ताक्षर करके दो लाख रुपए हड़प कर लिए। अब मामले का खुलासा होने पर पीड़ित किसान ने कोतवाली में शिकायत की है।

मामला यूनाइटेड बैंक की चड़रई शाखा का है। क्षेत्र के गांव पूरे बेसन मजरे सरेनी निवासी किसान दशाराम का कहना है कि बैंक के एक दलाल ने उसे ऋण दिलाने के लिए सन 2019 में उससे कागजात हासिल किए थे। उसके बाद उसने उसकी भूमि संख्या 342 को बंधक बनाकर उस पर तीन लाख रुपए का ऋण स्वीकृत कराया। ऋण मंजूर होने के बाद उसने बैंक अधिकारियों से मिलकर फर्जी हस्ताक्षर बनाकर उसके खाते से दो लाख रुपए का आहरण कर लिया।

इसकी उसको जानकारी नहीं हो पाई। दो साल बाद जब बैंक की नोटिस उसके पास पहुंची तब उसको पूरी जालसाजी का पता चला। इसके बाद जब दलाल से जानकारी चाही तो उसने पैसा वापस करने के लिए अलग-अलग तिथि की तीन चेकें दी। जिसमें से दो चेकें धनाभाव के कारण बैंक से बाउंस हो गई है। पीड़ित का कहना है कि दलाल अब आनाकानी कर रहा है। उधर बैंक ऋण उस पर बढ़ता जा रहा है। पीड़ित ने मंगलवार को मामले की शिकायत कोतवाली में की है।

## सार-संक्षेप

### रवीन्द्रनाथ टैगोर की मनाई गई जयंती


न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में रवीन्द्रनाथ टैगोर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते बच्चे।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में उच्च कोटि के साहित्यकार, दार्शनिक गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने टैगोर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। विद्यालय के शिक्षक प्रमान्शु श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार शर्मा और छात्रा ईशानी त्रिपाठी द्वारा टैगोर के जीवन से सम्बन्धित अनेक जानकारियों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। इस अवसर पर कई लोग उपस्थित रहे।

### भाजपा प्रत्याशी ने जनसंपर्क कर मांगा समर्थन


जनसभा को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को महराजगंज विकास खंड के कई गांवों में जनसंपर्क किया। ग्रामसभा में जनई, दौतरा, टीसाखानपुर, ज्योना, कुसमौरा, कुसमौरा, मोन, मुरैना, ताजुद्दीनपुर, मऊ, सिकन्दरपुर, जमोलिया, कोटवा मोहम्मदाबाद, बारी गोहन्ना, सिरसा, मांझगांव, जमुरावा सहित दर्जनों गांवों का भ्रमण कर के मोदी सरकार की उपलब्धियों को और देश और समाज के लिए किये हुए कार्यो को विस्तार से बताते हुए इस चुनाव में लोगो से आर्शीवाद मांगा। इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शुक्रिया मोदी भाईजान कार्यक्रम आयोजित


कार्यक्रम में शामिल मुस्लिम महिलाएं। अमृत विचार

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी अल्प संख्यक मोर्चा शुक्रिया मोदी भाई जान कार्यक्रम जिला कार्यालय अटल भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष मो. शरीफ की अध्यक्षता में सैकड़ो मुस्लिम महिलाओं ने देश के प्रधानमंत्री मोदी को बधाई संदेश भेजा। संयोजक शिवेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र सरकार की 44 योजनाओं का लाभ देने में कभी भी धर्म हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई में भेद भावना न करके "सबका साथ" सबका विकास" सबका विस्वास" की भावना के साथ समान रूप से लाभ प्रदान किया। कार्यक्रम में सभासद सहरे आलम, सरदार परमजीत, मो. शलीम, मो. मोवीन खान, अंजुम, खुशबू, शकीना बनो, गुंजन, बेगम अंजुम, रुखसार, मो. जहीर, नजमा बेगम, गुलजार बनो, रजिया, रियाज सहित सैकड़ो मुस्लिम महिलाएं मौजूद रहीं।

## किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

**उन्नाव।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी मां ने तीन पड़ोसियों पर अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने इसकी शिकायत एसपी कार्यालय में की है।

बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी की मां ने मंगलवार को एसपी कार्यालय में दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उसकी बेटी से तीन युवक डरा धमका कर छेड़छाड़ कर रहे थे। बताया कि 26 अप्रैल को वह कानपुर गई थी। इसी दौरान बेटी को पड़ोस के तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया।

# स्टेशन पर पकड़ा अवैध किचन, निरीक्षक निलंबित

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


टिकट काउंटर का निरीक्षण करतीं वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बीती मध्य रात्रि वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने गर्मी के मद्देनजर यात्रियों को पौष्टिक व स्वास्थ्यवर्धक खान-पान सामग्री और गुणवत्तापूर्ण यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्यसे रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अनाधिकृत कैंटीन में छापेमारी करते हुए सामान जब्त कराया और वाणिज्य निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दो अन्य निरीक्षकों को लखनऊ तलब किसा। साथ ही टीम भेजकर गहन जांच कराई।

बीती आधी रात वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक स्वयं यहां रेलवे स्टेशन पहुंच गईं। उन्होंने बिना किसी को अपना परिचय दिए स्टेशन में स्थापित खान-पान के विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। इसके बाद टिकट बुकिंग व पूछताछ कार्यालय सहित महिला व पुरुष यात्री प्रतीक्षालयों का जायजा भी लिया। इसके बाद उन्होंने सहायक स्टेशन मास्टर व पूछताछ कार्यालय में कार्यरत स्टाफ को अपना परिचय देते हुए विभिन्न जानकारियां प्राप्त कीं। उन्होंने प्लेटफार्म नंबर पांच की बाउंड्री से लगी अवैध किचन में छापा मारकर आरपीएफ व जीआरपी स्टाफ को मौके पर मिला सामान कब्जे में लेने के निर्देश दिए। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने पकड़ी गई किचन से यात्री गाड़ियों में सवार यात्रियों को अनाधिकृत रूप से खान-पान सामग्री बेचने को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए तत्काल प्रभाव से वाणिज्य निरीक्षक को निलंबित कर दिया। साथ ही मुख्य टिकट निरीक्षक व मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक को लखनऊ स्थित मंडल मुख्यालय तलब किया है। उच्चाधिकारी के निर्देश पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक व मंडल की कैटरिंग अनुभाग की टीम ने मंगलवार को जांच की।

## शटरिंग मिस्त्री ने फंदे से लटककर की खुदकशी

**उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के केवाना गांव निवासी शटरिंग मिस्त्री का शव उसके घर में गमछे के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। केवाना निवासी रामसिंह उर्फ कल्लू यादव (35) शटरिंग कारीगर था। उसके द्वारा नशे में अक्सर मारपीट करने से ऊबी पत्नी ऊषा दो साल पहले सात साल के बेटे रौनक के साथ मायके चमरौली चली गई थी। मंगलवार को राम सिंह का शव गमछे के फंदे से लटक मिला। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसएचओ अवनीश सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# छेड़छाड़ के आरोपी को मिली दो साल की सजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र में महिला से छेड़छाड़ के आरोपी को कोर्ट ने दो साल की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने उस पर 10 हजार का जुर्माना भी लगाया है। बता दें कि फतेहपुर चौरासी गांव निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह घर के बाहर बरामदे में लेटी थी। तभी थानाक्षेत्र के कुम्हारखेड़ा गांव निवासी सोनू वहां आया और उसे बुरी नियत से दबोच कर छेड़छाड़ करने लगा। शोर सुन आए पड़ोसियों को देख वह भाग निकला था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सात अगस्त-2018 को आरोपी को गिरफ्तार किया था। आईओ धर्मेंद्र सिंह ने 14 सितंबर-2018 को कोर्ट में आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की थी। मंगलवार को एडीजे रवि प्रकाश साहू ने शासकीय अधिवक्ता दीपक कुमार मिश्रा की दलील व साक्ष्य पर सोनू को दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा दी।

## छमकनाली पुलिया के पैनल बेस तैयार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित छमकनाली 108 और 109 पुलिया जर्जर होने के कारण रेलवे विभाग ने दोनों पुलियों के जीर्णोद्धार का काम शुरू कराया है। जिसके बाद पिलर के कॉलम बनाने का काम कराया जायेगा। जिसके बाद पैनल शिफ्टिंग के लिये मेगा ब्लॉक लिया जायेगा। डाउन लाइन स्थित छमनाली की 108 और 109 पुलिया के जर्जर रेल पैनल बदले जाने हैं। रेलवे की कार्यदायी स्वास्तिक कंपनी के सुपरवाइजर रामगोपाल मौर्य ने बताया कि पुलिया बेस बनाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। इसके बाद कॉलम पिलर और टॉप पैनल बनाने का काम शुरू करा दिया गया है।

## मंदिर में हुई हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

**सेमरी,रायबरेली, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र की सेमरी पुलिस चौकी में बने नवनिर्मित मंदिर में हनुमान जी की विधि विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर मंदिर में मौजूद सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गए। जिसमे काफी संख्या में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। विधि विधान के साथ हवन पूजन कर प्रतिमा की स्थापना की गई। पंडित पप्पू शुक्ला द्वारा हनुमान जी की प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक कर विधि विधान से प्रतिमा को विराजित किया गया। सेमरी सहित आसपास के ग्रामीण श्रद्धालुओ ने इस धार्मिक आयोजन में भाग लेकर प्रसादी ग्रहण कर प्रभु श्री राम व हनुमान के जयकारे लगाए। प्राण प्रतिष्ठा में खीरों थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया, सेमरी चौकी इंचार्ज ब्रजेंद्र सिंह, विजय सिंह, पंकज सिंह, जितेंद्र सिंह, मुकेश तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# रात में चार तो दिन में तीन घंटे लगा जाम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- पीक ऑवर में संकरे रास्ते से ई बसों के निकलने से लग रहा जाम
- तेज धूप होने से जाम में फंसे लोग बिलबिलाए

**अमृत विचार।** सोमवार शाम को नवीन पुल पर इस कदर जाम लगा रहा कि देर रात तक वाहन सवार जाम का दंश झेलते रहे और सोशल मीडिया पर जाम को लेकर जिम्मेदारों पर अपनी भड़ास निकालते रहे। जाम में तमाम एम्बुलेंस फंसी रही। इसी तरह मंगलवार को सुबह से लेकर दोपहर तक जाम लगा रहा। जिससे तेज धूप में वाहन सवार बिलबिला उठे।

नवीन पुल पर वाहनों का भार और फुटपाथ पर लगी सब्जी मंडी के कारण सोमवार शाम करीब छह बजे से जाम लगना शुरू हो गया। जिस कारण पुल ठसाठस वाहनों से भर गया। जाम को देख वाहन सवारों ने अपने वाहन फुटपाथ पर चढ़ा दिए। जिससे फुटपाथ पर भी जाम लग गया। जाम के कारण दोपहिया, चौपहिया, टेम्पो, ई रिक्शा के अलावा अन्य वाहन सवार कतारों में खड़े रहे। शुक्लागंज सब्जी मंडी से लेकर कानपुर झाड़ी बाबा पड़ाव तक भीषण जाम लगा रहा। रात करीब साढ़े दस बजे के बाद जाम हट सका। इसी तरह मंगलवार सुबह नौ बजे भी संकरे रास्ते और वाहनों का भार बढ़ने के कारण एक बार फिर जाम लग गया। नवीन पुल से लेकर फोरलेन तक लगे जाम में हर कोई कराह उठा। तेज धूप होने से जाम में फंसे लोग बिलबिला उठे।

### कानपुर पुलिस ने हटवाईं फुटपॉथ से दुकानें

सोमवार शाम से लेकर देर रात तक लगे भीषण जाम को देखते हुये मंगलवार शाम को कानपुर पुलिस ने कानपुर के छोर ककड़ी, खीरा, तरबूज के अलावा अन्य लगी दुकानों को बलपूर्वक हटवाया। वहीं शुक्लागंज की ओर फुटपॉथ पर सब्जी मंडी सजी रही। जिससे शाम को एक बार फिर जाम की स्थिति बनी रही।

### सड़क चौड़ीकरण और ई-बसों को बंद करने की उठी मांग

बालूघाट मोड़ से लेकर नवीन पुल तक का मार्ग संकरा होने के कारण रोजाना ई बसों के निकलने के कारण जाम लग रहा है। जिससे जाम में फंसे लोगों ने पीक ऑवर में ई बसों को बंद करने के साथ ही चौड़ीकरण कराने की मांग की है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत उसरू विकास खंड सरेनी जनपद रायबरेली**

पत्रांक/मेमो/ग्राम पं/एस0 एल0 डबल्यू0 एम0/2023–24 दिनांक 19/01/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उसरु में एस0 एल0 डबल्यू0 एम0 योजना के अंतर्गत आर0 आर0 सी0 सेंटर निर्माण कार्य हेतु मौरंग, ईट, गिट्टी, सीमेंट, लोहा, सरिया, कूड़ादान, प्लास्टिक बैंक, स्ट्रीट लाइट, डस्टबिन हेतु सामग्री आदि सामानों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। आपूर्ति हेतु इच्छुक व मान्य आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि के 15 दिन के अंदर कार्यालय ग्राम पंचायत में निविदा जमा कर सकते हैं। अगले कार्यालय दिवस पर सुबह 10 बजे ग्राम पंचायत अधिकारी के समक्ष समस्त निविदाएं खोली जायेंगी। प्रतिबंध नियम व शर्ते व अन्य विवरण हेतु कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

1. एस0 एल0 डबल्यू0 एम0 अन्तर्गत आर0 आर0 सी0 सेंटर (कूड़ाघर) निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री।, 2. टीन, 3. ईट, 4. सीमेंट, 5. सरिया, 6. गिट्टी, 7. टाइल्स, 8. पुट्टी, 9. कमोड सीट, 10. पाइप, 11. पानी टंकी एवं प्राक्कलन के अनुसार समस्त सामग्री।

बृजेश कुमार – सचिव
ग्राम पंचायत उसरू, विकास खंड
सरेनी, जनपद रायबरेली

सावित्री देवी – ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत उसरू, विकास खंड
सरेनी, जनपद रायबरेली

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**
**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
**जी.एन.एम.**
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
**ए.एन.एम.**
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :–
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे पति ने LIC से एक पॉलिसी खरीदी थी। जिसका पॉलिसी नंबर 218353 953 है। जिसमें नामिनी में मेरा नाम श्रीमती भानमती देवी दर्ज है जब कि अन्य अभिलेख में गुड़िया देवी है। जबकि गुडिया देवी व श्रीमती भानमती देवी पत्नी स्वर्गीय मिश्रीलाल वर्मा निवासी ग्राम घांचा बीकापुर मजरा घांचा पूरे कुर्मी पुरवा थाना व तहसील तरबगंज जनपद गोंडा दोनों एक ही व्यक्ति है।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम पूनम सिंह से बदलकर पूनम रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **पूनम पत्नी राम शरन ग्राम विरया पट्टी, पोस्ट भिखारी बाजार, जिला देवरिया 274702**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम शहरुद्दीन साहबदीन अंसारी से बदलकर शहाबुद्दीन रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **शहाबुद्दीन पुत्र साहबदीन इलाही ग्राम बिरउपुर, पोस्ट लखनाहट, थाना नगर, जिला बस्ती**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम नम्रता से बदलकर नम्रता त्रिपाठी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **नम्रता त्रिपाठी पुत्री हरी कृष्णा त्रिपाठी ग्राम व पोस्ट मानीराम, थाना चिलुआताल, जिला गोरखपुर।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम महबूब से बदलकर मिट्ठू रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **मिट्ठू पुत्र अमीर ग्राम घुघली बुजुर्ग पोस्ट बिरैचा थाना घुघली जनपद महाराजगंज पिन कोड 273151**

**सूचना**
पहले मेरा नाम BUTOOL HASANI था अब मैंने बदलकर अपना नाम BATOOL HASANI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/O: YUSUF AL HUSAINI R/O, 602/421, ADNAN PALLI RING ROAD, TV TOWER KAKORI DUBAGGA, LUCKNOW.**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पति विवेक कुमार की पॉलिसी संख्या 216670730 में मेरा नाम गंगोत्री लिखा है । मेरे पति की मौत हो गई है। अब मेरा नाम आधार व बैंक पासबुक में गंगोत्री की जगह सोनम हो गया है। मुझे गंगोत्री व सोनम दोनों नाम से जाना पहचाना जाए। – **सोनम पत्नी स्वर्गीय विवेक कुमार, निवासी– भगवतीगंज बलरामपुर**

**सूचना**
पहले मेरा नाम MOHAMMAD AMMAR SHAIKH था अब मैंने बदलकर अपना नाम SHAIKH MOHAMMAD AMMAR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O SHAIKH MOHAMMAD MANSOOR HUSAIN ADD 266/750 BHADEWAN RAJENDRA NAGAR LUCKNOW.**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं इंद्र बहादुर अपने पुत्र संत राम पाठक उर्फ विनोद कुमार पाठक को उसके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। वह बाहर अज्ञात स्थान पर नौकरी करता है। ऐसे में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से परिवार के लोगों का कोई लेना देना नहीं है। वह अपने कृत्य का स्वयं जिम्मेदार होगा। – **इंद्र बहादुर पाठक पुत्र देवी प्रसाद पाठक, निवासी– रामपुर टेपरा रानीपुर, तहसील– पयागपुर, बहराइच**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **रतीराम पुत्र रामचरन, निवासी– ग्राम गुरौली, परगना व तहसील– बिलग्राम, जिला– हरदोई**, मेरे बचत खाता संख्या 74051010018180 में मेरा नाम रतीराम कुशवाहा अंकित है। जबकि आधार कार्ड संख्या 659165218431 में मेरा नाम रतीराम अंकित है। यहकि रतीराम व रतीराम कुशवाहा एक ही व्यक्ति है। अत: मेरे बचत खाता में मेरा नाम आधार कार्ड के अनुसार अंकित किया जाय।

**सूचना**
मेरे शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम MOHD FARHAAN KHAN S/O MOHD ANAWAR KHAN तथा जन्मतिथि 15/08/1997 दर्ज है, जो सही है। आधार कार्ड, पेन कार्ड में त्रुटिवश नाम, जन्मतिथि गलत दर्ज हो गया है। शैक्षिक अभिलेखों में दर्ज नाम व जन्मतिथि सही मानी व जानी जाए। **मो. फरहान खान पुत्र मो. अनवर खान, ग्राम चचकापुर, तहसील व जिला अमेठी**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मै अपने पुत्र नीरज कुमार यादव एवं पुत्रवधू श्रीमती डिम्पल यादव पत्नी नीरज कुमार यादव के आचरण एवं व्यवहार से परेशान होकर अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ यदि किसी से ये लोग लेन-देन करते हैं या कोई अपराध करते हैं तो उस कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरा व मेरे परिवार का कोई भी सदस्य इन लोगों के द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नही होगा। **बृजेश कुमार यादव, पुत्र स्व0 राम वृक्ष यादव, निवासी– 614/पी–005 वो–375. प्रीती नगर, डुडौली मार्ग, सीतापुर रोड, लखनऊ–226021**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **सुशीला पत्नी हरिशंकर, निवासी– बलगां, बिन्दुपुरवा, ठकुरापुर, जनपद–गोण्डा,** मेरे पति हरिशंकर गोस्वामी की पॉलिसी संख्या 276569197 में मेरा नाम शांति देवी अंकित हैं जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा बैंक पासबुक में मेरा नाम सुशीला पत्नी हरिशंकर अंकित है। सुशीला एवं शांति देवी उपरोक्त दोनों नाम मेरे है। इस नाम की कोई अन्य महिला नहीं हैं । अत: अब मुझे मेरे दस्तावेजों के आधार पर जाना व पहचाना जाय।

**आदर्श पब्लिक स्कूल**
बरखुरदारपुर, छतोह, जिला रायबरेली
**आवश्यकता है**
गणित –01
विज्ञान –02
अंग्रेजी –01
हिंदी –01
विषय के शिक्षकों की आवश्यकता है। पुरुष और महिला कोई भी आवेदन कर सकता है। आवास की सुविधा उपलब्ध है। वेतन योग्यतानुसार।
**प्रबंधक**
**आदर्श विश्वकर्मा**
संपर्क सूत्र 9919546459, 8528101614

## एक नजर

### जुर्माना देकर छूटे दो अभियुक्त

**बाराबंकी, अमृत विचार :** न्यायालय ने जिले के अलग- अलग थाना क्षेत्रों में अपराधिक मामलों के अभियुक्तों को मामूली दंड व जुर्माना लेकर रिहा कर दिया। मंगलवार को रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र के राकेश को मारपीट और गाली-गलौज के मामलों में सात सौ रुपये व शहर कोतवाली के पलिया मसूदपुर निवासी उमेश को लापरवाही से गाड़ी चलाने के मामले में तैंतीस सौ रुपये का जुर्माना व न्यायालय उठने तक उपस्थित रहने की सजा सुनाई। आरोपी जुर्माना देकर छूट गये।

### 28 लोगों पर की गयी शांतिभंग कीकार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोक सभा चुनाव को लेकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 28 लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की आशंका को देखते हुए कार्रवाई की। पुलिस ने दो वांछितों को गिरफ्तार भी किया।

### 50 ग्राम मार्फीन के साथ शातिर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जैदपुर पुलिस ने मंगलवार को कोठी थाना क्षेत्र के ग्राम बिबियापुर निवासी मो. सज्जाद को 50 ग्राम मार्फीन के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

### 50 ग्राम स्मैक के साथ पकड़ा गया आरोपी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को ग्राम पाजावा मजरे जलालपुर निवासी रामसमुझ उर्फ गिल्लीबाज को असन्द्रा पुलिस ने 50 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# चुनाव खर्च लेखा रजिस्टर में करें दर्ज

## 10, 14 व 18 मई को प्रस्तुत करना होगा ब्योरा, व्यय प्रेक्षक की अध्यक्षता में हुई बैठक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


बैठक में निर्देश देते व्यय प्रेक्षक अतुल रामदास गोखे। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर व्यय प्रेक्षक अतुल रामदास गोखे की अध्यक्षता में व्यय अनुवीक्षण के संबंध में बैठक हुई। बैठक में व्यय प्रेक्षक ने कहा कि सभी प्रत्याशी अपने-अपने व्यय लेखा को मेंटेन करते रहें। उन्होंने कहा कि सभी निर्वाचन व्ययों की दिन-प्रतिदिन के लेखे के रजिस्टर में दर्ज करें। व्ययों के लिए सभी भुगतान केवल अकाउंट पेयी चेक द्वारा किया जाएगा।

प्रेक्षक ने सभी प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि 10, 14 और 18 मई को सुबह 11 बजे से 5 बजे तक सदर तहसील के प्रांगण में लेखा समाधान बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में प्रत्याशी स्वयं अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर अपना व्यय लेखा प्रस्तुत करेंगे। निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने के लिए दैनिक व्यय लेखा पंजिका, बैंक पंजिका, बाउचर एवं बैंक स्टेटमेन्ट प्रस्तुत करना आवश्यक है। लेखा प्रस्तुत करने की तिथि के एक दिन पूर्व तक का विवरण व्यय लेखा रजिस्टर में प्रस्तुत करना होगा। निर्धारित तिथियों में व्यय लेखा प्रस्तुत न करने की स्थिति में सम्बन्धित के विरुद्ध जनसभा, जुलूस तथा वाहन की परमीशन पर तत्काल प्रभाव से नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ईवीएम का दूसरा रेंडमाइजेशन का कार्य 8 मई को होगा। इसके पश्चात 10 मई को प्रातः 10 बजे से नवीन मंडी स्थल, बहराइच रोड पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसरों द्वारा कैंडिडेट के नाम की सेटिंग का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों से अपेक्षा की है कि ईवीएम में सेटिंग के समय नवीन मंडी परिषद में उपस्थित रहें।

बैठक में एडीएम अरुण कुमार, वरिष्ठ लेखाधिकारी अमित कुमार, उपजिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट काव्या समेत लेखा टीम प्रभारी सहित सभी प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### प्रचार से पहले प्रत्याशियों को लेना होगा प्रमाण पत्र

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राजनीतिक दलों एवं उनके प्रत्याशियों व निर्दलीयों को प्रिंट, ऑडियो या वीडियो प्रचार सामग्री को समाचार पत्रों आदि में प्रकाशित अथवा टीवी न्यूज़ चैनल्स, ऑन लाइन मीडिया या सोशल मीडिया में प्रसारण से पूर्व मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) से प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है। इसके लिए सूचना कार्यालय का फोन नंबर 0548-222894 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इस कमेटी से प्रमाण पत्र प्राप्त प्रचार सामग्री ही प्रकाशन या प्रसारण योग्य मान्य होगी।

### वाहनों की हुई जांच

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** देवा कोतवाल अनिल कुमार पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा कमामा नहर पुल पर वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें चार पहिया वाहनों के गेट और डिग्गी खुलवाकर तलाशी ली गई हालांकि इस चेकिंग के दौरान किसी वाहन में आपत्तिजनक सामान नहीं मिला।

# ईवीएम में तनुज का पहले तो दूसरे नंबर पर होगा राजरानी का नाम

**प्रक्रिया**

- बैलेट यूनिट में हिन्दी वर्णमाला के आधार पर होंगे नाम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में इस बार 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भाजपा, कांग्रेस व बसपा समेत छह राजनीतिक दल व छह प्रत्याशी निर्दलीय के रूप में चुनाव मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के नाम सामने आने के बाद ईवीएम के बैलेट यूनिट में इनके नाम व चुनाव चिह्न की सेटिंग करने की तैयारी शुरू हो गई है। निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुसार हिन्दी की वर्णमाला के आधार पर प्रत्याशियों के नाम का क्रम तय किया गया है। इसी के आधार पर ईवीएम के बैलेट यूनिट में प्रत्याशियों का नाम व चुनाव चिह्न रखा जाएगा। इससे पहले राजकीय प्रेस ऐशबाग में छप रहे बैलेट पेपर को मंगाने की तैयारी चल रही है। कड़ी सुरक्षा के बीच बैलेट पेपर लखनऊ से नवीन मंडी स्थल भेजे जाएंगे।

पांचवें चरण में 20 मई को 2615 बूथों पर मतदान होना है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब ईवीएम के बैलेट यूनिट को तैयार करने की तैयारी शुरू हो गई है। इस बार बैलेट यूनिट में सबसे पहला नाम व चुनाव चिह्न कांग्रेस के गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया का रहेगा। इसके बाद दूसरे नंबर पर भाजपा की राजरानी व चुनाव चिह्न कमल होगा। तीसरे नंबर पर बसपा के शिवकुमार दोहरे का नाम व चुनाव चिह्न हाथी रहेगा। इसी प्रकार 13 प्रत्याशियों के नाम व चुनाव चिह्न को क्रमवार तैयार किया गया है। निर्वाचन आयोग से अनुमति मिलने के बाद बैलेट पेपरों की छपाई लखनऊ के ऐशबाग स्थित राजकीय प्रेस में की जा रही है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील पांडेय ने बताया कि कंडीटेड सेटिंग का कार्य होना है। इसे लेकर तैयारी चल रही है।

## शाम 6 बजे तक कतार में लगने वाले लोगों को मिलेगा वोट देने का मौका

### मतदाता जागरूकता को अमृत विचार की मुहिम

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज देवा की कक्षा 12 की छात्रा गोल्डी ने बूथ पर वोटिंग के समय के समय के बारे में मतदाताओं के पूछे गए सवाल का जवाब चित्र के माध्यम से दिया है। अगर आपके मन में भी मतदान से जुड़ा कोई सवाल हो तो आप हमें sveepbarabanki2024@gmail.com व amritvicharbarabanki@gmail.com पर भेजें। अमृत विचार चित्रों के माध्यम से आपका सवाल और उसका जवाब प्रकाशित करेगा। मुहिम खत्म होने पर इस प्रतियोगिता के तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को अमृत विचार व जिला प्रशासन सम्मानित भी करेगा।




# प्रेक्षक ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

जैदपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मंगलवार को प्रेक्षक आरआर दमोदर व एसडीएम सदर विजय कुमार त्रिवेदी ने जैदपुर कस्बे पहुंचे । यहां उन्होंने 20 मई को होने वाले चुनाव को लेकर मतदान केन्द्रों को निरीक्षण किया।

प्रेक्षक सबसे पहले कस्बे में स्थित नूर मोहम्मद इंटर कॉलेज के मतदान केन्द्र पहुंचे। जहां पर उन्होंने मतदाताओं के खड़े होने के साथ छांव की व्यवस्था देखी। उसके बाद प्रेक्षक ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जैदपुर में पहुंचकर बूथों का निरीक्षण किया।

प्रेक्षक आरआर दमोदर ने इसके बाद विकासखंड हैदरगढ़ के भी कई बूथों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

### अब तक 28,442 वाहनों की हुई जांच

- जिलेभर में बनाए गए हैं कुल 21 चेकपोस्ट
- हर विधानसभा क्षेत्र में गठित की गयी हैं नौ उड़नदस्ता टीमें

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में कुल 21 चेक पोस्ट स्थापित किये गये हैं। प्रत्येक चेक पोस्ट पर 8-8 घंटे में एक-एक स्थाई निगरानी टीम प्रभारी तैनात किये गये हैं। इस प्रकार प्रत्येक चेक पोस्ट पर तीन प्रभारी तैनात हैं। यानी कुल 63 स्थाई निगरानी टीम प्रभारी जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा चेक पोस्ट पर तैनात किये गये हैं। प्रभारी उड़न दस्ता व स्थाई निगरानी टीम व डीएफओ आकाश दीप वधावन ने बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 9 उड़नदस्ता टीमें गठित हैं। छह विधानसभा क्षेत्र में कुल 54 उड़नदस्ता टीम लगी है। प्रत्येक विधानसभा में एक समय पर तीन उड़नदस्ता टीमें जांच का कार्य करती हैं। उड़नदस्ता टीम का समय प्रात: 6 से दोपहर 2 बजे तक, दोपहर 2 से रात्रि 10 बजे तक एवं रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक है। उन्होंने बताया कि सात मई को 21 चेक पोस्टों पर कुल 3727 वाहनों की जांच स्थाई निगरानी टीम प्रभारियों द्वारा की गयी। जांच के समय किसी प्रकार की नकदी व सामग्री नहीं पायी गयी। उनके अनुसार 26 अप्रैल से 7 मई तक कुल 28,442 वाहनों की जांच चेक पोस्टों टीमों द्वारा की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को उड़नदस्ता टीम द्वारा वाहनों की जांच के दौरान किसी प्रकार की नकदी व सामग्री नहीं पायी गयी।

# विकास के पथ पर अग्रसर है देश : शर्मा

**जनचौपाल**

बनीकोडर, बाराबंकी


दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में जन चौपाल को संबोधित करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा।

**अमृत विचार :** भाजपा सरकार ने गांव गरीबों के विकास के लिए ऐतिहासिक काम किये हैं। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने को प्रतिबद्ध है। ये बात मंगलवार को फैजाबाद संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के समर्थन में दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के जरौली गांव में आयोजित जनचौपाल में बोलते हुए प्रदेश के खाद्य रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कही।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकासपरक सोच से देश आज विकास के पथ पर अग्रसर है। किसान, नौजवान, छात्र, मजदूर सभी के हित में सरकार ने कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। आयुष्मान कार्ड से गरीबों का इलाज अब मुफ्त में हो रहा है। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने को संकल्पित है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा है। सरकार ने बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के हित में योजनाएं चलाई हैं । क्षेत्र के जरौली, धनौली, गैरिया, लकड़िया, पहला, दांदूपुर, मवैया, किठैया, सूपामऊ, इमलिहा, मस्तान शाह कुटी, बबुरीगांव और कुंवरपुर समेत दर्जनभर स्थानों पर आयोजित जन चौपाल में ओम प्रकाश अवस्थी, मंडल अध्यक्ष राकेश लोधी, पंकज तिवारी, आशुतोष शुक्ल, पुत्ती मिश्र, हरिकिशोर तिवारी, सुरेंद्र मिश्र, दीपू तिवारी, लकी सिंह, विवेकानंद शुक्ल, सुनील मिश्र, प्रदीप द्विवेदी, शैलेंद्र पाठक, अक्षय शर्मा और मनोज सिंह समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे।

# बदमाशों ने व्यापारी से 26 हजार रुपये छीने

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** सफदरगंज थाना क्षेत्र के गुड़ व्यवसायी को बदमाशों ने पीटकर 26 हजार रुपये लूट लिए। अम्बौर गांव निवासी सत्येन्द्र मौर्य सोमवार की देर शाम सैफपुर रेलवे क्रासिंग स्थित बजार से अपनी दुकान बंद कर घर आ रहे थे। तभी सिसौना मोड़ के पास बाइक सवार चार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और रुपये छीनने लगे। बदमाशों और व्यापारी के बीच मारपीट होने लगी। पीड़ित सत्येन्द्र ने बताया कि बदमाशों के पीटने के कारण दोनों हाथ की उंगलियों में चोट आ गई है। बदमाश उनसे 26 हजार रुपये छीनकर सिसौना की ओर फरार हो गये।

सफदरगंज थाने की पुलिस ने देर रात तक आसपास के गांव में बदमाशों की काफी तलाश की, लेकिन सुराग नहीं लग सका। सप्ताह भर के भीतर सफदरगंज क्षेत्र में यह लूट की दूसरी घटना है। इससे पहले बीते गुरुवार को मनोज सोनी के साथ लगभग पांच लाख की हुई लूट का खुलासा पुलिस करने में नाकाम रही। मनोज सोनी के साथ हुई लूट के पांच दिन भी नहीं बीते कि बदमाशों ने एक और लूट की घटना को अंजाम दिया।

## सार-संक्षेप

### मेधावियों और अभिभावकों को किया गया सम्मानित


मेधावियों व उनके अभिभावकों के साथ शिक्षक। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक बंकी की न्याय पंचायत बरौली जाटा के उच्च प्राथमिक विद्यालय खाले का पुरवा के दो मेधावियों अनिकेत पुत्र अनिल कुमार व अंशिका यादव पुत्री दिनेश का चयन राष्ट्रीय आय योग्यता परीक्षा में क्रमश: 14वीं व 37वीं रैंक पर हुआ। विद्यालय में आयोजित समारोह में चयनित अभ्यर्थियों एवं उनके माता पिता अनिल कुमार, सुमन देवी, रूमा देवी और पुष्पा सिंह को सम्मानित किया गया।

### सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो



मतदाता जागरूकता की लगी होर्डिंग।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, आओ मनायें राष्ट्र का महापर्व मतदान, इन स्लोगनों से लगी होर्डिंग्स शहर के अधिकतर इलाकों में आपको आसानी से दिख जायेंगीं। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए व देश को सबसे अधिक मतदान करने वाले जिले के रूप में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इस पहल की शुरुआत हिंदुस्तानी समूह के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. राजकिशोर शुक्ला ने की। समय समय पर जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर बिना किसी स्वार्थ यह और इनकी टीम काम करती आ रही है। पेशे से अध्यापक डॉ. राजकिशोर का मानना है लोकतंत्र के इस महापर्व पर लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लें तभी एक स्वस्थ सरकार का सपना साकार हो सकेगा। उन्होंने कहा सरकारी अमला लगातार मतदान प्रतिशत को बढाने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रहा है। उसी मुहिम में एक प्रयास मेरा भी है। हिन्दुस्तानी समूह के कार्यकर्ता मतदाताओं को जागरूक करने और अधिक से अधिक मतदान हो, जिले का रिकार्ड बने इसके लिए लोगों को प्रेरित कर रहे है।

### बीए प्रथम वर्ष के लिए मिल रहे प्रवेश फार्म

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** पीजी कॉलेज रामनगर में बीए प्रथम सेमेस्टर ( हिंदी, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, संस्कृत, शारीरिक शिक्षा, अंग्रेजी, राजनीति शास्त्र, भूगोल) विषयों में प्रवेश के लिए प्रवेश फार्म वितरित किए जा रहे हैं। प्राचार्य प्रो .कौशलेंद्र विक्रम मिश्र ने बताया कि नवीन शिक्षा सत्र वर्ष 2024- 25 के प्रथम सेमेस्टर हेतु फार्म विद्यार्थी प्रात: काल 10 बजे महाविद्यालय आकर प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश समिति के संयोजक प्रोफेसर सुनीत कुमार सिंह, सदस्य डॉ. अखिलेश वर्मा, मुख्य नियंता डॉ. रामकुमार सिंह, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. केपी सिंह, गरिमा श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश पहले आओ ,पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। बताते चलें कि एम ए प्रथम सेमेस्टर गृह विज्ञान विषय में भी प्रवेश किया जाएगा।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया मतदान का संदेश


नुक्कड़ नाटक से मतदान के प्रति जागरूक करते कलाकार। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में भारतीय स्टेट बैंक की टाउन शाखा द्वारा ग्राम्यांचल विधि महाविद्यालय में मंगलवार को नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक का शीर्षक "हमको अपने देश से प्यार है ,वोट हमारा अधिकार है नाटक के माध्यम से उपस्थित जन समूह को चुनाव के महापर्व पर अपना बहुमूल्य मत देने पर जोर दिया गया, जिससे उत्तम सरकार का निर्माण हो सके और देश प्रगति पथ पर अग्रसर हो सके। इस अवसर पर बैंक के शाखा प्रबंधक इंद्रेश कुमार, नुक्कड़ नाटक के निर्देशक महर्षि कपूर महाविद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## फर्स्ट वोटर

### वोट देने का उत्साह


4 शैल शेखर शुक्ला का कहना है कि वह लोकसभा चुनाव में पहली बार वोट करेंगे। सरकार विकास के साथ युवाओं के रोजगार में को वरीयता दे। मेरा वोट इसी मुद्दे पर जाएगा।

### वोट देने को करेंगे प्रेरित


दीपेश सोनी ने कहा कि पहली बार मतदान को लेकर उत्साहित हूं। युवाओं की पढ़ाई और रोजगार पर ध्यान देने वाली सरकार चुनूंगा। लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करूंगा

### पहली बार करूंगा मतदान


सैयद मोहम्मद कासिम का कहना है कि पहली बार मतदान करने को लेकर उत्साहित हूं। वह एक मजबूत सरकार चुनने के लिये वोट करेंगे। पहले मतदान करेंगे और फिर जलपान करेंगे।

### सभी को देना चाहिए वोट


प्रांजल श्रीवास्तव ने कहा कि वह राष्ट्र की प्रगति के साथ सुशासन के लिए अपना पहला वोट करेंगे। मतदान सभी को करना चाहिए। ये हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है।

# अन्नदाता का माफ होगा कर्ज : तनुज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


लोगों को संबोधित करते गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया। अमृत विचार

**अमृत विचार :** पूर्व सांसद डॉ पीएल पुनिया ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र जैदपुर के ग्राम हरख में पूर्व प्रमुख सुरेन्द्र सिंह वर्मा के साथ इंडिया गठबन्धन के कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दस सालों की मोदी सरकार ने देश की वाम की उम्मीदों पर पानी फेरा है। संसदीय क्षेत्र की जनता भाजपा को हटाकर इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी को समर्थन देकर इतिहास बनााने जा रही है। इसी क्रम में इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया ने विकास खण्ड त्रिवेदीगंज में जनसंपर्क किया। इस दौरान तनुज पुनिया ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही देश के अन्नदाता का कर्जा माफ किया जायेगा। तनुज पुनिया ने विकास खण्ड त्रिवेदीगंज के भी कई गांवों में जनसम्पर्क किया। शहर के दो वार्डों आजाद नगर और अयोध्या नगर में भी तनुज ने जनसंपर्क किया। इस दौरान वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष दिनेश वैश्य, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र यादव, सपा युवा नेता सनी यादव, आकाश यादव, आनंद यादव, राजेंद्र सोनी, हरिशंकर सोनी, घनश्याम श्रीवास्तव, हरिहर श्रीवास्तव, रवि वैश्य और ईशान वर्मा मौजूदरहे।

### बूथ पदाधिकारियों को उपलब्ध कराएं चुनाव सामग्री:गोप

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बूथ पदाधिकारियों को चुनाव सामग्री उपलब्ध करा दी जाए। ये बातें सपा के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने मंगलवार को अपने सिविल लाइन स्थित आवास पार्टी पर जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में बैठक में कहीं। राष्ट्रीय सचिव ने जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, पूर्व विधायक विधायक राम गोपाल रावत, पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि व पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, अजय वर्मा बबलू एवं बैठक में उपस्थित अन्य पदाधिकारियों से कहा कि पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दें।

**आस** — महंगाई, शिक्षा और रोजगार का भी लोगों ने उठाया मुद्दा

# बने बस अड्डा व फायर स्टेशन, बाढ़ का हो स्थायी समाधान

**चुनावी चौपाल**

टिकैतनगर, बाराबंकी


चौपाल में मतदान की शपथ लेते नागरिक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** 20 मई को लोकतंत्र के महापर्व को लेकर हर कोई उत्साहित है। होटलों और चाय की दुकानों पर चुनाव की ही चर्चा सुनाई पड़ रही है। टिकैतनगर में बस अड्डा, फायर ब्रिगेड स्टेशन बनाने और बाढ़ का स्थायी समाधान लोग चाहते हैं

अमृत विचार टीम सोमवार को टिकैतनगर पहुंची। गांव की चौपालों सहित क्षेत्र के होटलों पर हर तरफ चुनाव की ही चर्चा होती दिखी। टीम ने जब लोगों के बीच चुनाव को लेकर चर्चा की, तो दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के टिकैतनगर कस्बे का चुनावी मुख्य मुद्दा नगर में बस स्टाप व फायर स्टेशन की कमी दिखा। इसके अलावा यहां के तमाम गावों में प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ से भी लोग खासे परेशान हैं। जबकि बढ़ती महंगाई और रोजगार की कमी तो लेकर चर्चा में लोगों ने अपना गुस्सा भी जाहिर किया। बृज किशोर ने कहा कि पूरे डलई ब्लॉक क्षेत्र के टिकैतनगर कस्बा में बस अड्डा सबसे अहम मुद्दा है। क्षेत्र में फायर स्टेशन न होना भी इस बार के चुनाव का मुद्दा है। वहीं लीलाधर और मोती ने कहा कि टिकैतनगर के उत्तर में गुजरी घाघरा नदी में प्रति वर्ष आने वाली बाढ़ किसानों और ग्रामीणों के सामने बड़ी समस्या खड़ी करती है। जल प्रलय से सरकार स्थाई निजात दिलाए। जबकि युवा अनुभव और पंकज ने कहा कि हमारे लिये तो सबसे बड़ा मुद्दा शिक्षा और रोजगार है। हमारे जैसे तमाम युवा डिग्री लिये बैठे हैं, लेकिन उन्हें कहीं नौकरी नहीं मिल रही। सरकार को हमारे बारे में सबसे पहले सोचना चाहिये। वहीं चर्चा के बाद वहां मौजूद लोगों ने मतदान की शपथ ली।

# डॉक्टर की शिकायत पर हिरासत में लिया गया आरोपी

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** संयुक्त चिकित्सालय में शनिवार को डाक्टर व तीमारदार के हुए विवाद को लेकर डाक्टर धीरेन्द्र पटेल की शिकायत पर कोतवाली बदोसराय पुलिस ने मंगलवार को एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

दरअसल कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में बीते शनिवार की रात करीब 8 बजे डाक्टर धीरेन्द्र पटेल व तीमारदार के बीच हुई नोकझोंक के मामले में सोमवार को डाक्टरों ने ओपीडी का काम रोककर सीएमएस से वार्ता की। सीएमएस के एफआईआर दर्ज कराने के आश्वासन पर डाक्टरों ने एक घंटा बाद ओपीडी सेवा शुरू की।

7 मई को सीएमएस के निर्देश पर डाक्टर धीरेन्द्र पटेल की शिकायत पर कोतवाली बदोसराय पुलिस ने आरोपी शुभम को हिरासत में ले लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार यादव ने बताया कि आरोपी शुभम को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस मामले में जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## एक नजर

### साइकिल से टकरायी बाइक, अधेड़ समेत दो लोग हुए घायल

**बनीकोडर, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के गोकुला के पास सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। धुनौली ठाकुरान निवासी सोनू (22) पुत्र स्व. बुधराम रावत टिकैतनगर से बाइक से दरियाबाद-भिटरिया मार्ग होते हुए घर की ओर जा रहा था। तभी कुड़वासा गांव निवासी विक्रम वर्मा (55) पुत्र रामनरेश वर्मा दरियाबाद रेलवे स्टेशन से वापस घर की ओर साइकिल से जा रहे थे। दोनों में आपस में टक्कर हो गई। हादसे में दोनों सड़क पर गिर कर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस मेडिकल कर्मी नित्यानंद वर्मा ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी रामसनेहीघाट पहुंचाया।

# लापरवाही : बंद रहते हैं अधिकांश हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर

दीपराज सिंह, देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार** : ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से बनाए गए हेल्थ एडं वेलनेस सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) शोपीस साबित हो रहे हैं। वर्तमान में अधिकांश सेंटरों पर लटकते ताले इनके द्वारा मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की हकीकत बयां कर रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार विकास खंड देवा में करीब 29 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर संचालित हैं। लेकिन यहां पर उपलब्ध सुविधाएं रामभरोसे ही हैं। अधिकांश सेंटर केवल कागजों पर ही संचालित होते हैं। इन सेंटरों का उद्देश्य किशोर स्वास्थ्य एवं परिवार नियोजन की निशुल्क सेवाएं, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, शिशु स्वास्थ्य एवं निशुल्क टीकाकरण और निःशुल्क प्रसव से पहले या प्रसव के बाद ए.एन.सी और पी.एन.सी जांच की सुविधायें प्रदान करना है। लेकिन मंगलवार को जब अमृत विचार टीम ने देवा क्षेत्र के तमाम सेंटरों पर जाकर देखा तो हकीकत इसके ठीक उलट दिखी। कुछ सेंटर पर ताला बंद दिखा तो एक सेंटर पर सीएचओ दवाएं देती दिखीं। बंद सेंटरों के आसपास मिले ग्रामीणों ने बताया कि यहां डाक्टर कभी कभार ही आते हैं। इसलिए हल्की-फुल्की बीमारियों की दवा के लिए हमें झोलाछाप डाक्टरों का ही सहारा लेना पड़ता है या फिर सीएचसी देवा जाना पड़ता है।

> हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर तैनात सीएचओ की ऑनलाइन उपस्थित दर्ज होती है। यदि इसके बाद भी लापरवाही बरती जा रही है और सीएचओ सेंटर पर नहीं पहुंच रहे हैं।तो इसकी जांच कराकर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> –डा. राधेश्याम गौड़, बीसीएचसी अधीक्षक, देवा

**केस 1**


बंद पड़ा सालेहनगर का सेंटर।

ग्राम पंचायत सालेहनगर में खुले हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में सुबह 10 :17 बजे ताला लटकमा मिला। सेंटर में बाउंड्री वॉल भी नहीं थी। केंद्र के चारों तरफ कंटीले तार का घेरा बनाया गया था जो एक दो जगह से एकदम टूटा हुआ था। इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है।

**केस 2**


रीवा रतनपुर में बंद पड़ा आरोग्य मंदिर।

क्षेत्र के ग्राम पंचायत रीवा रतनपुर में लोगों के इलाज के लिए बनाये गये हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में सुबह 10 :37 मिनट पर ताला बंद था। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि यह सेंटर अक्सर बंद ही रहता है। किसी अधिकारी के आने की आहट पर ही कर्मचारी मौजूद मिलते हैं।

**केस 3**


जसनवारा में खुला मिला सेंटर।

क्षेत्र के ग्राम जसनवारा में बनाये गये हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में तैनात सीएचओ फातिमा जौहरा मरीजों को दवाई देती मिलीं। उन्होंने बताया कि अभी तक 5 मरीजों को दवाई दी गई हैं। वह प्रतिदिन सेंटर आकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करा रही हैं।

# भागीरथपुरवा को मिलेगा मॉडल गांव का दर्जा

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार** : स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस टू के तहत चयनित ग्राम पंचायत सिरौलीकला के भागीरथ पुरवा को मॉडल गांव बनाया जाएगा। जिला पंचायत राज अधिकारी नितेश भोंडले की अध्यक्षता में ग्राम प्रधान व ग्रामीणों के साथ बैठक कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई। इसके बाद उन्होंने गांव के निरीक्षण के दौरान पानी की टंकी तक इंटरलॉकिंग लगवाने व खराब पड़े हैंडपंप को दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए।

मंगलवार को जिला पंचायत राज अधिकारी नितेश भोंडले, जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण उद्धव राय हर्षित मिश्रा व आगा खां फाउंडेशन से सीनियर प्रोग्राम ऑफिसर जयराम पाठक, जिला प्रबंधक मो. अब्बास रिजवी टीम के सदस्यों ने ग्रामीणों के साथ चर्चा करते हुए बताया कि ग्राम पंचायत में होने वाली स्वच्छता गतिविधियों में सभी ग्रामवासी हिस्सा लें। ग्राम पंचायत को मॉडल बनाने में सहयोग करें। इस अवसर ग्राम प्रधान श्रीकांत प्रेरक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण प्रदीप कुमार, राहुल पाण्डेय, कंसल्टिंग इंजीनियर आलोक वर्मा, सचिव ग्राम पंचायत विजय कुमार, क्लस्टर मोटीवेटर सौरभ श्रीवास्तव, पैरा वर्कर सौरभ आदि थे।

# जलभराव से परेशान ग्रामीणों ने मार्ग पर मोटरसाइकिलें खड़ी कर लगाया जाम

## बिशुनपुर-कोटवाकला मार्ग पर आयेदिन की समस्या, पुलिस ने शांत कराया मामला

देवा, बाराबंकी


बिशुनपुर–कोटवाकला मार्ग पर मोटरसाइकिलें खड़ी कर जाम लगाए ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार** : बिशुनपुर से कोटवा कला गांव जाने वाले मार्ग पर आये दिन जलभराव से आजिज ग्रामीणों ने रास्ते में बाइकों को खड़ा कर मार्ग अवरुद्ध कर दिया। इसके चलते घंटों जाम की स्थिति बनी रही। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर मार्ग को खुलवाया। इसके बाद आवागमन बहाल हो सका।

इस एकल मार्ग पर एक गिट्टी मौरंग की दुकान है। भारी वाहनों का प्रतिबंध होने के बाद भी आए दिन इस दुकान पर भारी ओवरलोड वाहन गिट्टी, मौरंग उतारने आते रहते हैं। जिससे इस दुकान के सामने बड़े-बड़े गड्ढे हो जाते हैं। दुकानदार द्वारा मौरंग पर प्रतिदिन पानी छिड़कने से उक्त मार्ग पर जल भराव की स्थिति हो जाती है। इसे कई बार सही कराया गया लेकिन बार-बार भारी वाहनों के आवागमन के कारण मार्ग पर फिर गड्ढे हो जाने से जलभराव की स्थिति बनी रहती है। मंगलवार की सुबह स्कूल जा रहे नवनीत वर्मा के बच्चे फिसलकर कीचड़ में गिर गए जिससे उनकी ड्रेस व बैग भीग गए। ऐसी घटनाएं लगातार आए दिन होती रहती हैं। मंगलवार को बतकही के संयोजक मनीष परिहार की अगुवाई में ग्रामीणों ने अपनी बाइकें खड़ी कर मार्ग अवरुद्ध कर दिया। इसके कारण यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अनिल पांडेय और चौकी इंचार्ज दौमित्र सेन रावत ने दुकानदार द्वारा दोबारा ऐसा न करने का लिखित समझौता कराकर ग्रामीणों को इसका भरोसा दिलाया। तब ग्रामीणों ने मार्ग से अपनी बाइकें हटायीं। इसके बाद आवागमन सुचारु हुआ।

# बस सेवा बंद होने से लखनऊ जाने को भटक रहे यात्री

**परेशानी**



हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार** : चुनाव ड्यूटी के चलते बसों की कमी एवं संचालन में घाटे का बहाना करके कैसरबाग डिपो द्वारा हैदरगढ़ के लिए संचालित बस सेवाएं बंद कर दी गई हैं। पिछले तीन दिनों से यात्री बसों के अभाव में आवागमन के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

दरअसल कैसरबाग डिपो द्वारा हैदरगढ़ से कैसरबाग के बीच में अभी दो सप्ताह पूर्व तक चार बस सेवाएं संचालित की जा रही थीं। हैदरगढ़ कैसरबाग के बीच चलने वाली इन बस सेवाओं से बड़ी संख्या में यात्री कैसरबाग के अलावा डाक्टर राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, पॉलिटेक्निक, मुंशी पुलिया एवं उच्च न्यायालय तथा मार्ग में पड़ने वाले कस्बों के लिए सफर करते हैं। बस सेवा के बंद हो जाने की वजह से यात्रियों को तमाम कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि विभाग के मुताबिक इस समय बसों की संख्या घटाकर दो कर दी गई। जबकि हकीकत यह है कि बीते रविवार से बसों का संचालन पूरी तरह से ठप कर दिया गया है।

जब इस संबंध में कैसरबाग डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अरविंद यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि चुनाव ड्यूटी में लग जाने की वजह से बसें कम हैं। इसके अलावा वर्तमान समय में इस रोड पर सवारियां कम निकलने की वजह से परिवहन विभाग को घाटा भी उठाना पड़ रहा है। फिर भी यात्रियों की सुविधा के लिए सुबह और शाम में दो बस संचालित की जा रही है। चुनावी ड्यूटी से आते ही बसों का संचालन बढ़ाया जाएगा। जबकि हकीकत यह है कि पिछले तीन दिनों से कोई भी बस सेवा हैदरगढ़ के लिए संचालित नहीं की जा रही है। इस संबंध में यात्रियों ने रोडवेज के उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पूर्व की भांति बसों का संचालन कराने की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### यज्ञीय जीवन दर्शन अपनाने से ही मानवता का कल्याण


गायत्री महायज्ञ में पूर्णाहुति देते श्रद्धालु। अमृत विचार

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार** : उमरी गांव में आयोजित 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूर्णाहुति में प्रतिभाग किया। मुख्य आचार्य अतुल द्विवेदी ने जीवन निर्माण के सूत्रों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यज्ञीय जीवन दर्शन अपनाने से ही मानवता का कल्याण संभव है। युवाओं ने मशाल जुलूस निकाला। समापन वेला में पवन डेहरिया द्वारा प्रस्तुत विदाई गीत ने सभी को भावुक कर दिया। देवेन्द्र कुमार मिश्र ने मंगल तिलक करते हुए विदाई दी। इस अवसर पर लाल वर्मा, अमृतलाल अवस्थी, वेद प्रकाश गुप्ता, प्रवेश कुमार हयारण, राम विजय मिश्र, माधौराम मिश्रा,वीरेश वर्मा प्रधानाचार्य, गुड्डू पाण्डेय, चन्द्रभाल वर्मा, अखिलेश पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

### बच्चों को बताया ऑक्सीजन का महत्व


प्राथमिक विद्यालय कैथी में पौधरोपण करते विजय प्रताप सिंह, शिक्षिका व बच्चे।

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार** : देवा शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कैथी में मिशन हरियाली के संयोजक पर्यावरण प्रेमी विजय प्रताप सिंह ने बच्चों को ऑक्सीजन का महत्व बताया। कहा कि ऑक्सीजन हमें पेड़–पौधों से ही प्राप्त होती है। सभी बच्चों को अधिक से अधिक पौधे लगाने व उनका संरक्षण करने को प्रेरित किया। बच्चों को अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगाने को संकल्प दिलाया। विद्यालय परिसर में बच्चों व शिक्षिकाओं ने पौधरोपण किया। मिशन हरियाली के संयोजक ने शिक्षिकाओं को इनडोर पौधे गिफ्ट किये। इस अवसर पर आरती वर्मा, खुशबू सिंह, ज्योति ,सीमा वर्मा, विवेक कुमार वर्मा (पर्यावरण मित्र) सूरज , शिवा, नव्या , एस. प्रताप, दिव्यांशु, आयुष शर्मा, प्राची, गुंजन आदि उपस्थित रहे।

### हनुमान मंदिर में सुंदरकांड व भजन संध्या आयोजित

**मसौली बाराबंकी, अमृत विचार** : बाबा रामशरण दास भागवत दास कुटी हनुमान मंदिर मसौली पर सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी बाबा रामलाल दास ने श्री राम स्तुति से कार्यक्रम की शुरुआत की। सुंदरकांड व भजन संध्या के बाद उपस्थित भक्तों ने भगवान की आरती उतारी। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके ओमनाग, दिपांशु, किशुन दास ,चंद्रपाल, रजत वर्मा, दीपक, अंकित, शिवा, मोहित, अशोक आदि भक्त मौजूद रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्र पर ताला, नौनिहाल पोषाहार से वंचित

**बाराबंकी, अमृत विचार** : हरख ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र पर ताला लटक रहा है। जहां पर नौनिहालों को दिया जाने वाला पोषाहार से वंचित रह जाते हैं। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत बाल पुष्टाहार विभाग से की परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। पंडरा पंचायत में बने आंगनबाड़ी केंद्र पर ताला लटकता रहता है। जिससे बच्चों का शिक्षण कार्य बाधित है। पुष्टाहार भी नहीं दिया जाता। धात्री महिलाएं भी इस लाभ से वंचित रह जाती हैं। स्थानीय ग्रामीण रामपाल, सर्वेश, दिनेश, पप्पू, राजू आदि ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र कभी–कभार ही खुलता है। इस संबंध में सीडीपीओ हरख इंदुलता ने बताया कि केंद्र बंद होने की जानकारी नहीं है। जांच की जाएगी।

### दुकानों का निर्माण कार्य रुकवाया

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार** : किसान द्वारा दुकानों का निर्माण कार्य करा रहे ग्रामीणों ने चकमार्ग बताते हुए पुलिस से शिकायत कर निर्माण कार्य बंद करा दिया है। विरोध पर जान से मारने की धमकी दी दी गयी। पीड़ित किसान ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। गयासपुर निवासी शिवेंद्र द्विवेदी अपने गाटा संख्या में दुकानों का निर्माण कार्य करवा रहे हैं। ग्रामीण फजलू, हेमराज और इनके अन्य साथी के द्वारा इस जमीन को चकमार्ग बताते हुए,मामले की शिकायत पुलिस से की।पुलिस ने निर्माण कार्य को बंद करा दिया है,वही पीड़ित किसान का कहना है कि लेखपाल के द्वारा जांच की गई थी,और इस गाटा संख्या में कोई चकमार्ग नहीं है।

### 24 लीटर कच्ची शराब बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार** : जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन में मंगलवार को ग्राम दरहरा, दरहरा मोड़ थाना जहांगीराबाद, ग्राम भवनियापुरखेवली, टेमा थाना रामसनेही घाट,ग्राम मुरलीगंज थाना जैदपुर, ग्राम टेकुआ थाना मोहम्मदपुर ख़ाला,ग्राम दरगापुर, मरकामऊ थाना बदोसराय, ग्राम बराती का पुरवा थाना रामनगर में दबिश दी गयी। दबिश के दौरान दो अभियोग पंजीकृत करते हुए लगभग 24 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी। जनपद की देशी शराब, विदेशी शराब व बियर की दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में संचित स्टॉक पर नियमानुसार बारकोड व क्यू आर कोड, ढक्कन, सील, लेबल आदि तथा टोल फ्री नंबर, रेट लिस्ट लगे होने का सत्यापन किया गया। साथ ही बीयर की फैक्ट्री का भी औचक निरीक्षण कर उत्पादन व निकासी की समीक्षा की गई।

### एक माह बाद ही उखड़ने लगी सड़क

**दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार** : दरियाबाद विकास खंड के मरखापुर मजरे जेठौती राजपूतान में निर्माण में बरती गई अनियमताओं घटिया सामग्री के उपयोग से एक माह पूर्व बनी सड़क उखड़ने लगी है। पूर्वांचल विकास निधि से दरियाबाद भिटरिया मार्ग से टिकुरी मरखापुर मार्ग का निर्माण एक माह पूर्व हुआ था। 93 .33 लाख की लागत से 2 .1 किमी लंबी व 3 .75 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण में बरती गई अनियमताओं की वजह से डामर युक्त सड़क उखड़ने लगी है। राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा के अथक प्रयास से इस मार्ग का निर्माण हुआ था। सड़क निर्माण में बरती गई अनियमताओं के कारण सड़क निर्माण के एक माह बाद ही सड़क की स्थिति खराब होने लगी है। गुणवत्ताविहीन सामाग्री का उपयोग किए जाने के कारण सड़क फिर जर्जर होने लगी है। जगह–जगह गिट्टी उखड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है की सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग हुआ है। सीडीओ अ .सुदन ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। एजेंसी से भी जवाब–तलब किया जाएगा।

# कमरे में फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव


घटना के बाद रोतीं–बिलखतीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

कोठी, बाराबंकी

**अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के रसूलाबाद बिहारीलाल गांव में सोमवार की रात एक महिला का शव घर के कमरे में फंदे से लटकता मिला। अंदर से बंद मुख्य दरवाजे को दूसरे की छत से होकर खोला गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के रसूलाबाद बिहारीलाल गांव निवासी हरीलाल रावत सोमवार की रात मेंथा फसल की सिंचाई करने खेत पर गया था। उसकी पत्नी रेखा रावत (35) घर पर अकेली थी। मंगलवार सुबह घर के परिजनों के सोकर उठने पर मुख्य दरवाजा अंदर से बंद मिला। आवाज लगाने पर भी जब कोई जवाब नही मिला तब खिड़की से झांकने पर रेखा का शव कमरे के अंदर दुपट्टे से लटकता देखकर परिजन अवाक रह गए।

परिवारवालों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। दूसरे के घर से जाकर दरवाजा खोला गया। परिजनों ने शव को फंदे से उतारकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दरोगा रामसमुझ ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम को भेज दिया। घटना के पीछे पारिवारिक कलह की चर्चा है।

# धर्म-जाति की राजनीति नहीं करती भाजपा: लल्लू सिंह

टिकैतनगर, बाराबंकी


सांसद लल्लू सिंह और राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा का स्वागत करते ब्लॉक प्रमुख आकाश पांडे व अन्य नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार** : धर्म और जाति की सियासत पर भाजपा विश्वास नहीं करती। भाजपा जो कहती है, उसे कर दिखाने पर विश्वास करती है। चाहे वह धारा 370 हो या राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण। भाजपा ने जनता से किए हुए अपने सारे वादे पूरे किए।

ये बातें अयोध्या संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह ने दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रानी कटरा गांव में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व पूर्व ब्लाक प्रमुख विवेकानंद पांडे द्वारा आयोजित जनसभा में कहीं।

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं सभी के लिए बराबर हैं। क्या हिंदू क्या मुसलमान। भाजपा जाति-मजहब की राजनीति नहीं करती। सरकार की योजनाओं का लाभ सभी को बराबर मिल रहा है। सभा को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि करोड़ों हिंदुओं की आस्था राम मंदिर से जुड़ी है। भाजपा सरकार में भव्य राम मंदिर का निर्माण होते हुए हम सभी ने देखा। मुफ्त राशन उज्ज्वला योजन, गंभीर बीमारियों के लिए आयुष्मान योजना सहित तमाम योजनाएं बिना भेदभाव आमजन तक पहुंच रही हैं। उन्होंने दरियाबाद की जनता से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए जनता से आशीर्वाद मांगा। कार्यक्रम को विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख विवेकानंद पांडे, ब्लॉक प्रमुख आकाश पांडे, देवानंद पांडे, भाजपा नेता रिंकू सिंह आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता सहित हजारों की संख्या में क्षेत्र की जनता मौजूद रही। कुछ कार्यकर्ताओं ने बुलडोजर पर खड़े होकर सांसद व राज्यमंत्री का स्वागत किया।

# अक्षय तृतीय पर नहीं गूंजेगी शहनाई, नहीं होंगे शुभ कार्य

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:**

**अमृत विचार:** अक्षय तृतीया पर 23 साल बाद न तो शहनाई गूंजेगी और न ही कोई मांगलिक कार्य होंगे। वहीं सोना और वाहन खरीदने के लिए स्थिर लग्न में शुभ मुहूर्त मिल रहा है। ज्योतिषाचार्य पं. अखिलेश चंद्र शास्त्री के अनुसार लगभग 23 सालों के बाद ऐसा संयोग बन रहा है, जब अक्षय तृतीया के दिन विवाह या मांगलिक कार्यों का कारक शुक्र और गुरु तारा अस्त होने से इस दिन विवाह का मुहूर्त नहीं है। उन्होंने बताया कि अक्षय तृतीया 10 मई को सुबह 05:30 बजे लग रही है और अगले दिन 4:33 बजे तक रहेगी। उन्होंने बताया कि अक्षय तृतीया पर सोना और वाहन खरीदने का मुहूर्त दिन में 12:23 बजे के बाद सिंह लग्न और मृगशिरा नक्षत्र में मिलेगा।

**परेशानी** भीषण गर्मी में पीने के पानी के लिए लोगों को हो रही है दिक्कत

# सूरतगंज ब्लाक क्षेत्र के अधिकांश हैंडपंप खराब

सूरतगंज, बाराबंकी

**अमृत विचार** : स्थानीय ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में लगे हैंडपंप भीषण गर्मी में भी खराब पड़े हैं। इधर जिम्मेदार अधिकारी इनके ठीक होने का दावा कर रहे हैं लेकिन फिर भी लोग प्यासे हैं। सूरतगंज ब्लॉक जिले का सबसे बड़ा ब्लॉक है। 103 ग्राम पंचायतों वाले इस ब्लॉक के अधिकांश हैंडपंप खराब पड़े हैं। ऐसे में इस भीषण गर्मी में पानी के लिए लोगों को दिक्कत न हो इसके प्रत्येक पंचायतों में हैंडपंप रिबोर मरम्मत के नाम पर लाखों रुपये निकाले गए हैं। बावजूद हैंडपंप ठीक नहीं कराए गए। इससे हैंडपंप के आस पास के लोगों को पानी के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।मंगलवार को अमृत विचार ने जब गांवों में इसकी पड़ताल की तो हैंडपंपों की हालत खराब पाई गई। किसी हैंडपंप में बोरिंग खराब मिली, तो कोई पानी नहीं दे रहा था। जो पानी दे भी रहा था, तो वह पीने के लायक नही मिला।

> सभी पंचायतों में लगे सरकारी हैंडपंपों को ठीक कराने के लिए सचिवों को निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही खराब हैंडपंप दोबारा चालू होंगें। जिन इलाकों में समस्या है, वहां टीम भेजकर जल्द ही हैंडपंप ठीक कराए जा रहे हैं।
>
> –देवेंद्र प्रताप सिंह, बीडीओ, सूरतगंज

**केस 1**


उमरी विशुनपुर चौराहे पर खराब हैंडपंप।

उमरी विशुनपुर चौराहे पर लगा सरकारी हैंडपंप कई वर्षों से खराब पड़ा है। मुख्य चौराहा होने के कारण लोगों की भीड़ हमेशा यहां बनी रहती है। लोगों का कहना कि इसकी जानकारी प्रधान से लेकर पंचायत सचिव तक को दी गई है, लेकिन किसी जिम्मेदार अधिकारी ने इसे ठीक कराना उचित नहीं समझा।

**केस 2**


भैरमपुर में इस हाल में है हैंडपंप।

भैरमपुर के लालपुर करौता रोड स्थित सुभान अली घर के पास लगा हैंडपंप महीनों से खराब है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत में पिछले वर्ष नल रिबोर मरम्मत के नाम पर सिर्फ कागजी कार्रवाई की जाने की जानकारी मिली थी। लेकिन इस भीषण गर्मी में गांव में लगे नल खराब पड़े हैं और हमारी सुनने वाला कोई नहीं है।

# बीईओ ने शिक्षकों से मांगा स्पष्टीकरण

**फॉलोअप**

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी


आठ बजे तक नहीं खुला था परिषदीय विद्यालय
सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : शासन के तमाम प्रयासों के बावजूद परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की आदत में बदलाव नहीं हो रहा है। विद्यालय देर से आना और जल्दी जाना इनकी कार्यशैली बन गई है। लखनऊ बाराबंकी से आने वाले शिक्षक समय पर विद्यालय कभी नहीं पहुंचते हैं। सोमवार को क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अमरादेवी और भवानीपुर ददरौली में 8 बजे तक गेट का ताला नहीं खुला था। समय पर अमरादेवी विद्यालय पहुंचे बच्चे गेट पर खेल रहे थे। पूछने पर कक्षा पांच की छात्रा अंशिका ने बताया कि विद्यालय 8 बजे खुलता है। प्रधानाध्यापक पड़ोसी गांव से ...
प्राथमिक विद्यालय अमरादेवी।

अमृत विचार में प्रकाशित समाचार।

**अमृत विचार** : प्राथमिक विद्यालय अमरा देवी के समय पर न खुलने एवं अध्यापकों की लेटलतीफी को लेकर अमृत विचार में सात मई के अंक में आठ बजे तक नहीं खुला परिषदीय विद्यालय शीर्षक से प्रकाशित समाचार का का संज्ञान लेते हुए खंड शिक्षा अधिकारी संजय राय ने विद्यालय के शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा है।

खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा है कि दो दिन के अंदर साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण कार्यालय में उपलब्ध कराएं। स्पष्टीकरण न दे पाने की स्थिति में आवश्यक कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी जाएगी। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी संजय राय ने बताया कि विद्यालय के शिक्षकों को नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## एक नजर

### नालों की सफाई 31 तक करें पूरी : नगर आयुक्त

**अयोध्या, अमृत विचार :** नालों की सफाई का काम 31 मई तक पूरा कर लिया जाए। ये निर्देश नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने मंगलवार को अवधपुरी कॉलोनी व राठहावेली में नाले की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान दिए। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों/ अभियंताओं को जल भराव वाले क्षेत्रों को चिह्नित करते हुए समुचित जल निकासी व्यवस्था के निर्देश दिये हैं। नालों की सफाई के पूर्व व बाद की जियो टैग फोटोग्राफ भी संकलित किये जाने भी निर्देश दिए।

### चुनाव तैयारी की समीक्षा बैठक आज

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी नितीश कुमार आठ मई को विभिन्न कार्यों की समीक्षा करेंगे। दोपहर दो बजे होने वाली समीक्षा में सभी उपजिलाधिकारी/सहायक रिटर्निंग अफसर मौजूद रहेंगे। समीक्षा में 85 वर्ष आयु और दिव्यांगजन मतदाताओं के सम्बंध में तैयारी और प्रशिक्षण सम्बंधी सूचना, फैसिलेटेशन केन्द्र संबंधी सूचना और तैयारी, कमीशनिंग की तैयारी, वेबकास्टिंग और बूथों पर उसकी उपलब्धता संबंधी सूचना, इलेक्ट्रोरल रोल, टीमों के गठन आदि वष्य शामिल होंगे।

### घायल युवक ने तोड़ा दम, मुकदमा दर्ज

**सोहाव, अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही थाना के नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तागंज कोरियन टोला निवासी दो पक्षों में सोमवार रात हुई मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल दलित युवक अर्जुन पुत्र राम अवतार की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने घायल युवक अर्जुन की मौत की पुष्टि करते हुए बताया तहरीर पर केस पंजीकृत कर छानबीन की जा रही है।

# धन्नीपुर मस्जिद के नाम पर चंदा उगाही दो बैंकों में खोले फर्जी खाते

**05** एकड़ जमीन सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सोहावल तलसील के धन्नीपुर में मिली है

## इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी ने गौतमपल्ली थाने में दिया प्रार्थना पत्र

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सोहावल तहसील के धन्नीपुर गांव में आवंटित जमीन पर प्रस्तावित मस्जिद के नाम पर भी चंदे का खेल शुरू हो गया है। अयोध्या की दो बैंक शाखाओं में प्रस्तावित मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद के नाम पर फर्जी खाते खोल लिए गए हैं। इसके लिए आरोपियों ने सोशल मीडिया पर मस्जिद की तस्वीर के साथ बैंक खातों के नंबर भी डाल दिया था। इसकी जानकारी होने पर मस्जिद निर्माण के लिए बने इन्डो इस्लामिक कल्चरल फाउन्डेशन ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी जुफर अहमद फारुखी ने सोमवार को लखनऊ में गौतमपल्ली थाने में प्रार्थना पत्र दिया है।

मंदिर-मस्जिद विवाद में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में मस्जिद निर्माण के लिए सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ को पांच एकड़ जमीन दिए जाने का आदेश किया था। जिस पर प्रशासन ने धन्नीपुर में जमीन उपलब्ध कराई गई है। इसकी देखभाल ट्रस्ट के जिम्मे है। इन्डो इस्लामिक कल्चरल फाउन्डेशन ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी की ओर से दी गई तहरीर में कहा गया है कि ट्रस्ट पदाधिकारी सचिव अतहर हुसैन और ट्रस्ट से जुड़े अरशद अफजाल खान ने बताया है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक चित्र प्रसारित हो रहा है। जिसमें ट्रस्ट की प्रस्तावित मस्जिद मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद का चित्र व अयोध्या श्रृंगारहाट स्थित बैंक खाता संख्या-5556317689, आईएफएससी नंबर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का विवरण दिया गया है। उनका कहना है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने मस्जिद के नाम पर चन्दा वसूली के लिए फर्जीवाड़ा कर खाता खुलवाया है। बताया कि ट्रस्ट की ओर से ऐसा कोई बैंक खाता संचालित नहीं किया जा रहा और न ही ट्रस्ट ने सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कोई खाता खुलवाया है।


धन्नीपुर मस्जिद की फाइल (फोटो)



खोला गया फर्जी खाता संख्या व नाम

### इन बैंकों में ट्रस्ट ने नहीं खोलवाया कोई खाता

ट्रस्ट के सचिव अतहर हुसैन का कहना है कि ट्रस्ट की ओर से अभी तक कुल चार खाते खुलवाए गए हैं। इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के नाम से लखनऊ की हीवेट रोड स्थित आईसीआईसीआई और इंदिरापुरम स्थित कोटक महिंद्रा में और मस्जिद मो. बिन अब्दुल्लाह-इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के नाम से लखनऊ के विभूति खंड स्थित एचडीएफसी व मुंबई कुर्ला बांद्रा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में खाता खोला गया है। किसी ने अयोध्या के सेंट्रल बैंक श्रृंगारहाट और नियावां के फेडरल बैंक में खाता खोलवाया है और सोशल मीडिया तथा विभिन्न वेबसाइटों के माध्यम से इन्हीं खातों में मस्जिद निर्माण में आर्थिक सहयोग के लिए रकम जमा कराई जा रही है। जबकि इन बैंकों में ट्रस्ट का कोई खाता ही नहीं है।

### दूर से किया जा रहा गोरखधंधे का संचालन

साइबर ठगी गिरोह से जुड़े लोग मस्जिद निर्माण के लिए आर्थिक सहयोग हासिल कर रकम हड़पने का गोरखधंधा कहीं दूर बैठकर अंजाम दे रहे हैं। साथ ही एक खाता अलखैर फाइनेन्स के नाम पर संचालित किया जा रहा है। यह तथ्य मामले की छानबीन के दौरान प्रकाश में आया है। गिरोह से संबंधित एक मोबाइल नंबर पर फोन किया गया और मस्जिद निर्माण में सहयोग की इच्छा जताई गई तो फोन उठाने वाले ने भरोसा दिलाने की कोशिश की कि खाता मस्जिद निर्माण के लिए चंदा लेने के लिए ही खोला गया है। वह कंपनी के स्थानीय कार्यालय के बारे से स्पष्ट कुछ नहीं बता पाया। कार्यालय धाम नगर में होने की बात कही।

### डीएम को सौंपा ज्ञापन, आज आईजी से मिलेंगे

प्रस्तावित मस्जिद के निर्माण के लिए फर्जीवाड़ा कर चंदा वसूली के मामले में मंगलवार को सुन्नी सेंट्रल बोर्ड सब कमेटी अयोध्या के मो. आजम कादरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को जिलाधिकारी से मुलाकात की। कमेटी की ओर से जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन की ओर से प्रस्तावित मस्जिद मोहम्मद बिन अब्दुल्ला के निर्माण के लिए अयोध्या के दो बैंकों में खाता खोलवाकर चंदा वसूली के मामले की जांच और कार्यवाही कराने, तत्काल संबंधित बैंक खातों को बंद कराने तथा इन खातों के संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा कार्रवाई की मांग की गई है। प्रस्तावित मस्जिद के फोटोग्राफ का इस्तेमाल कर चंदा वसूली के लिए सोशल मीडिया पर इस मैसेज को डालने वाले की पहचान कराई जाए। प्रतिनिधिमंडल में रिजवान, आरिफ आदि शामिल रहे। मो. आजम ने बताया कि पहले राममंदिर ट्रस्ट के नाम पर फर्जीवाड़ा हुआ था। इस मामले में बुधवार को आईजी से भी मिलेंगे।

> इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी जुफर अहमद फारूकी ने गौतमपल्ली थाने में तहरीर दी है। उनके द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। **- अरविंद कुमार वर्मा, एसीपी हजरतगंज लखनऊ**

## जुलाई से हो सकता है धन्नीपुर मस्जिद का निर्माण

**अरुण पाण्डेय, सोहावल, अयोध्या**

**अमृत विचार:** सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर रौनाही के धन्नीपुर में मस्जिद निर्माण के लिए मिली पांच एकड़ भूमि पर निर्माण कार्य जुलाई माह में शुरू हो जाएगा। पहले चरण में प्रस्तावित मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद का निर्माण होगा और फिर अगले चरण में अस्पताल, इंजीनियरिंग कॉलेज, कम्युनिटी किचन और पुस्तकालय आदि का निर्माण कराया जाएगा। इंडो कल्चरल फाउंडेशन फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी और उत्तर प्रदेश सुन्नी वर्क बोर्ड लखनऊ के अध्यक्ष जुफर अहमद फारुकी ने मंगलवार को बताया कि नक्शा पास कराने को लेकर कुछ बिंदुओं पर आपत्ति थीम जिसका समाधान खोज लिया गया है। अब निर्माण का रास्ता साफ़ हो गया है और शासन-प्रशासन की कोई क़ानूनी अड़चन शेष नहीं है। उन्होंने बताया कि रमजान माह बाद मई महीने से निर्माण शुरु करने की योजना बनाई गई थी, लेकिन तैयारी पूरी न हो पाने के कारण अब निर्माण कार्य जुलाई माह में शुरू कराया जाएगा। पांच एकड़ जमीन पर निर्माण के लिए इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन पूरी तरह प्रतिबद्ध है और जल्द ही मस्जिद का निर्माण शुरू कराया जाएगा।

## वारदात के बाद बेटे को फोनकर बताया, तुम्हारी मम्मी को लगा दिया ठिकाने

अयोध्या,कार्यालय



**वारदात**

- अब जा रहा हूँ आत्महत्या करने और पी लिया एसिड, जंगल में मिली महिला की लाश
- बाबाबाजार थाना क्षेत्र की वारदात, झाड़-फूंक के लिए आई थी महिला

**अमृत विचार।** सीतापुर निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की साड़ी के फंदे से गला घोंटकर हत्या कर दी और खुद ही फोनकर अपने बेटे को वारदात की जानकारी दी। बेटे को बताया कि तुम्हारी मम्मी को ठिकाने लगा दिया है और खुद आत्महत्या करने जा रहा है। उसकी पड़ोसी जनपद बाराबंकी जिला अस्पताल में मौत हुई है, जबकि उसकी पत्नी का शव बाबा बाजार थाना क्षेत्र में जंगल में मिला है। महिला यहां झाड़-फूंक कराने आई थी।

रुदौली और बाबा बाजार प्रतिनिधि के मुताबिक बाबाबाजार थाना क्षेत्र के पहलवान का पुरवा मजरे लोहटी सरैया जंगल में मंगलवार को एक महिला का शव मिला। मौके पर पुलिस पहुंची तो देखा कि मृतका के गले में उसके साड़ी का फंदा कसा हुआ था। क्षेत्र के ही राहुल पुत्र सुरेश निषाद ने मृतका की शिनाख्त फूलझड़ी (38) पत्नी गोपाल निषाद निवासी अर्जुन का पुरवा मजरे हजारा थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर के रूप में की। बताया कि फूलझड़ी उसकी चचेरी सास थी और यहां सोमवार को अपने पति के साथ झाड़-फूंक व कामाख्या देवी दर्शन करने के लिए आई थी। उनके घर रुकने के बाद दोनों कामाख्या धाम के लिए निकल गए थे। इसके बाद थाना प्रभारी राजेश सिंह ने एफएसएल की टीम बुलवा साक्ष्य संकलन और जाँच कराई तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। राहुल का कहना है कि ससुर गोपाल निषाद पुत्र मुराली ने अपने बेटे शैलेश को फोन कर बताया था कि मैंने तुम्हारी मां को मार दिया है और मैं भी आत्महत्या करने जा रहा हूं। उसके बाद गोपाल ने एसिड का सेवन कर लिया तथा अर्ध बेहोशी की हालत में उसको रामपुर मथुरा सीएचसी से जिला चिकित्सालय बाराबंकी रेफर किया गया था, जहां उसकी मौत हो गई।

सीओ रुदौली आशीष निगम ने बताया कि पत्नी की हत्या कर पति की ओर से आत्महत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। महिला का शव यहां बाबा बाजार थाना क्षेत्र में मिला है। पुलिस ने मृतका के भाई कन्हैया पुत्र स्व. महादेव निवासी खेवड़ा गोमतीपुरवा थाना रामपुर मथुरा जनपद सीतापुर की तहरीर पर गोपाल निषाद के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

## पीएम मोदी जेब से नहीं टैक्स के रुपये से फ्री में देते हैं राशन : मायावती

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- बसपा सुप्रीमो ने लखीमपुर खीरी में भाजपा, कांग्रेस-सपा पर साधा निशाना

**अमृत विचार:** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा है कि यूपी में धर्म की आड़ में मुस्लिम समाज का उत्पीड़न किया जा रहा है। भाजपा हिंदुत्व के नाम पर मुस्लिमों से लड़ा रही है। द्वेषपूर्ण व्यवहार हो रहा है। उन्होंने जिले के तिकुनियां कांड का नाम लिए बगैर कहा कि यहां किसानों को कुचलने का काम किया गया। कहा कि राशन मोदी या भाजपा अपनी जेब से नहीं दे रही है। आपके टैक्स के रुपये से फ्री में थोड़ा सा राशन आपको मिलता है।

ईवीएम ठीक रही तो कोई भाजपा की गारंटी, जुमलेबाजी काम नहीं आएगी। राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने खीरी और धौरहरा लोकसभा सीट के प्रत्याशियों क्रमशः अंशय कालरा और श्याम किशोर अवस्थी के समर्थन में चुनावी सभा की। जनसभा में उमड़ी भीड़ देख वह काफी उत्साहित दिखीं। उन्होंने अपने 26 मिनट के भाषण में सभी वर्गों को साधने की कोशिश की। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा घोषणा पत्र में हवाहवाई प्रलोभन दे रहे हैं। इनके झांसे में नहीं आएं। चुनाव के बाद ये घोषणा पत्र को अमल में नहीं लाते। अच्छे दिन नहीं आए। गारंटी 10 सालय में पूरी नहीं हो पाई। हमारी पार्टी कहने से ज्यादा करने में विश्वास रखती है। हमारी उत्तर प्रदेश में चार बार सरकार बनी। बिना किसी घोषणा के हमने तमाम ऐसे काम किए, जिन्हें दूसरी पार्टी अब कर रही हैं। बसपा अपने दम पर चुनाव लड़ रही है। सर्वसमाज को टिकट में उचित भागीदारी दी है। ब्राह्मण और यादव समाज के लोगों को भी सीतापुर सहित कई जगहों पर टिकट दिया है। यूपी में चार बार हम मुख्यमंत्री रहे, तब भी ध्यान रखते थे। किसान को सस्ते साधन दिए। फसल का उचित दाम दिया। केंद्र सरकार और योगी सरकार ने कांग्रेस की तरह जातिवादी, सम्प्रदाय वादी सोच से दलित, मुस्लिम, पिछड़ों को हक नहीं दिया। आरक्षण को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाली कांग्रेस और भाजपा सही मायने में इसके खिलाफ हैं। दोनों दल नहीं चाहते कि इसका पूरा लाभ दलित, आदिवासी और अन्य पिछड़ा वर्ग तक पहुंचे। मुस्लिम पर हिंदुत्व की आड़ में दुर्व्यवहार हो रहा है। बतातें चलें कि पिछले विधानसभा चुनाव में जिले की सभी आठ सीटों पर बसपा को करारी हार मिली थी। इसकी वजह बसपा का वोट बैंक खिसक कर दूसरे पाले में चला गया था।

## पुलिस के लिए डार्क जोन बना नरसिंह मंदिर

**फॉलोअप**

- लापता महंत का अब तक सुराग नहीं, पेड़ की डाल से लटके मिले शव की भी नहीं हो सकी शिनाख्त

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या कोतवाली पुलिस के लिए रायगंज स्थित नरसिंह मंदिर डार्क जोन साबित हो रहा है। इस मंदिर से जुड़ी घटनाओं के मामले में कोई साथक परिणाम सामने नहीं आ पा रहा है। नरसिंह मंदिर सबसे पहले 17 जनवरी 2022 को मंदिर परिसर में धमाके के बाद चर्चा में आया था। मंदिर पर कब्जेदारी को लेकर हुई इस घटना के बाद अयोध्या के नामचीन संत दो फाड़ हो गए थे। पुलिस को यू टर्न लेना पड़ा था। मंदिर के महंत के समर्थक धड़े के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी और कुछ लोगों की गिरफ्तारी भी की गई थी। लेकिन फिर कार्रवाई आगे न बढ़ सकी थी। लगभग एक साल बाद प्रयागराज के माघ मेले के दौरान मंदिर के महंत रामशरण दास संदिग्ध हाल में 10 जनवरी 2023 को लापता हो गए थे और पुलिस ने मामला दर्ज कर तलाश शुरू कराई थी लेकिन अभी तक लापता महंत का कोई सुराग नहीं मिल पाया। महंत के लापता होने के पांच माह बाद एक मई 2023 को सोशल मीडिया पर लाइव होने के बाद मंदिर के पुजारी राम शंकर दास का शव मंदिर के एक कमरे में फंदे से लटका मिला था। घटना के बाद पुलिस ने इसे आत्महत्या बताया था, हलांकि घटना के तीन महीने बाद मृतक पुजारी के पिता की शिकायत पर पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की थी। हलांकि इसी बीच मंदिर परिसर के अहाते में एक अज्ञात अधेड़ का शव पेड़ की एक डाल से गमछे के फंदे के सहारे लटका मिलने के बाद मंदिर फिर चर्चा में आ गया था। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। चौकी प्रभारी रायगंज वीरेंद्र कुमार पाल ने बताया कि मृतक की शिनाख्त के लिए आसपास के लोगों से भी पहचान कराने की कोशिश हुई, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई।

## मतदान के दिन कारखानों में रहेगा अवकाश

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन संबंधित जिलों में कारखानों में काम करने वालों को मतदान के करने के लिए अवकाश रहेगा। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि मतदान के दिन 20 मई को अमेठी, सुल्तानपुर, बाराबंकी, अयोध्या और 25 मई को सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर में कारखानों में काम करने वाले सभी कर्मचारियों को मतदान के लिए सार्वजनिक अवकाश रहेगा। साथ ही अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन कारखाने में कार्यरत कर्मचारियों से कार्य नहीं लिया जाएगा।



## प्रथम तल पर राम दरबार का डिजाइन बना रहे वासुदेव कामत

- राम जन्मभूमि परिसर में लगेगी रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की मूर्ति

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राममंदिर के प्रथम तल पर श्रीराम के दरबार की स्थापना के लिए मशहूर चित्रकार वासुदेव कामत मूर्ति की डिजाइन तैयार कर रहे हैं। इसके साथ ही राम जन्मभूमि परिसर में अब रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास की भी एक मूर्ति स्थापित करने की योजना बनाई गई है। मंदिर निर्माण समिति और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट इस पर सहमति जता दी है।

मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक में राम जन्मभूमि परिसर के विकास को लेकर विभिन्न योजना पर मंथन किया गया। इसमें प्रथम तल पर भगवान श्री राम दरबार को स्थापित करने की योजना पर भी कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस दरबार में भगवान राम के साथ माता सीता-भाई लक्ष्मण, शत्रुघ्न और भरत की प्रतिमा होगी, जिसके लिए राम मंदिर ट्रस्ट ने मशहूर चित्रकार वासुदेव कामत से संपर्क कर चित्र को तैयार करने की जिम्मेदारी दी है। यात्री सुविधा केंद्र में गोस्वामी तुलसीदास के प्रति सम्मान और श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनकी एक प्रतिमा स्थापित की जाएगी।



### मंदिर बनेगा 500 लोगों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम

राम जन्मभूमि परिसर में धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के लिए 500 लोगों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम तैयार किया जाएगा। जिसमें सभी प्रकार की सुविधा और कुछ महत्वपूर्ण लोगों के रुकने की भी व्यवस्था बनाई जाएगी। मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि 15 दिन के अंदर ऑडिटोरियम को तैयार करने का कार्य भी प्रारम्भ कर दिया जाएगा। इसके पहले एक्सपर्ट के द्वारा भूमि परीक्षण का कार्य किया जा रहा है। ऑडिटोरियम का नक्शा तैयार कर दिया गया है। जल्द ही राजकीय निर्माण निगम के द्वारा निर्माण प्रारंभ होगा।

## जिसने मंदिर धोया है, जनता उसको धो डालेगी: अखिलेश

संवाददाता, बिधनू (कानपुर)

- रमईपुर में गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल के समर्थन में जनसभा

**अमृत विचार।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर चुनाव में बेईमानी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा हार के डर से बौखला गई है। करोड़ों मतदाता इनके खिलाफ हैं। जो आदमी हारने लगता है, वह बेईमानी पर उतारू हो जाता है। इनका स्तर इतना गिर गया है कि हम लोग यदि मंदिर में जायेंगे तो मंदिर का परिसर धो देंगे। याद रखिये आज आपने मंदिर परिसर धोया है जनता तुम्हें वोट डाल-डालकर ऐसा धोएगी कि दोबारा वापस नहीं आ पाओगे। अखिलेश मंगलवार को रमईपुर में गठबंधन के प्रत्याशी राजाराम पाल के समर्थन में जनसभा में बोल रहे थे।

अखिलेश यादव दोपहर डेढ़ बजे के बाद रमईपुर जनसभा स्थल पहुंचे। अकबरपुर प्रत्याशी राजाराम पाल और कानपुर आर्यनगर सीट से विधायक अमिताभ बाजपेई ने उनका मंच पर स्वागत किया। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की केवल एक सीट पर लड़ाई है। बाकी सीटें पीडीए व इंडिया गठबंधन के खातों में जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने सेना में अग्निवीर भर्ती शुरू कर दी है। अखिलेश ने मंच में खड़े पुलिसकर्मियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि अगर भाजपा सरकार सत्ता में आई तो पुलिस की नौकरी भी तीन साल की कर देगी। इसलिए हम सबको अपने युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने के लिए सपा को वोट देना होगा। अगर हम सत्ता में आए तो अग्निवीर भर्ती को समाप्त कर देंगे। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि कुछ समय पहले बिल गेट्स ने पीएम मोदी से मुलाकात कर डिजिटल डिवाइस पर बात की थी। भाजपा के चार सौ पार के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि आपने होर्डिंग नहीं देखी, होर्डिंग से एक इंजन गायब है। वह इंजन अब खटारा हो गया है। बोले खटारा इंजन की फोटो नहीं लगाई होर्डिंग में। इस मौके पर विधायक मो. हसन रूमी, पूर्व विधायक सतीश निगम समेत बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


दर्शन के लिए कतार में खड़ी फौजी परिधान में छात्राएं। अमृत विचार

### फौजी परिधान में पहुंचीं छात्राओं ने किये रामलला के दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या की सड़कों पर और श्रीराम लला के दर्शन की कतार में आज फौजी परिधान में सैकड़ों लड़कियों को देखकर राह चलते लोग अचरज से भर उठे। उनके कौतूहल की चिन्ता किए बिना ये छात्राएं कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ती रहीं। ये सारी लड़कियां भारतीय सेना से नहीं थीं किन्तु इनकी सारी तैयारी और परेड उसी तरह ही होती है। पांच मंडलों के 25 जिलों की ये लड़कियां कक्षा आठ से लेकर बारहवीं तक की छात्राएं हैं, और अखंड हिन्द फौज़ से जुड़ी हैं,जिसका मुख्यालय बांदा में है। अखंड हिन्द फौज़ की स्थापना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व विस्तारक राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी ने की है। अखंड हिन्द फौज़ से जुड़ी ये छात्राएं श्रीराम लला का दर्शन करने आई थीं। कारसेवक पुरम में इनके भोजन, विश्राम की व्यवस्था पुरम प्रभारी शिवदास सिंह ने कराई। उन्होंने बताया कि टोली में सम्मिलित लगभग दो सौ छात्राएं प्रयाग, वाराणसी, चित्रकूट, झांसी, कानपुर, इटावा मंडल से आई थीं।

### आज आएंगे केरल के राज्यपाल

**अयोध्या, अमृत विचार :** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान नौ मई को अयोध्या के दौरे पर आएंगे। वह सुबह 11 बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। इसके बाद वह अयोध्या धाम जाएंगे।

### अयोध्या जानकी जन्मोत्सव पर नौ दिवसीय आयोजन कल से

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनंगरी में बैसाख शुक्ल पक्ष से गुप्त नवरात्र का भी श्री गणेश कल हो रहा है। जिसके तहत नौ दिनो तक मां के नौ स्वरुपों की गुप्त आराधना के साथ मां जानकी नवमी का पर्व मनाया जाएगा। 15 मई को जानकी अष्टमी के अवसर पर माँ जानकी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 16 मई को जानकी जन्मोत्सव के मौके पर मंदिर परिसर में फूल बंगले की झांकी का आयोजन किया जायेगा। छोटी देवकाली समाज समिति के महासचिव राजेंद्र सिंह बताते हैं कि 9 मई से नौ दिवसीय अनुष्ठान दुर्गा सप्तशती पाठ प्रारंभ हो रहा है 16 मई को भव्य झांकी के साथ उत्सव का समापन होगा।

### आईपीएल पर सट्टा खेलवा रहे दो लोग गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार।** नगर कोतवाली पुलिस ने आईपीएल मैच के नाम पर ऑनलाइन सट्टे के कारोबार के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह ने मंगलवार को बताया कि नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय और चौकी प्रभारियों की टीम ने मोहल्ला पहाड़गंज घोसियाना निवासी मो. समीर के मकान पर छापा मारा है। मौके से आनलाइन सट्टा खिलवा रहे मो.समीर निवासी मोहल्ला पहाड़गंज घोसियाना कोतवाली नगर व अब्दुल रज्जाक निवासी नियांवा बकरामण्डी थाना कैण्ट को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मौके से दो स्मार्टफोन, सट्टा लगाने वालों का ब्योरा दर्ज करने के लिए इस्तेमाल होने वाली कॉपी-पेन और 13500 रूपये बरामद किया है। दोनों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज करवा पुलिस ने चालान किया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी पहले भी सट्टेबाजी में पकड़े जा चुके हैं और अब्दुल रज्जाक के खिलाफ गैर संप्रदाय की किशोरी से दुष्कर्म तथा विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम का मामला दर्ज मिला है।

**कवायद** — सीआरआरआई रुड़की के वैज्ञानिकों ने दी ट्रेनिंग, अभी चार सड़कें चिह्नित

# रामनगरी में बनेंगी प्लास्टिक से सड़कें

अयोध्या कार्यालय

- फुटपाथ, स्टैंड की व्यवस्था होगी, हरियाली भी दिखेगी
- मुख्यमंत्री ने मार्च में स्वीकृत किये 22 करोड़ रुपये

**अमृत विचार :** रामनगरी में प्लास्टिक वेस्ट से सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए पहले चरण में चार सड़कें चिह्नित की गई हैं। सड़कों के किनारे फुटपाथ, स्टैंड की व्यवस्था होगी, हरियाली भी दिखेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इनके निर्माण के लिए मार्च माह में ही 22 करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं।

मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट शहरी (सीएम-ग्रिड) योजना के तहत पहले चरण में 17 नगर निगमों में सड़कें बननी हैं। इस योजना के तहत अयोध्या नगर निगम में कागजी कार्रवाई शुरू हो गई है। इसके लिए इंजीनियरों को रुड़की के सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने ट्रेनिंग भी दी है। बताया जाता है कि नष्ट नहीं होने से प्लास्टिक का कचरा पर्यावरण के लिए खतरा बन जाता है। यदि कचरे को सड़क बनाने के इस्तेमाल में लाया जाएगा तो इससे निगम को भी फायदा होगा। पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सकेगा।

दूसरा प्लास्टिक के निस्तारण के लिए अलग से बजट भी नहीं रखना पड़ेगा। इसके अलावा सड़क निर्माण में सीजीबीएम सीमेंट ग्राउटेड बिट्यूमिनस मैकेडम (सीजीबीएम) का भी इस्तेमाल किया जाएगा, ताकि सड़क के अंदर पानी न जाए।


रेलवे स्टेशन से एसबीआई तिराहा जाने वाला मार्ग किया गया चिह्नित।

> नगर निगम का निर्माण विभाग सड़क निर्माण कराएगा। इसके लिए टेंडर होगा। ले-आउट तैयार किया जा रहा है। **– अलका गुप्ता, सहायक अभियंता**

### स्टेशन से रामपथ के फुटपाथ को जोड़ने की है योजना

चार सड़कों में रेलवे स्टेशन से एसबीआई तिराहा, मोदहा क्रॉसिंग से दूरदर्शन चौराहा, जिला पंचायत कार्यालय वाला मार्ग, गुरु गोविंद सिंह चौराहे से सैनिक कल्याण भवन तक की सड़कें चिह्नित हुई हैं। इन पर सड़क बनने के अलावा दोनों तरफ फुटपाथ भी रहेंगे। योजना है कि रेलवे स्टेशन से श्रद्धालु सीधा फुटपाथ पकड़कर रामपथ पर आ जाएं। इस योजना के तहत सड़क के किनारे के पेड़ भी नहीं कटेंगे। मान लीजिए 18 मीटर की सड़क है तो दोनों ओर दो-दो मीटर चौड़े फुटपाथ बन जाएंगे। इन्हीं फुटपाथ पर कुछ जगह छोड़कर वाहन स्टैंड भी तैयार कराए जाएंगे।

## ढाबे पर खड़े ट्रक से सात लाख की चॉकलेट चोरी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रुदौली थाना क्षेत्र के एक ढाबे से करीब सात लाख से अधिक की कीमत से चॉकलेट ट्रक से रहस्यमय ढंग से चोरी हो गई। शनिवार रात हुई इस घटना की पुलिस ने दो दिनों तक जांच करने के बाद मंगलवार दोपहर के दर्ज की। पुलिस का तर्क है चोरी संदिग्ध मानते हुए जांच की जा रही थी। इसलिए देर से केस दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश के भालनपुर से ट्रक पर कैडबरी चॉकलेट लादकर ट्रक चालक धर्मवीर सिंह निवासी इटावा सिलीगुड़ी वेस्ट बंगाल जा रहा था। रात एक बजे थाना पटरंगा के फुल्ला सिंह के ढाबा पर ट्रक खड़ा करके सो गया। रविवार सुबह छह बजे सोकर उठने पर ट्रक के पास पहुंचा तो ट्रक में लगी सील और ताला टूटा था। ट्रक से 160 डिब्बा चॉकलेट गायब थी। ट्रक चालक कुलदीप सिंह के मुताबिक चोरी गई चॉकलेट की कीमत सात लाख है। थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि ट्रक से चॉकलेट चोरी होने की जांच होने के बाद अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। दो दिन जांच की जा रही थी।

## एक नजर

### उधार मांग कर लाई बाइक जली, केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मोतिगरपुर थाने के जाजूपुर गांव के कुलदीप सोनकर पांडे बाबा में दुकान करते हैं। आरोप है कि सोमवार को उनके पूर्व परिचीत आशीष तिवारी दुकान पर आए। उनकी बाइक उधार मांग कर कहीं चले गए। शाम को आशीष ने फोन कर बताया कि चंदौली मैंनेपीरा के पास बाइक जला दी गई। मंगलवार को पीड़ित कुलदीप की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आशीष तिवारी के विरुद्ध नामजत केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### किताब खरीदने निकला युवक सात दिन से लापता

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** घर से किताब खरीदने निकले युवक का एक सप्ताह से पता नहीं चल पा रहा है, जिससे परिजन परेशान है। कोतवाली के मुस्तफाबाद सरैया गांव के नंदकिशोर पांडे का नाती अश्वनी कुमार बीते एक मई को शाम चार बजे घर से किताब लेने के लिए साइकिल से कादीपुर आया। तब से वह घर वापस नहीं गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। नंदकिशोर की तहरीर पर पुलिस ने मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल, रेफर

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत स्थित कजियाना दक्षिणी निवासी मखनू कुरेशी (45) सोमवार रात 10 बजे क्षेत्रीय विधायक राजेश गौतम की मां की तेरहवीं में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहा था। तभी सेंट जेवियर्स हाईस्कूल के पास मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में गिर गया, जिससे सर में काफी चोटें आईं। निमंत्रण से लौट रहे लोग उसे सीएचसी दोस्तपुर लाए, जहां से ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया।

# लोकसभा चुनाव में नौ प्रत्याशियों के बीच होगा मुकाबला

## भाजपा, सपा व बसपा के प्रत्याशी का नामांकन पत्र पाया गया वैध, 17 उम्मीदवारों का पर्चा हुआ खारिज

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा क्षेत्र सुलतानपुर में यदि अब किसी ने पर्चा वापस नहीं लिया तो इस बार नौ प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच में 17 उम्मीदवारों का पर्चा विभिन्न कमियों के चलते खारिज कर दिया गया। जबकि, भाजपा, सपा, बसपा समेत नौ प्रत्याशियों का पर्चा वैध पाया गया।

38-सुलतानपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए दाखिल 36 नामांकन पत्रों की जांच भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक रंजीत कुमार की



प्रेक्षक की मौजूदगी में नामांकन पत्रों की जांच करतीं डीएम व उनकी टीम।

उपस्थिति में मंगलवार को रिटर्निंग ऑफिसर कृत्तिका ज्योत्स्ना द्वारा की गयी। दाखिल नामांकन पत्रों में से 09 अभ्यर्थियों के 18 नामांकन पत्र वैध पाए गए तथा 17 अभ्यर्थियों के 18 नामांकन पत्र विभिन्न कमियों के कारण निरस्त किये गये। इस प्रकार अब 09 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र पूर्ण व सही पाये गये।

### इन उम्मीदवारों के पर्चे पाए गए वैध

जिला निर्वाचन अधिकारी/रिटर्निंग ऑफिसर कृत्तिका ज्योत्स्ना ने बताया कि 38-सुलतानपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी मेनका संजय गांधी, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रामभुआल निषाद, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी उदराज वर्मा, मोस्ट बैकवर्ड क्लासेज ऑफ इण्डियन के प्रत्याशी डॉ शिवशंकर इण्डियन, अपना देश पार्टी के प्रत्याशी अब्दुल माबूद, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी के प्रत्याशी जयप्रकाश, आजाद पार्टी के प्रत्याशी गिरीश लाल, निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद आसिफ व उदयराज वर्मा के नामांकन जांचोपरांत वैध पाए गये। इस प्रकार राजनीतिक व गैर राजनीतिक दलों के कुल-09 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र जांचोपरांत वैध पाये गये। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर/उप जिलाधिकारी सदर टीपी सिंह व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर/उप जिलाधिकारी बल्दीराय विदुषी सिंह सहित 20 अभ्यर्थी भी मौजूद रहे।

### इन उम्मीदवारों का पर्चा हुआ खारिज

राष्ट्रीय इंसाफ पार्टी के प्रत्याशी डा. नफीस अहमद, बहुजन मुक्ति पार्टी के कृष्ण कुमार, किसान समाज पार्टी के रमेश कुमार, मौलिक अधिकार पार्टी के रामजी, सत्य क्रांति पार्टी के आकाश सिंह, विश्व बंधुत्व पार्टी के सुधीर कुमार सिंह, राष्ट्रीय डेमोक्रेटिक फ्रंट के शशांक कुमार मिश्र, आदर्शवादी कांग्रेस पार्टी की उर्मिला तिवारी और निर्दलीय उम्मीदवार राज कुमार वर्मा, जयराज गौतम, राम करन, ओम प्रकाश अग्रहरि, बब्लू चौधरी, विश्वनाथ प्रताप सिंह, पूनम, अशोक कुमार व मनोज कुमार का पर्चा विभिन्न कारणों से खारिज हो गया। जिससे इनकी चुनाव लड़ने की हसरत अधूरी रह गई।

# इंस्टाग्राम पर युवती की आपत्तिजनक फोटो वायरल, केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर युवती की आपत्तिजनक फोटो वायरल होने पर परिजनों ने इसकी शिकायत साइबर क्राइम पर की है। जिले के लंभुआ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने साइबर क्राइम पुलिस को तहरीर दी है। उसने बताया कि उनकी पुत्री की आपत्तिजनक फोटो अश्लील मैसेज के साथ अरुण कनौजिया नामक इंस्ट्राग्राम आईडी से वायरल की जा रही है। पुत्री के विवाह तय होने के चलते वह मानसिक व सामाजिक रूप से परेशान हैं। साइबर क्राइम प्रभारी प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# सामान्य, व्यय और पुलिस प्रेक्षक पहुंचे जिले में

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेक्षकों की तैनाती की गई है। 38 लोकसभा सुलतानपुर के लिए प्रेक्षक सामान्य रंजीत कुमार, प्रेक्षक व्यय अजय चक्रवर्ती, पुलिस प्रेक्षक महेश चन्द्र जैन का जिले के पयागीपुर गेस्ट हाउस पहुंच चुके हैं।

400 के वी पयागीपुर गेस्ट हाउस में सामान्य प्रेक्षक को कक्ष संख्या-3, व्यय प्रेक्षक को कक्ष संख्या 7,पुलिस प्रेक्षक को कक्ष संख्या-5 आवंटित किया गया है। किसी भी तरह की शिकायत के लिए प्रेक्षकों से सुबह दस बजे से ग्यारह बजे तक मिल सकते हैं।

साथ ही सामान्य प्रेक्षक के मोबाइल नम्बर-8858575001, व्यय प्रेक्षक के मोबाइल नम्बर- 8858575002, पुलिस प्रेक्षक के मोबाइल नम्बर- 8858575003 पर सूचित कर सकते हैं। साथ ही सामान्य प्रेक्षक के लाइजन ऑफिसर-जिला आबकारी अधिकारी प्रमोद कुमार, मोबाइल नंबर 9891078272, व्यय प्रेक्षक के लाइजन ऑफिसर-सहायक आयुक्त प्रशासन, राज्यकर पंकज कुमार, मोबाइल नंबर -7235001950, पुलिस प्रेक्षक के लाइजन ऑफिसर- अभिहित अधिकारी जिला खाद्य एवं औषधि (प्रशासन) अमर सिंह वर्मा, के मोबाइल नंबर 8881872855 पर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# थाना परिसर में मां-बेटी को मधुमक्खियों ने काटा

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना परिसर में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब मधुमक्खियों के झुंड ने हमला बोल दिया। आसपास चीख पुकार मच गई। लोगों ने भागकर यहां अपनी जान बचाया है। कूरेभार थाने के गेट पर मधुमक्खियों के झुंड ने मंगलवार को एक लड़की पर हमला बोला। मधुमक्खियों ने उस पर हमला बोलते हुए कई जगह काटा तो वह रोड पर चिल्लाते हुए मदद की गुहार लगाकर भागी। दूर से देख रही बेटी के मां ने दौड़कर फौरन बेटी के पास पहुंची। उधर स्थानीय लोग भी बचाव के लिए दौड़े लेकिन मधुमक्खियों के झुंड को देख लोग दौड़कर भाग निकले। वही बेटी को बचाने आई मां को भी मधुमक्खियां नहीं छोड़ा।

# बहुचर्चित गुंगवाछ हत्याकांड में सुनवाई 16 को



▸▸ अमेठी के गुंगवाछ मौजा के राजापुर में दो साल पूर्व चार लोगों की हत्या का मामला

सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अमेठी के गुंगवाछ मौजा के राजापुर में दो साल पूर्व चार लोगों की सनसनीखेज हत्या के मामले में मंगलवार को वकीलों के प्रस्ताव के कारण एडीजे कोर्ट न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में सुनवाई नहीं हो सकी। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कोर्ट में वादी अमरजीत यादव की गवाही दर्ज की जा चुकी है जिससे बचाव पक्ष की जिरह जारी है। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 16 मई की तारीख नियत की है। संपत्ति विवाद में 15 मार्च 2022 को गुंगवाछ में सनसनीखेज घटना में संकठा यादव, हनुमान प्रसाद, अमरेश यादव और नइका देवी की हत्या कर दी गई थी जबकि कई अन्य घायल हुए थे। मामले में पूर्व प्रधान के पुत्र अमरजीत यादव ने केस दर्ज कराया था। मामला अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।

### जेल में निरुद्ध आरोपी को कोर्ट से राहत

**सुलतानपुर :** थाना क्षेत्र के दोस्तपुर के हियाई स्थित दुकान पर दो माह पूर्व दुकानदार रामपलट निषाद से रंगदारी मांगने व पिटाई के मामले में कटघरा चिरानी पट्टी निवासी आरोपी राजू उर्फ अभिषेक सिंह की जमानत न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर ने मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। आरोपी के वकील भृगुपति मिश्र ने अर्जी पेश कर कहा कि मुकदमा पेशबंदी में दर्ज कराया गया। बीते दो माह पूर्व 17 मार्च को कथित घटना में एक लाख रुपए रंगदारी मांगने व न देने पर गाली-गलौज कर दो अज्ञात के साथ हाकी से पिटाई किए जाने की जाने की तहरीर वादी मुकदमा रामपलट निषाद ने दर्ज कराया था। आरोपी बीती 17 मार्च से जेल में निरुद्ध है। अभियोजन व बचाव पक्ष को सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपी की जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है।

### कोर्ट रिक्त होने के कारण माननीयों के केस में सुनवाई टली

**सुलतानपुर :** लंभुआ विधानसभा सीट से पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय समेत 12 आरोपियों के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी/एमएलए कोर्ट रिक्त होने के कारण सुनवाई के लिए 17 मई की तारीख नियत की गई है। वहीं, एमएलसी शैलेन्द्र सिंह व हर्ष फायरिंग के उल्लंघन के आरोपों में पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह व उनकी बहन अर्चना सिंह के केस में सुनवाई के लिए अदालत ने 17 मई की तारीख नियत की है।

# मैं जाति बिरादरी की राजनीति नहीं करती

- सांसद मेनका संजय गांधी ने लंभुआ विधानसभा के महिला महाविद्यालय में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने टिकट घोषित होने के बाद से ही लगातार क्षेत्र में चुनावी दौरे एवं नुक्कड़ जनसभाएं कर रही हैं।

लंभुआ विधानसभा में पिंटू सिंह अध्यक्ष श्रीपाल सिंह महिला महाविद्यालय द्वारा आयोजित नुक्कड़ जन सभा को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के जाति पाति से ऊपर उठकर मैंने काम किया सब की मदद की। उन्होंने कहा कि आपने नवोदय विद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र, पॉलिटेक्निक कॉलेज और अग्निशमन केंद्र बनाने को बोला था मैने बनावा दिया। आपने कहा बिजली बिल समाधान केंद्र बना दो बना दिया, जो जो मांगा मैंने वह सब दिया आपने बोला थाना बनाने के लिए तो थाना दे दिया आपने बोला पोस्ट ऑफिस बनाने के लिए पोस्ट ऑफिस दे दिया। मैंने सुल्तानपुर में अपने पांच साल के




लंभुआ में नुक्कड़ सभा को संबोधित करतीं सांसद मेनका गांधी।

कार्यकाल में एक लाख तीस हजार लोगों को प्रधानमंत्री आवास देने का काम किया। चुनाव बाद एक लाख और आवास देने का काम करूंगी। यहां एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, लोकसभा प्रभारी केके सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रवींद्र प्रताप सिंह, नागेंद्र बहादुर सिंह नेताजी, विधायक प्रतिनिधि कर्नल पंकज वर्मा, अयोध्या वर्मा, मंडल प्रभारी व पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह राणा, सत्य प्रकाश बरनवाल आदि मौजूद रहे।

# पेंशन लाभार्थियों का माह भर बाद भी नहीं हो पाया सत्यापन

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** बीते वित्तीय वर्ष में जिले में करीब एक लाख 10 हजार लोग वृद्धावस्था पेंशन पा रहे थे। वहीं, करीब 46 हजार विधवा पेंशन लाभार्थी पेंशन का लाभ उठा रहे थे। वित्तीय वर्ष बीतने के बाद समाज कल्याण विभाग शासन के निर्देश पर इनका सत्यापन करवा रहा है। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्र के पेंशनरों की सूची गांववार ब्लॉकों को व शहरी क्षेत्र के लाभार्थियों की सूची मोहल्लावार एसडीएम सदर को भेजी गई थी।

समाज कल्याण विभाग ने लाभार्थियों की सूची भेजते हुए संबंधित खंड विकास अधिकारियों व तहसील सदर से 30 अप्रैल तक सत्यापन सूची मांगी थी। लेकिन समय सीमा समाप्त होने के बाद भी अभी तक लाभार्थियों का सत्यापन नहीं हो पाया है।सत्यापन सूची मिलने के बाद ही पेंशनरों को नए वित्तीय वर्ष में पेंशन का लाभ दिया जाना था। मृतकों व गलत लाभार्थियों के मिलने पर उनका नाम काटा भी जाना था। लेकिन अभी तक विभाग को सत्यापित सूची नहीं मिल पाई है।

> लोकसभा चुनाव के चलते सत्यापन कार्य धीरे चल रहा है। जल्द ही बैठक कर सत्यापित सूची मांगी जाएगी। -**अमित सिंह,** समाज कल्याण अधिकारी

# दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग गंभीर

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** आमने-सामने दो बाइकों में टक्कर हो जाने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मंगलवार को सुबह लगभग आठ बजे कस्बे में सुलतानपुर मार्ग पर दो बाइकों में आमने-सामने टक्कर हो गया। जिससे एक बाइक पर सवार दो लोग एवं दूसरे बाइक पर सवार एक व्यक्ति को गंभीर चोट आई। कोतवाली के गोपालपुर गांव के दिलीप (26) एवं इसी गांव के सियाराम (45) एक बाइक से आ रहे थे। तभी सामने से मैंने पर गांव के सुमित पांडेय (18) का आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी कादीपुर ले जाया गया। जहां से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप

### भागवत के बाद भंडारे का आयोजन

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के देहली बाजार में समस्त बाजार वासियों द्वारा श्रीमद् भागवत कथा के उपरांत भंडारा आयोजित किया गया। सभी बाजार वासियों के सहयोग से श्रीमद भागवत कथा के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन कथा व्यास पंडित मोहिताचार्य जी ने सात दिवस तक दिव्य भागवत कथा श्रवण कराई। भंडारे में पुनीत श्रीवास्तव, अरविंद तिवारी, अमर बहादुर, अरविंद यादव, शिव प्रकाश, राधेश्याम अग्रहरि, पवन यादव, बद्री प्रसाद, अनूप यादव आदि ने सहयोग किया।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### एक्सीडेंट में घायल को बचाने दौड़े वृद्ध पर चढ़ा ट्रक, मौत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को हाइवे पर हुए एक रोड एक्सीडेंट में घायल को बचाने दौड़े जल निगम के रिटायर्ड कर्मचारी खुद हादसे का शिकार हो गए। हाइवे पर वाराणसी की तरफ से आ रही ट्रक उनको कुचलते हुए निकल गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा कोतवाली नगर के पयागीपुर से वाराणसी-लखनऊ हाइवे पर भारत भूषण पेट्रोल पंप के सामने का है। जहां पर एक बाइक सवार गिर गया था। उसे बचाने के लिए दिलीप श्रीवास्तव (65) निवासी नारायणपुर अचानक दौड़ पड़े। इसी बीच वाराणसी की तरफ से आ रही ट्रक उन्हें कुचलते हुए निकल गई। हादसे में दिलीप की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश चल रही है। डेडबाडी कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

### पेड़ से टकराई बाइक, एक की मौत, दूसरा घायल

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के भटमई जयसिंहपुर मार्ग पर बाइक सवार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गए। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने एक मृत घोषित कर दिया। दूसरे की हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ रेफर किया गया है। थाना क्षेत्र पलिया गांव निवासी कुलदीप वर्मा (30) पुत्र सदाराम वर्मा व शिवा वर्मा (25) पुत्र राम चेत वर्मा मंगलवार शाम को बाइक से भटमई बाजार की ओर जा रहे थे। शाम करीब साढ़े पांच वह जयसिंहपुर भटमई मार्ग पर मलवा गांव के करीब पहुंचे थे कि बाइक अनियंत्रित होकर बबूल के पेड़ से टकरा गई। जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन दोनों को आनन फानन में मेडिकल कालेज सुलतानपुर ले गए। जहां डॉक्टरों ने कुलदीप को मृत घोषित कर दिया। वहीं शिवा वर्मा की हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ रेफर किया है।

### कार का गेट खुल जाने से बाइक सवार युवक गंभीर, रेफर

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कार का अचानक गेट खुल जाने से लगी टक्कर से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय सीएचसी लाया गया। जहां से उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। कस्बे के शास्त्री नगर मोहल्ले के दिव्यांशु मिश्र (20) सोमवार को दिन में लगभग तीन बजे बाइक से शाहगंज मार्ग पर बिजली का बिल जमा करने जा रहे थे। वह जैसे ही विद्युत कार्यालय के पास के पहुंचे। तभी वहां खड़ी एक कार के चालक ने अपना गेट खोल दिया। जिससे बाइक सवार युवक को टक्कर लग गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी कादीपुर लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने युवक के चाचा की तहरीर पर अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

### टैंकर ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के बभनैया पूरब रावण प्रतिमा के सामने सोमवार दिन में साइकिल सवार कैथौली निवासी श्याम सुंदर (42) की मौत तार कोल लदे टैंकर से हो गई थी। पुलिस मौके से टैंकर व चालक सोनू निवासी मोखरी, थाना पट्टी जिला प्रतापगढ़ को पकड़ कर थाना ले गयी थी। देर रात मृतक के भाई राम सुंदर ने तहरीर देकर टैंकर व ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

### एबीवीपी ने राणा प्रताप महाविद्यालय में लगवाए 21 जलपात्र

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राणा प्रताप पीजी कॉलेज इकाई द्वारा राष्ट्र पुरोधा महाराणा प्रताप की जयंती के पूर्व अवसर पर महाविद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए 21 जलपात्र रखे गए। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डीके त्रिपाठी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा अभाविप द्वारा इस भीषण गर्मी में पक्षियों को जल की व्यवस्था करना पुनीत कार्य हैं। अभाविप विभाग प्रमुख डॉ संतोष अंश ने बताया विद्यार्थी परिषद हरेक कैम्पस में पक्षियों और विद्यार्थियों हेतु जलपात्र रख रहा है। विभिन्न सार्वजनिक स्थल पर जलपात्र रखने की योजना है। इस अवसर पर डॉ. धीरेंद्र कुमार, डॉ. शैलेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. अभय सिंह, डॉ. भारती सिंह ,डॉ. नीतू सिंह, डॉ सीमा सिंह, डॉ. अखिलेश सिंह ,ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह रवि आदि मौजूद रहे।

# वाहन की ठोकर से तेलंगाना की वृद्धा ने तोड़ा दम

▸▸ अयोध्या आए दर्शनार्थियों की टोली में शामिल थी

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचारः** अयोध्या से लौटे तेलंगाना के दर्शनार्थियों की टोली से एक बुजुर्ग महिला सड़क हादसे की शिकार हो गई। एंबुलेंस से वृद्धा को मेडिकल कॉलेज लाया गया जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

तेलंगाना के कमलापुरम जिले के बरगला थाना क्षेत्र के नियरअल्ला गांव के 10 लोग अयोध्या रामलला के दर्शन के लिए आए थे। सोमवार की शाम उनकी टोली अयोध्या से प्रयागराज के लिए निकली थी। रात करीब साढ़े दस बजे अयोध्या प्रयागराज राजमार्ग के कूरेभार के समीप आराम के लिए रुके। इसी बीच उनकी टोली की राजीरम्मा (70) पत्नी सम्मरया राजमार्ग पार करते समय अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिसमें बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से मेडिकल कालेज सुलतानपुर भेजा, जहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार की दोपहर नगर कोतवाली पुलिस ने महिला का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# सूरापुर में लगा भीषण जाम, श्रद्धालु परेशान

**सूरापुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** जाम के दर्द से कराहते सूरापुर बाजार वासियों सहित यात्रियों को राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। धार्मिक स्थल होने के नाते मंगलवार व शनिवार को बाजार में जाम लगना आम बात हो गई है। मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे बाजार में करौंदी कला रोड पर सायरन बजाती हुई एम्बुलेंस काफी देर तक फंसी रही। कालिनेमि वध स्थली पौराणिक विजेथुआ महावीर धाम में दूर- दूर से दर्शन व पूजन करने आने वाले श्रद्धालुओं के कारण सूरापुर बाजार जाम की भेंट चढ़ जाता है। चिलचिलाती धूप में घंटो जाम लगने के कारण बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों सहित मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# चंद्र प्रकाश सचिव व अनुराग बने अध्यक्ष

- ग्रेजुएट टेलीकॉम इंजीनयर ऑफिसर्स एसोसिएशन का गठन

सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बीएसएनएलआल इंडिया ग्रेजुएट टेलीकॉम इंजीनयर ऑफिसर्स एसोसिएशन बिज़नेस एरिया की बैठक में चार जिले सुलतानपुर, रायबरेली, प्रतापगढ़ और जौनपुर शामिल हैं। संगठन की बैठक में शाखा इकाई का गठन किया गया।

बैठक में चन्द्र प्रकाश उप मंडल अभियंता सेल्स एवं मार्केटिंग को जिला सचिव, जिला अध्यक्ष अनुराग सिंह उप मंडल अभियंता रायबरेली एवं जिला कोषाध्यक्ष सुरभि तिवारी उप मंडल अभियंता प्रतापगढ़ और जिला उप सचिव नवीन कुमार



टेलीकॉम इंजीनियर पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर किया गया स्वागत।

अवर दूर संचार अधिकारी जौनपुर को चुना गया। उप मंडल अभियंता जितेंद्र सिंह राठौर, ओपी वर्मा, राम दीन कुशवाहा, संदीप शुक्ला, रविन्द्र प्रताप सिंह, सुनील कुमार दुबे, कृष्णा नंदन मौर्य अवर दूरसंचार अधिकारी सहित चारों जिले के ग्रेजुएट ऑफिसर्स एसोसिएशन के लगभग सभी अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक परिमंडल सचिव शंकर सरन चौधरी की अध्यक्षता और परिमंडल अध्यक्ष शारदा प्रसाद और सहायक परिमंडल सचिव ज्ञानेंद्र कुमार की उपस्थिति में की गई। संचालन रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार मंडल ने किया।

**आयोजन** | दो दिवसीय सेमिनार का समापन, प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

# सूचना प्रौद्योगिकी मानव अस्तित्व का अंग : बसंत

सुलतानपुर

**अमृत विचारः** केएनआई पीएसएस के कंप्यूटर सेंटर में संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंगलवार को दो दिवसीय सेमिनार का समापन हुआ। सेमिनार के द्वितीय दिवस पर मुख्य अतिथि के रुप में सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र के विभागाध्यक्ष बसंत कुमार विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी हमें विभिन्न नवाचारों का उपहार देता है, जिनसे हमारे व्यावहारिक और अनुप्रयोगी ज्ञान में बढ़ोतरी होती है। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी मानव अस्तित्व का अभिन्न अंग है। अब समय आ गया है कि हम नई-नई टेक्नोलॉजी को सीखें, सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कैसे करें और उससे अपने कार्यक्षेत्र कैसे सफलता प्राप्त करें। द्वितीय दिवस पर रिया गुप्ता एवं शशांक गौरव ने नैनो



केएनआईपीएसएस में विद्यार्थियों को वितरित किया गया प्रमाण पत्र। अमृत विचार

टेक्नोलॉजी इन एग्रीकल्चर पर, रवि कुमार एवं तेजस्वनी कुमारी ने एचटीएमएल लैंग्वेज पर, कोमल चौरसिया एवं अमन लाल ने ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी पर, हर्ष कुमार एवं विवेकानंद कुमार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर, आदित्य प्रताप सिंह एवं प्रतीक सिंह ने आईओटी पर आदि छात्रों ने सोशल नेटवर्किंग आदि विषयों पर प्रस्तुतीकरण दिया। सेमिनार के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र मुख्य अतिथि एवं कमला नेहरू विधि संस्थान के प्राचार्य डॉ. मोईन अतहर ने वितरित किए।

# चंदौली का इनामी बदमाश असलहे के साथ दबोचा गया

▸▸ इंद्रपाल पर चंदौली पुलिस ने 15 हजार का इनाम घोषित किया है

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिले के बंधुआ कला थाना क्षेत्र निवासी चंदौली में गोवध निवारण अधिनियम में 15 हजार का इनामिया अभियुक्त था। जिसे बंधुआकला पुलिस ने अवैध असलहे व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

बंधुआकला थाने में तैनात उपनिरीक्षक दिनेश चंद्र हमराहियों के साथ सोमवर की शाम क्षेत्र में थे। तभी सूचना मिली कि 15 हजार का इनामिया बदमाश इंद्रपाल निवासी रामपुर प्राथमिक विद्यालय दादूपुर के पास खड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे दबोच लिया, तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज करते हुए मंगलवार को न्यायालय भेजा। जहां से उसे जेल भेजने की कार्यवाही की गई। बताते चलें कि अभियुक्त के खिलाफ चंदौली जिले के थाना अलीनगर में गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज है। उस पर चंदौली पुलिस ने 15 हजार का इनाम घोषित किया था।

## एक नजर

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**तिलोई ,अमेठी अमृत विचार।** थाना मोहनगंज पुलिस ने सांगीपुर नहर पुल के पास से एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। निरीक्षक राघवेन्द्र प्रताप यादव ने चेकिंग के दौरान विजय कुमार पुत्र शिवशंकर यादव निवासी पूरे औसान मजरे पाकरगांव थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र क़रीब 42 वर्ष को सांगीपुर नहर पुल के पास से समय क़रीब सुबह 07 :20 में गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप यादव बताया कि अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

### वांछित आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी, अमृत विचार।** निरीक्षक राघवेन्द्र प्रताप यादव ने अभियुक्त विजय कुमार यादव पुत्र शिव शंकर यादव निवासी पूरे औसान मजरे पाकरगांव थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 42 वर्ष को सांगीपुर नहर पुल के पास से समय करीब 7 बजे सुबह गिरफ्तार किया ।थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया ।

### नकाबपोश ने प्रधान पत्नी को पीटा

**जगदीशपुर, अमेठी अमृत विचार।** मजार पर माथा टेकने जा रही पूर्व प्रधान की पत्नी की अज्ञात नकाबपोश ने डंडे से जमकर पिटाई करने के उपरांत मौके से फरार हो गया। थानाक्षेत्र के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत इटरौर निवासी पूर्व प्रधान मुजीब अहमद की पत्नी संजीदा बानों पर उस वक्त नकाबपोश द्वारा हमला किया गया जब वह बाबा मंजूर शाह बाबा की दरगाह पर सुबह मत्था टेकने जा रही थी जहां मजार के करीब पहुंची ही थी कि बाइक पर सवार अज्ञात नकाबपोश ने फिल्मी अंदाज में बाइक से उतरकर गाली गलौज करते हुए डंडे से पिटाई शुरू कर दी। चीख पुकार सुनकर दरगाह पर मौजूद लोगों के दौड़ने पर उक्त नकाबपोश मौके से फरार हो गया । इस सम्बन्ध मे थाना प्रभारी ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस की पकड़ में होगा ।

# मतदाताओं को प्रलोभन देने का प्रयास न करें :प्रेक्षक

## चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों के साथ प्रेक्षकों ने बैठक कर किया आगाह

अमेठी



प्रत्याशियों के साथ बैठक करते प्रेक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों तथा उनके प्रतिनिधियों के साथ आज कलेक्ट्रेट सभागार में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित सामान्य प्रेक्षकों ने बैठक की। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक डॉ एन युवराज ने कहा कि अमेठी में मतदान प्रतिशत विगत चुनाव में काफी कम रहा है इस बार चुनाव में सभी लोग अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। आप लोग सभी लोगों को वोट करने के लिए जरूर कहें, मतदाताओं को पैसा, शराब तथा अन्य किसी प्रकार का प्रलोभन देने का प्रयास न करें।

बैठक में पुलिस प्रेक्षक दीपक गहलावत, व्यय प्रेक्षक संजय कुमार, जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने प्रत्याशियों को आदर्श आचार संहिता का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित करने, निर्वाचन के दौरान होने वाले व्यय विवरण तथा भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों की जानकारी दी। चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सहयोग की अपेक्षा की।

प्रेक्षकों ने कहा कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन संबंधी शिकायतों के लिए सी विजिल ऐप विकसित किया गया है जिस पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन संबंधी शिकायत की जा सकती है जिसके निस्तारण के लिए 100 मिनट के अंदर उड़न दस्ता टीम भेज कर किया जाएगा। चुनाव प्रचार के दौरान कोई ऐसा कृत्य न करें जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता हो। बैठक में पुलिस प्रेक्षक ने कहा कि मतदान के दिन मतदान अभिकर्ता को बूथ के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा, बूथ के अंदर सिर्फ माकपोल के समय ही प्रवेश दिया जाएगा। व्यय प्रेक्षक ने बताया कि निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी को स्वयं अथवा अपने एजेंट के साथ संयुक्त खाता खुलवाना होगा। चुनाव में होने वाले सभी खर्चो का भुगतान उसी खाते के माध्यम से किया जाएगा। मतदान से पूर्व व्यय लेखा रजिस्टर का तीन तिथियां क्रमशः 10, 14 व 17 मई को मिलान किया जाएगा। चुनाव अवधि में केवल एक बार 10 हजार तक नगद भुगतान किया जा सकता है अन्य सभी भुगतान चेक तथा आरटीजीएस के माध्यम से किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि रैली, जुलूस, जनसभा, लाउडस्पीकर, वाहन, अस्थाई चुनाव कार्यालय, हेलीकॉप्टर आदि की अनुमति के लिए प्रत्याशी को कम से कम 48 घंटे पूर्व ऑनलाइन आवेदन करना होगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, दिनेश कुमार मिश्रा भी मौजूद रहे।

### बसपा प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क

**जायस/तिलोईअमेठी।** बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी नन्हे सिंह चौहान ने मंगलवार को जायस कस्बे के साथ तिलोई विधानसभा क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक बाजारों में मतदाताओं के बीच सघन जनसंपर्क किया। नन्हे सिंह ने मतदाताओं से बहन मायावती के नाम पर वोट मांगे और कहा कि सुशासन और विकास बहुजन समाज पार्टी की पहचान है। मंडल प्रभारी विजय कुमार गौतम ने कहा कि देश में बसपा ही एक मात्र पार्टी है जिसने कभी घोषणा पत्र नहीं जारी किया। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती जी ने चार बार के मुख्य मंत्रित्व काल में दुनिया में गुड़ गवर्नेंस का उदाहरण प्रस्तुत किया।

## भाजपा ने की प्रदेश में रामराज्य की स्थापना: भूपेंद्र चौधरी

**गौरीगंज अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने मंगलवार को यहां कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य करते हुए देश और प्रदेश का सर्वांगीण विकास किया है, प्रदेश में राम राज्य की स्थापना की है, बिजली, सड़क ,शिक्षा चिकित्सा सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, भारत विश्व गुरु के पथ पर अग्रसर है

वे अमेठी लोकसभा क्षेत्र के मुंशीगंज स्थित आशीर्वाद लान में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर भारतीय जनता पार्टी आज भारत की ही नहीं अपितु विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गई है।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष।

भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की 10 साल तथा प्रदेश की 7 साल की सरकार में जो भी घोषणा पत्र में शामिल था। उन्होंने कहा कि लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में ज्यादातर 60 या 65 प्रतिशत ही वोटिंग होती है ।जबकि पंचायत चुनाव में मत प्रतिशत अधिक होता है ऐसे में सभी कार्यकर्ता व्यक्तिगत स्तर पर चुनाव को लेते हुए मतदान 85 से 95 प्रतिशत तक होना सुनिश्चित करायें। सांसद स्मृति इरानी ने कहा कि एक समय था जब भाजपा के लोगों को परेशान किया जाता था, कोई बीजेपी का झंडा लेकर चलता था तो उसे परेशान किया जाता था ,आज परेशान करने वाले लोग स्वयं अमेठी से नामांकन करने का हिम्मत नहीं कर रहे हैं। राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ,जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी, प्रभारी शंकर गिरी, संयोजक दयाशंकर यादव, प्रभारी राजकिशोर रावत,जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रां आदि मौजूद रहे। संचालन सुधाँशु शुक्ला ने किया।

## आप लोग गांधी परिवार व हमारी ताकत हैं : प्रमोद तिवारी

**अमेठी।** अमेठी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत हलियापुर कस्बे में ब्लाक अध्यक्ष अजय सिंह के निवास पर कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने कांग्रेस व गठबंधन के सपा तथा आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया तथा उपस्थित इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए क्षेत्र में सक्रियता बढ़ाते हुए लोगों से संपर्क कर ज्यादा से ज्यादा पार्टी के पक्ष में मतदान कराने के लिए विस्तृत चर्चा की। कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जिस उद्देश्य से हमें भेजा है मैं बिना आप लोगों के सहयोग से पूरा नहीं कर सकता। आप लोग राहुल गांधी तथा हमारी ताकत हैं।

कांग्रेस के दिग्गज नेता प्रमोद तिवारी ने कार्यकर्ताओं से मुखातिब होते हुए कहा कि जैसा आप लोगों को शिकायत रहती है कि राहुल गांधी से मुलाकात नहीं हो पाती मैं गारंटी लेता हूं कि किशोरी लाल हर हफ्ते अमेठी में मिलेंगे। अमेठी में हुए काम के बारे में उन्होंने कहा कि भाजपा ने अमेठी में कांग्रेस के पास करायें गये कामों को पूरा करा अपना नाम दे दिया है तथा इस पांच सालों में महंगाई बढ गई है तथा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जहां गरीब महिलाएं मिलें उनहे बताइए कि राहुल गांधी की योजना है कि हर गरीब परिवार की एक महिला को लखपति बनाएंगे यह कांग्रेस का संकल्प है बेरोजगार को नौकरी मिलेगी आदि बातों के बारे में बताया। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी, विजयपासी,वीर विक्रम सिंह, अजय सिंह नेता, सुल्तानपुर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक राणा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते प्रमोद तिवारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### स्कूल टॉपर रहीं नित्या बाजपेई

**शुकुल बाजार ,अमेठी अमृत विचार।** क्षेत्र के सेंट जॉन पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाली नित्या बाजपेई को अपने विद्यालय प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। दूसरे स्थान पर नव्या बाजपेई रही। क्लास टीचर हर्षिता दुबे ने प्रमाण पत्र देकर डनहे सम्मानित किया। रेखा शुक्ला एवं आशीष गिरी प्रधानाचार्य सेंट जॉन पब्लिक स्कूल के तरफ से शील्ड व भविष्य के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### महाविद्यालय के छात्रों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली



जागरूकता रैली निकालती छात्राएं। अमृत विचार

**फुरसतगंज ,अमेठी, अमृत विचार।** जायस के पंकज माहेश्वरी स्मृति महाविद्यालय नन्दग्राम द्वारा मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में जायस में एक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमे छात्र छात्राओं का उत्साह देखते ही बनता था जागरुकता रैली को रामलीला मैदान हनुमान दल जायस से उपप्रबंधक परवेज अल्वी द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ कराया। रैली मे उपस्थित छात्र छात्राओं के गगनभेदी नारों "केवल नही आप मतदाता, हैं भारत के भाग्य विधाता ", "पहले मतदान फिर जलपान "भारत माता की जय से पूरा जायस गुंजायमान हो गया रैली राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बस स्टैंड मोड़ वहाबगंज बाजार होते हुए हनुमान दल पहुंची ।

### सीधे विकास की बात करती है भाजपाः ब्लॉक प्रमुख



नुक्कड़ सभा को संबोधित करते ब्लाक प्रमुख। अमृत विचार

**तिलोई अमेठी अमृत विचार।** ब्लॉक तिलोई के प्रमुख मुन्ना सिंह ने मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी के समर्थन में कूरा ग्रामसभा के बाबा बरखंडेश्वर धाम पूरे दलगंजन सिंह में नुक्कड़ सभा को सम्बोधित किया ।सभा को संबोधित करते हुए प्रमुख ने कहा कि भाजपा सीधे विकास की बात करती है। इस कार्यक्रम में पूर्व प्रधान देवनारायण पासी, मनोज कुमार सिंह लिटिल, अमित मिश्रा अष्ट रमन प्रताप सिंह, राजकरण उपाध्याय, मेराज, इम्तियाज, इस्राइल, हनुमान साहू, रितेश सिंह,अरविंदसिंह, जितेंद्र पाण्डे, संजय मिश्रा,तेज बहादुर कोरी, आदि ग्राम सभा के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

### लूट के बाद घर के अंदर बिखरा पड़ा सामान, शिकायत

**अमृत विचार, अमेठी।** कोतवाली अंतर्गत कमासिन गांव में 27अप्रैल की शाम शराब के नशे में महिलाओं और बच्चों से अभद्रता और मारपीट करने के मामले की जांच मंगलवार को पुलिस ने दुबारा की। एक सप्ताह पहले दीवान मामले की जांच कर चुके हैं, मंगलवार को दरोगा ने भी मामले की जांच की। अभी तक रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई। है। पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री से आनलाइन शिकायत की है।

# सो रहे परिवार को बंधक बनाकर लाखों की लूट

अमेठी



कमरे में चोरों द्वारा बिखेरा गया घर का सामान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अमेठी कस्बे में बीती रात्रि एक ही कमरे में सो रहे परिवार को बंधक बनाकर नगदी सहित लाखों के जेवरात लूटकर चोर फरार हो गए। पीड़ित परिवार की सूचना पर मौके पर पहुंची 112 पुलिस ने पोल के सहारे छत पर चढ़कर बंधको को मुक्त कराया।

अमेठी कस्बे के सरवनपुर धंमौर रोड निवासी सौरभ तिवारी के घर को निशाना बनाकर बीते सोमवार की रात्रि अज्ञात चोर घर के बाहर लगे पोल के सहारे छत पर चढ़कर एक ही कमरे में सो रहे परिवार के सभी सदस्यों बाहर से कमरा बंदकर बंधक बनाकर नगदी सहित लाखों के जेवरात चोर लेकर फरार हो गए । पीड़ित द्वारा अमेठी थाने में दी गई तहरीर के अनुसार अज्ञात चोरों द्वारा एक ही कमरे में सो रहे उनके पूरे परिवार को बाहर से कमरा बन्द कर बंधक बनाकर बगल के कमरे को खोलकर आलमारी के लॉकर व बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखा 15 ग्राम सोने की चैन, 5 ग्राम सोने की अगूंठी व 18000 रुपये नगद की चोरी करके चोर मौके से फरार हो गए। मंगलवार की सुबह साढ़े पांच बजे परिजन जब उठे तो बाहर से दरवाजा बंद था। जिसके 112 नम्बर पर सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पोल के सहारे ही छत पर चढ़कर कमरे में बंद बंधक परिवार को मुक्त कराया।

### आपूर्ति चालू होने से लाइन मैन झुलसा

**अमृत विचार, अमेठी ।** मंगलवार को विद्युत विभाग के लापरवाही के चलते 11 हजार वोल्ट की लाइन ठीक करते समय आपूर्ति चालू होने से लाइनमैन झुलस कर घायल हो गया। साकरमाना पट्टी गांव निवासी राम मूरत यादव मंगलवार को सिडडाउन लेकर हथकिला गांव में 11 हजार वोल्ट की लाइन ठीक कर रहा था। तभी अचानक विद्युत आपूर्ति चालू हो गई। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे अवर अभियंता ने ग्रामीणों की मदद से निजी वाहन से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी गए जहां पर उसका इलाज हुआ। पीडित ने बताया वह सिटडाउन लेकर काम कर रहा था अचानक बिजली आ गई वह गिरकर घायल हो गया ।

# भाजपा, कांग्रेस और बसपा ने चुनावी समर में झोंकी ताकत

अमेठी

**अमृत विचार।** नामांकन पत्रों की वापसी के बाद लोक सभा चुनाव के लिए 13 प्रत्याशी मैदान में रह गये हैं। तीनों प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा, कांग्रेस और बसपा चुनावी समर में पूरी ताकत लगा रहे हैं। मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए भाजपा और कांग्रेस के स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम शुरू हो गये हैं। बसपा के स्टार प्रचारक अभी तक चुनावी सभाएं करने नहीं आए हैं। यहां से 13 प्रत्याशी मैदान में हैं। अभी तक चर्चा सिर्फ केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, के एल शर्मा और बसपा प्रत्याशी नन्हे सिंह चौहान की है।

केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने न्याय पंचायत शक्ति केन्द्रों के भ्रमण का कार्यक्रम पूरा करने के बाद तीन दिन से नुक्कड़ सभाएं कर रहीं हैं। स्मृति के समर्थन में मंत्रियों के साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सांसदों और विधायकों की टीम संसदीय क्षेत्र के गांवों में मतदाताओं को साधने की कोशिश में लगी हुई है।

बसपा प्रत्याशी नन्हे सिंह चौहान का नामांकन 1मई को हुआ. था। नन्हे सिंह चौहान 2मई से सेक्टर और बूथ कमेटियों के कार्यकर्ताओं के साथ गांव-गांव जाकर सघन जनसंपर्क कर रहे हैं। बसपा प्रत्याशी के समर्थन में चौहान समाज के कार्यकर्ताओं की दो टीमें गांवों में जाकर पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं को साधने में जुटी हुई है। इंडिया एलाइंस के प्रत्याशी के एल शर्मा की घोषणा विलम्ब से होने के कारण समाजवादी पार्टी के तमाम समर्थक नन्हे सिंह चौहान के लिए काम कर रहे हैं। बसपा ने संसदीय क्षेत्र को दो सौ के आसपास संख्या में सेक्टरों में बांटा है । इंडिया एलायंस के प्रत्याशी के एल शर्मा ब्लाक वार चुनावी सभाएं कर रहे हैं। के एल शर्मा की जीत सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस के मुख्य संगठन के पदाधिकारियों के साथ सभी फ्रंटल संगठन और राजीव गांधी महिला विकास परियोजना से जुड़ी महिलाएं गांव-गांव, घर-घर प्रचार में जुटी हुई है।

### आज अमेठी आएंगी प्रियंका गांधी

**अमेठी।** भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के समर्थन में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, आदि नेताओं के कार्यक्रम हो चुके हैं। कांग्रेस प्रत्याशी के एल शर्मा के समर्थन में कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा नामांकन सभा को संबोधित कर चुकी हैं। प्रियंका आठ मई को अमेठी आयेंगी। बसपा सुप्रीमो मायावती की ओर से नियुक्त स्टार प्रचारक अभी तक चुनावी मैदान में नहीं नजर आए हैं।

## वर्ग पहेली-63

**बाएं से दाएं**

3. इस लोक से भिन्न लोक
4. बेसन का बना नमकीन पकवान।
6. यंत्र
7. 1. गाड़ी का धुरा, छोटा धुरा 2. अक्ष, चूल 3. पहिए का केंद्रक।
8. 1. भार उठाने वाला, बोझा ढोने वाला, कुली 2. पालकी ढोने वाला।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. नियमित रूप से कुछ करने का तरीका एवं क्रम, दिनचर्या, नित्यक्रम, नित्यचर्या 2. शृंखलाबद्ध क्रिया आदि।
2. ईश्वर, भगवान।
3. 1. कच्ची अफ़ीम को सुखाने से प्राप्त तरल पदार्थ 2. किसी वस्तु या पदार्थ में से रिस-रिसकर निकलने वाला तरल पदार्थ, जलांश 3. स्वेद, पसीना।
5. दे. सागौन।
6. ओलती, फूस या खपरैल के मकान के छाजन या छप्पर का वह स्थल जहां से वर्षा का जल नीचे गिरता है।



### वर्ग पहेली -62 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 खो | टी | | | 2 फ़ा | | |
| | | 3 टो | | उं | | |
| | | क | | टे | | 4 कं |
| 5 छि | छो | रा | प | न | | का |
| | | | | पे | | लि |
| | | 6 कॉ | श | न | म | नी |
| 7 ठी | हा | | | | | |

## सुडोकू -142

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 7 | | | 1 | | |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | |
| | | 3 | | 6 | | | | 4 |
| 7 | | | 3 | | | | 6 | |
| 8 | 6 | | | | | | 3 | |
| | 3 | | | | 4 | 9 | | |
| 5 | | | | 3 | | 8 | | |
| | 1 | | | | 2 | 3 | | |
| | | 7 | | | | | 4 | |

### सुडोकू -141 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 |
| 9 | 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 6 | 3 | 7 | 8 | 9 | 4 | 2 | 5 | 1 |
| 1 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 | 5 | 6 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 7 | 6 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 8 | 1 | 7 | 2 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 | 5 |
| 7 | 2 | 9 | 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 मई बुधवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 08 .51 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 13 .33 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

**मेष** – आज कारोबार में विस्तार कर सकते हैं। जीवनसाथी आपको प्रसन्न करने का प्रयास करेगा। नए लोगों के बीच काम करने के अवसर मिलेंगे। आप अपने पसंदीदा कार्यों में काफी व्यस्त हो सकते हैं। मित्रों से शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**वृष** – आज संतान की अवहेलना न करें। दिखावे के लिए आप अपनी क्षमता से ज्यादा धन खर्च कर सकते हैं। आपको कुछ कठिन काम अकेले करने पड़ सकते हैं। व्यापारिक कारण से किसी सहयोगी से झगड़ा हो सकता है।

**मिथुन** – आज वरिष्ठ अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े कारोबारियों को काफी लाभ होगा। घर में संबंधियों का आना-जाना लगा रहेगा। दोपहर के बाद आप किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मिल सकते हैं।

**कर्क** – आज दोपहर के बाद थोड़ा हल्कापन महसूस करेंगे। खर्चों में संतुलन बनाने की कोशिश कर सकते हैं। जॉब में सहयोगियों को नाराज न करें। सिरदर्द और थकान के कारण काम में मन नहीं लगेगा। बिजनेस में जोखिम भरे कार्य न करें।

**सिंह** – आज परिवार में कोई पारंपरिक उत्सव हो सकता है। छात्र प्रतियोगी परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करें। घर पर वेबसीरीज या साहित्य में सक्रिय हो सकते हैं। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। प्रेम संबंधों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**कन्या** – आज अपनी प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। कुछ लोग आपके विश्वास को तोड़ सकते हैं। इससे आप मानसिक रूप से कुछ अशांत महसूस करेंगे। आयात-निर्यात के कारोबार में लाभ होगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा।

**तुला** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बदलते मौसम को लेकर सिरदर्द और बुखार की समस्या होगी। जीवनसाथी के लिए आप कुछ उपहार खरीद सकते हैं। नए विचारों और योजनाओं से प्रभावित रहेगे। दूर की यात्राओं के लिए दिन अच्छा है।

**वृश्चिक** – आज अविवाहित लोगों के लिए विवाह से संबंधित कोई रिश्ता सामने आ सकता है। मन में छिपे हुए भय को दूर करने का प्रयास करें। गृहस्थ जीवन में खुशहाली रहेगी। अधूरे कार्यों को आसानी से पूरे कर लेंगे। परिवार में आपका महत्व बढ़ेगा।

**धनु** – आज व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ होने से मन प्रसन्न रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कृषि कार्यों से बड़ा धन लाभ हो सकता है। भविष्य को लेकर कोई सार्थक निर्णय ले सकते हैं।

**मकर** – आज नई परियोजनाओं में काम करने का विचार बनाएं। जीवनसाथी की भावनाओं को सम्मान दें। गुस्से में आपके काम बिगड़ सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई में कुछ परेशानियां आ सकती है। परिवार में शुभ आयोजन हो सकता है।

**कुंभ** – आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ रहेगी। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ सकता है। जोड़ों और घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है। बुद्धिमान लोगों का परामर्श लेना हितकर होगा। भरोसेमंद व्यक्तियों का ध्यान रखें।

**मीन** – आज नए करियर को लेकर जो प्लानिंग आप कर रहे हैं,उसे साकार करने के लिए समय उत्तम है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में सावधानी रखें। विश्वासघाती लोगों से आपको दूरी बना लेनी चाहिए। कई दिनों से जो काम रुका हुआ था वो बन सकता है।

## आज की फिल्में


**B4U MOVIES**
- कातिलों के कातिल — सुबह :10 .16
- शिव शक्ति — रात : 07 .00

**SONY PIX**
- रैमपेज — सुबह : 10 .47
- होटल ट्रान्सिलवेनिया 3 — रात : 09 .17

**SONY MAX**
- डबल एक्स एल — सुबह : 09 .45
- स्टारफिश — शाम : 06 .00

**ZEE CINEMA**
- जीरो — सुबह : 09 .55
- लवशुदा — रात : 07 .45

**colors CINEPLEX**
- हेरा फेरी — दोपहर : 12 .02
- आन : मेन एट वर्क — रात : 09 .01

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर दोपहर : 12 .02 बजे


## जोक्स ऑफ द डे

पुलिस- हम पुलिस वाले हैं, दरवाजा खोलो।
चिंटू- क्या काम है ?
पुलिस- बात करनी है।
चिंटू- कितने लोग हो ?
पुलिस- चार लोग हैं।
चिंटू- तो फिर मेरा क्या काम है, आपस में बात कर लो।

चेन स्नैचिंग वाले महिला के गले से हार खींच कर ले गए।
अगले दिन महिला बहुत ज्यादा दुखी हुई। हार के लिए नहीं , अखबार वालों ने छाप दिया- वृद्ध महिला के गले से हार छीन भागे चेन स्नैचर।

पितृपैतामहं राज्यं प्राप्तवान् स्वेन कर्मणा।
वायुरभ्रमिवासाद्य भ्रंशयत्यनये स्थितः॥

अन्याय के मार्ग पर चलने वाला राजा विरासत में मिले राज्य को उसी प्रकार से नष्ट कर देता है, जैसे तेज हवा बादलों को छिन्न-भिन्न कर देती है।

## संपादकीय

# वैश्विक सुरक्षा का मुद्दा

बढ़ते वैश्विक तनाव के समय में व्लादिमीर पुतिन ने 5 वीं बार रूस के राष्ट्रपति का पद संभाल लिया है। मंगलवार को एक समारोह में पुतिन ने कहा कि अपनी शक्ति के भीतर वो सब कुछ करेंगे, जो वह देश के लिए कर सकते हैं। बीते करीब 25 वर्षों से देश की सत्ता पर काबिज पुतिन, जोसेफ स्टालिन के बाद राष्ट्रपति के पद पर सबसे लंबे समय तक रहने वाले रूस के पहले नेता बन गए हैं। 1999में राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन का उत्तराधिकारी बनने के बाद से पुतिन ने रूस को आर्थिक पतन से उबारते हुए एक ऐसे देश के रूप में तब्दील कर दिया है, जिसे पश्चिम देश वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा मानते हैं। इस बीच पुतिन ने एक बार फिर दुनिया को तनाव में डाल दिया है। रूस ने पहली बार सार्वजनिक रूप से सामरिक परमाणु हथियारों के साथ सैन्य अभ्यास का ऐलान किया है। रूस ने 6 मई को कहा कि वह एक सैन्य अभ्यास करेगा जिसमें सामरिक परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का अभ्यास शामिल होगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस अभ्यास का आदेश राष्ट्रपति पुतिन ने दिया था। आखिर रूस ने ऐसा किया क्यों, रूस के इस कदम का यूक्रेन के साथ जंग पर असर क्या पड़ेगा? असल में रूस ने यह कदम तब उठाया है जब कुछ दिन पहले ही पश्चिमी देशों ने यूक्रेन के साथ युद्ध को लेकर रूस के खिलाफ बयानबाजी की थी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने हाल ही में कहा था वह यूक्रेन में सेना भेजने के विचार से इनकार नहीं कर रहे हैं।

वहीं, ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन ने कहा था कि कीव की सेना रूस के अंदर लक्ष्यों पर हमला करने के लिए ब्रिटेन के लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग कर सकेगी। यानि रूस का ये फैसला नाटो और फ्रांस के सैनिकों को सीधे तौर पर जंग में शामिल होने के संकेतों के बीच आया है। मौजूदा वक्त में रूस ने अब जिस तरह का कदम उठाया है उससे दुनिया के देशों की चिंताएं बढ़ने वाली हैं। क्योंकि परमाणु हथियार कितने खतरनाक होते हैं इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अगर किसी भी देश ने परमाणु बम का इस्तेमाल किया तो सब कुछ बर्बाद हो जाएगा। रूस में ये घटनाक्रम ऐसे वक्त में हो रहा है जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग यूरोप के दौरे पर हैं। महत्वपूर्ण है कि जैसे-जैसे रूस और पश्चिम के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है, पुतिन की आक्रामक मुद्रा और परमाणु विध्वंसक क्षमता के संभावित प्रभावों को देखते हुए, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय सतर्क बना हुआ है।

# मंत्री ने जब शेषन को वीरान रास्ते कार से उतार दिया



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

दफ्तर वापस पहुंच शेषन ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से उनकी नई जीप ली। मंत्रियों के आगे के कार्यक्रम बिना रुकावट के निपटाए जाने की उनकी ड्यूटी थी। आखिरी कार्यक्रम रात्रि आठ बजे कम्युनिस्टों के प्रभाव क्षेत्र वेदासंदुर में था। कार्यक्रम सरकारी था, लेकिन चुनाव में सिर्फ एक महीना बाकी था।

कार की पिछली सीट पर दो मंत्रियों के बीच में एक युवा आईएएस ऑफिसर बैठा था। एक मंत्री ने उस अधिकारी से सवाल किया कि उस कर्मचारी का मामला पुलिस को क्यों सौंपा? उसे वापस लो। ऑफिसर दो टूक था, 'इसे आप लिखकर दें।' 'क्या मेरा कहना काफी नहीं?' ऑफिसर के "नहीं" जवाब ने मंत्री का गुस्सा आसमान पर पहुंचा दिया। मंत्री ने ड्राइवर को कार रोकने का आदेश दिया। बीच रास्ते वीराने में ऑफिसर को कार से उतार दिया गया। आगे और भी बहुत कुछ रोचक घटित हुआ। यह ऑफिसर टीएन शेषन थे। करियर के आखिरी दौर में देश के मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर उन्होंने इतिहास रच दिया।

लोकसभा के चुनाव की गहमा-गहमी के बीच जब-तब शेषन की चर्चा होती रहती है। नौकरी की शुरुआत से ही नियम -कानून के पाबंद शेषन के तेवर आखिर तक कायम रहे। पढ़िए उनकी आत्मकथा 'थ्रू द ब्रोकन ग्लास' से उद्धृत उनकी नौकरी की शुरुआत का एक रोचक प्रसंग, आईएएस में चयन और विभिन्न प्रशिक्षण के बाद शेषन को डिंडीगुल (तमिलनाडु) में सब कलेक्टर के तौर पर तैनात किया गया। तहसीलदार नारायण पिल्लई ने उनकी ओर एक कागज बढ़ाया जिसमें एक ग्राम अधिकारी द्वारा तकावी लोन की वसूली तीन हजार की रकम गबन किए जाने की शिकायत थी। फौरन ही शेषन ने कर्मचारी को सस्पेंड, चार्जशीट करने और पुलिस में एफआईआर करने के आदेश दिए। कहा कि जरूरी कागज मेरे दफ्तर से प्राप्त कर लो। तहसीलदार ठिठक गए। शेषन की सवालिया निगाहों के जवाब में उन्होंने जल्दबाजी न करने की सलाह दी। उन्हें याद दिलाया कि इस कर्मचारी की पत्नी तालुका कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष है। आगे समस्या हो सकती है। शेषन अपने आदेश पर अडिग थे। उसी रात कर्मचारी की गिरफ्तारी हो गई। दो दिन बाद मदुरै जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शेषन से मिलने पहुंचे। वे मुख्यमंत्री के.कामराज के खास थे। उन्होंने केस वापस लेने का दबाव डाला। इंकार के जवाब पर नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहने की चेतावनी के साथ वे वापस हुए। एक हफ्ते



बाद शेषन के तैनाती इलाके में मंत्री पी. कक्कन और वी.रमेश के साझा कार्यक्रम थे। चुनाव में एक महीना बाकी था। शेषन को दोनों मंत्रियों ने अपनी कार में साथ बिठाया। पंद्रह मिनट की यात्रा के बाद मंत्री कक्कन जिनके पास पुलिस और राजस्व सहित कई महत्वपूर्ण विभाग थे, ने शेषन से सवाल किया कि वे कांग्रेस का क्यों विरोध कर रहे हैं? शेषन ने ऐसा कुछ करने से इंकार किया तो उस कर्मचारी के खिलाफ पुलिस में मामला क्यों दर्ज कराया? डिपार्टमेंटल एक्शन काफी था। फौरन केस वापस लो। शेषन ने उन्हें मद्रास वापसी पर लिखित आदेश भेजने का अनुरोध किया। नाराज कप्पन ने पूछा, 'क्या मेरा कहना काफी नहीं?' एक बार फिर इंकार के जवाब से खफा मंत्री ने ड्राइवर को कार रोकने और शेषन को कार से उतरने का हुक्म दिया। कार आगे बढ़ गई। तेज धूप से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे खड़े शेषन अपने दफ्तर वापस पहुंचने के लिए किसी वाहन के इंतजार में थे।

दफ्तर वापस पहुंच शेषन ने एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से उनकी नई जीप ली। मंत्रियों के आगे के कार्यक्रम बिना रुकावट के निपटाए जाने की उनकी ड्यूटी थी। आखिरी कार्यक्रम रात्रि आठ बजे कम्युनिस्टों के प्रभाव क्षेत्र वेदासंदुर में था। कार्यक्रम सरकारी था, लेकिन चुनाव में सिर्फ एक महीना बाकी था। तय था कि मंत्री विपक्षियों पर आक्रामक रहेंगे। शेषन ने तहसीलदार को बुलाकर चर्चा की। आशंका थी कि विरोधी पहले कार्यक्रम स्थल की बिजली गुल करेंगे और फिर जहां महिलाएं बैठी हैं, वहां चूहे छोड़कर सांप -सांप का शोर करके भगदड़ कराएंगे। बचाव के लिए माइक को एक कार की बैट्री से जोड़ा गया। वहां मौजूद सरकारी गाड़ियों को मंच के सामने दूरी पर इस तरह खड़ा किया गया कि बिजली गुल होने पर उनकी हेड लाइट से रोशनी मिल सके।

आशंका सही निकली। जोरदार विस्फोट की आवाज के साथ अंधेरा छा गया। सांप-सांप का शोर मचा, लेकिन गाड़ियों की हेडलाइट्स काम आईं। माइक की आवाज भी नहीं थमी। कार्यक्रम को अस्त-व्यस्त करने की कोशिश नाकाम रही। मंत्रियों के भाषण पूरे हुए। तहसीलदार को पास बुला मंत्री कप्पन्न ने उनकी दूरंदेशी के लिए तारीफ की। तहसीलदार ने कहा कि इसके वे नहीं बल्कि वो हकदार हैं, जो जीप में बैठे हैं। एक बार फिर मंत्री कप्पन और शेषन आमने-सामने थे। मंत्री ने पूछा आप मंच पर क्यों नहीं आए? शेषन ने उन्हें रास्ते में उतारने का जिक्र किया। फिर यहां क्यों आए? शेषन के जवाब, 'वो मेरी ड्यूटी थी' ने मंत्री को झेंपने के लिए मजबूर कर दिया। इस घटना के तीन दिन बाद मुख्यमंत्री के.कामराज डिंडीगुल आए। मंत्री कप्पन भी उनके साथ थे। स्टेशन पर कलेक्टर और एसपी के साथ स्वागत के लिए शेषन भी मौजूद थे। आगे बढ़ते हुए कामराज ने शेषन को पास बुलाया और कहा, 'मैंने सुना कि कप्पन ने तुम्हारे साथ बदसलूकी की।' शेषन ने ऐसा कुछ नहीं कह बात को खत्म करने की कोशिश की, पर कामराज ने मामले को गंभीरता से लिया था। उन्होंने कहा, 'उस दिन जो कुछ हुआ उसकी उन्हें पुलिस से रिपोर्ट मिल चुकी है।' सभी की मौजूदगी में तेज स्वर में कामराज मंत्री कप्पन से मुखातिब हुए, 'मेरे-आपके लिए ऑफिसर्स से खराब व्यवहार मुनासिब नहीं है। अगर ऑफिसर कोई गलत काम करें तो आप अकेले में उनसे बात करें। दूसरों के सामने उन्हें अपमानित न करें। आपने उन्हें कार से क्यों उतारा? जिस पीड़ित की आपने फिक्र की वह सरकार से अपील कर सकता है। राजनीति के इस बुनियादी वसूल को समझिए कि अगर ऑफिसर्स अपमानित किए जाएंगे तो सरकार का अपमान होगा।'

शेषन आत्मकथा ऐसे उदाहरणों से भरी पड़ी है कि कैसे उन्होंने अनियंत्रित अधिकारियों को वश में किया और उन्हें एक प्रभावी चुनावी सेना बनने के लिए प्रशिक्षित किया। कुछ ही समय में उनके नेतृत्व में ईसीआई ने देश के चुनावी परिदृश्य पर प्रभाव डालना शुरू कर दिया। राजनेताओं और राजनीतिक दलों को अभूतपूर्व गर्मी का एहसास होने लगा। भारतीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया के इतिहास में शेषन का योगदान मजबूत आधार बन गया है। उन्होंने रास्ते में आने वाली हर बाधा को अकेले ही खत्म कर दिया, चाहे वह कार्यकारी प्रक्रियाएं हों या कानूनी बाधाएं, उन्होंने पूरे साहस, अपने प्रशासनिक कौशल और राजनीतिक वर्ग के साथ अनुभवों के साथ उनका डटकर सामना किया।

> शेषन की आत्मकथा ऐसे उदाहरणों से भरी पड़ी है कि कैसे उन्होंने अनियंत्रित अधिकारियों को वश में किया और उन्हें एक प्रभावी चुनावी सेना बनने के लिए प्रशिक्षित किया। कुछ ही समय में उनके नेतृत्व में ईसीआई ने देश के चुनावी परिदृश्य पर प्रभाव डालना शुरू कर दिया। राजनेताओं और राजनीतिक दलों को अभूतपूर्व गर्मी का एहसास होने लगा। भारतीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया के इतिहास में शेषन का योगदान मजबूत आधार बन गया है। उन्होंने रास्ते में आने वाली हर बाधा को अकेले ही खत्म कर दिया, चाहे वह कार्यकारी प्रक्रियाएं हों या कानूनी बाधाएं, उन्होंने पूरे साहस, अपने प्रशासनिक कौशल और राजनीतिक वर्ग के साथ अनुभवों के साथ उनका डटकर सामना किया।

## प्रसंगवश

# पानी नहीं तो दारू पियो



शंभूनाथ शुक्ल
वरिष्ठ पत्रकार

गर्मी का ताप लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन लू नहीं चलती। यह ज्यादा खतरनाक है और पानी के अभाव में ऐसा होता है। पछुआ हवाएं, जब चलती हैं तो भले गर्म हों, लेकिन राहत देती हैं। शायद यह सब ग्लोबल वार्मिंग के कारण हो। नदी, नहरें, नाले, तालाब और जलाशय सब सूखे पड़े हैं। अंग्रेजों के वक्त जितनी भी नहरें बनीं, उनके दोनों किनारों पर 220 मीटर तक नहर विभाग की जमीन होती थी, जिस पर न खेती की जा सकती थी, न ही कोई वहां बसेरा बना सकता था। कई-कई कोस की दूरी पर नहर विभाग की कोठियां जरूर होती थीं जिनमें इंस्पेक्शन करने जाने वाले एक्जीक्युटिव इंजीनियर रुकते थे। हर बड़ी नहर के समानांतर एक और नहर होती जिसमें मुख्य नहर का पानी बढ़ने पर छोड़ा जाता और वह सोख्ते का काम करती। पर अब न नहरें दिखती हैं, न नदियां न वे कोठियां और न ही वह हरियाली। आधुनिक जीवनशैली के नाम पर हर चीज का कारपोरेटीकरण हो गया है और इसमें सहायक बने आईएएस अधिकारी। खासकर जिला अधिकारियों ने नहर विभाग ही नहीं हर विभाग की स्वायत्तता खत्म कर दी है। पहले जिले में कलेक्टर, पुलिस कप्तान, सिविल सर्जन (जिसे अब मुख्य चिकित्सा अधिकारी कहते हैं) और एक्जीक्युटिव इंजीनियर समान स्तर के पद होते थे, लेकिन जैसे सत्ता मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के हाथ में सिमटती गई, वैसे ही सारे सरकारी विभाग जिलाधिकारी के पास। इससे लूट का बाजार गर्म हुआ। नहर विभाग की जमीनों पर कब्जे होने लगे, सिंचाई विभाग कंगाल हो गया और अब तो पीडब्लूडी का भी यही हाल है। वन विभाग का अधिकारी कहां है, किसी को नहीं पता होगा। सबसे खराब स्थिति तो मद्य-निषेध विभाग और जिला कृषि अधिकारी तथा जिला भूमि संरक्षण अधिकारी की है। जिले में माइनिंग माफिया को खुद जिला अधिकारी (डीएम) पनपाते हैं, कई जगह कानूनी तौर पर तो कई जगह अवैध, लेकिन कानून के बूते भी क्या आप आम आदमी से उसके हिस्से की हवा, पानी और सूरज की रौशनी छीन लोगे? अगर पीएम, सीएम और डीएम की मनमानी चलती रही तो अगले 20 वर्षों में न हरी-भरी धरती बचेगी, न शुद्ध जल और न ही हवा। बचेंगे तो दारू के ठिकाने और उच्च पथों पर सरपट दौड़ती गाड़ियां।

# गाद तो हमारे ही माथे पर है



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

> तालाब तो लोक की संस्कृति सभ्यता का अभिन्न अंग हैं और इन्हें सरकारी बाबुओं के लाल बस्ते के बदौलत नहीं छोड़ा जा सकता।

इस बार गर्मी जल्दी आई और साथ में प्यास भी गहराई। केंद्र सरकार की हजार करोड़ की "हर घर जल योजना" ने बढ़ते ताप के सामने दम तोड़ दिया, आखिर धरती का सीन चीर कर गहराई से पानी उलीचने से हर एक का कंठ टार होने से रहा। वैसे हकीकत तो यह है कि अब देश के 32 फीसदी हिस्से को पानी की किल्लत के लिए गर्मी के मौसम का इंतजार भी नहीं करना पड़ता है-बारहों महीने, तीसों दिन यहां जेठ ही रहता है।

समझना होगा कि एक अरब 44 करोड़ की विशाल आबादी को पानी देना महज सरकार के जिम्मे नहीं छोड़ जा सकता। इस गर्मी में सूखती जल निधियों के प्रति यदि समाज आज सक्रिय हो जाए तो अगली गर्मी में उन्हें यह संकट नहीं झेलना होगा। एक बात समझ लें प्रकृति से जुड़ी जितनी भी समस्या हैं, उनका निदान न वर्तमान के पास है न भविष्य के। इसके लिए हमें अतीत की ही शरण में जाना होगा। थोड़ी गाद हटानी होगी-कुछ सूख चुकीं हमारे पुरखों द्वारा बनाई जल निधियों से और कुछ अपनी समझ से देखें। थोड़ी भी बरसात हुई तो समाज पानीदार बन सकता है। यदि कुछ दशक पहले पलट कर देखें तो आज पानी के लिए हाय-हाय कर रहे इलाके अपने स्थानीय स्त्रोतों की मदद से ही खेत और गले दोनों के लिए अफरात पानी जुटाते थे। एक दौर आया कि अंधाधुंध नलकूप रोपे जाने लगे, जब तक संभलते जब तक भूगर्भ का कोटा साफ हो चुका था।

समाज को एक बार फिर बीती बात बन चुके जल-स्त्रोतों की ओर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है -तालाब, कुंए, बावड़ी, लेकिन एक बार फिर पीढ़ियों का अंतर सामने खड़ा है। पारंपरिक तालाबों की देखभाल करने वाले लोग किसी और काम में लग गए और अब तालाब सहेजने की तकनीक नदारद हो गई है। तभी बीते तीन दशक में केंद्र और राज्य की अनेक योजनाओं के तहत तालाबों से गाद निकालने, उन्हें सहेजने के नाम पर अफरत पैसा खर्च किया गया और नतीजा रहा 'ढाक के तीन पात'।

भारत के हर हिस्से में वैदिक काल से लेकर ब्रितानी हुकूमत के पहले तक सभी कालखंडों में समाज द्वारा अपनी देश-काल-परिस्थिति के मुताबिक बनाई गई जल संरचनाओं और जल प्रणालियों के कई प्रमाण मिलते हैं जिनमें तालाब हर एक जगह हैं। रेगिस्तान में तो उन तालाबों को सागर की उपमा दे दी गई तो कन्नड़ में कैरे और तमिल में ऐरी। यहां तक कि ऋग्वेद में सिंचित खेती, कुओं और गहराई से पानी खींचने वाली प्रणालियों का उल्लेख मिलता है। हड़प्पा एवं मोहनजोदड़ो (ईसा से 3000 से 1500 साल पूर्व) में जलापूर्ति और मल निकासी की बेहतरीन प्रणालियों के अवशेष मिले हैं। ईसा से 321-297 साल पहले, कौटिल्य का अर्थशास्त्र बानगी है, जो बताता है कि तालाबों को राज्य की जमीन पर बनाया जाता था। समाज ही तालाब गढ़ने का सामान जुटाता था, जो लोग इस काम में असहयोग करते या तालाब की पाल को नुकसान पहुंचाते, उन्हें राज्य-दंड मिलता। आधुनिक तंत्र की कोई भी जल संरचना 50 से 60 साल में दम तोड़ रही हैं, जबकि चंदेलकाल अर्थात् 1200 साल से अधिक पुराने तालाब आज भी लोगों को जिंदगी का भरोसा दिए हुए हैं। जाहिर है कि हमारे पूर्वजों की समझ कितनी सूझबूझभरी एवं वैज्ञानिक थी। उन दिनों उन्नत जल-विज्ञान और कुशल जलविज्ञानी का पूरा समाज था, जो मिट्टी और जलवायु की बेहतरीन समझ रखते थे।

यदि आजादी के बाद विभिन्न सिंचाई योजनाओं पर खर्च बजट व उससे हुई सिंचाई और हजार साल पुराने तालाबों को क्षमता की तुलना करें तो आधुनिक इंजीनियरिंग पर लानत ही जाएगी। अंग्रेज शासक चकित थे, यहां के तालाबों की उत्तम व्यवस्था देखकर। उन दिनों कुओं के अलावा सिर्फ तालाब ही पेयजल और सिंचाई के साधन हुआ करते थे। फिर आधुनिकता की आंधी में सरकार और समाज दोनों ने तालाबों को लगभग बिसरा दिया, जब आंख खुली तब बहुत देर हो चुकी थी।

तालाब तो लोक की संस्कृति सभ्यता का अभिन्न अंग हैं और इन्हें सरकारी बाबुओं के लाल बस्ते के बदौलत नहीं छोड़ा जा सकता। असल में तालाब की सफाई का काम आज के अंग्रेजीदां इंजीनियरों के बस की बात नहीं है। दो साल पहले केंद्र सरकार ने देश के सभी तालाबों का सर्वेक्षण करवा कर क्रांतिकारी काम किया। उसके बाद अमृत सरोवर योजना के तहत भी देश के कुछ तालाबों की तकदीर बदली है। यह समझना होगा कि जब तक सहेजे गए तालाबों का इस्तेमाल समाज की हर दिन की जल जरूरत के लिए नहीं होगा, जब तक समाज को इन तालाबों का जिम्मा नहीं सौंपा जाता, तालाब की समृद्ध विरासत को स्थापित नहीं किया जा सकता।

## सोशल फोरम

# प्रतिष्ठा के खेल और खिलाड़ी



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

प्रतिष्ठा या इज्जत या इमेज से मध्यवर्ग के लोगों को सबसे अधिक प्यार है, जबकि प्रतिष्ठा सबसे अधिक मुश्किलें खड़ी करती है। हमारे अनेक मित्र कहते हैं कि इस तरह मत लिखा करो प्रैस्टीज डाउन हो जाएगी। मित्रों में पहले मित्रता बड़ी थी अब प्रतिष्ठा बड़ी हो गई है।

प्रतिष्ठा के कारण व्यक्ति की सामाजिक-राजनीतिक-आर्थिक-राजनीतिक हैसियत महत्वपूर्ण हो गई और इंसानियत और समानता के मूल्यबोध की विदाई कर दी गई। इस बीमारी को हर शहर, संगठन, गली, मुहल्ले और मित्र सर्किल में सहज ही देख सकते हैं। मनुष्यों में प्रतिष्ठा की बीमारी पशुओं से आई है। जंगल में हर पशु की अपनी प्रतिष्ठा है। शेर की सबसे अधिक प्रतिष्ठा है। अन्य पशुओं की तरह शेर भी मूल्यहीन जीवन जीता है, लेकिन पशुओं में उसकी साख होती है। मनुष्य भी उससे डरते हैं। हम मध्यवर्ग के लोगों में प्रतिष्ठा पाने की जबर्दस्त भूख है, जबकि प्रतिष्ठा सबसे बुरी चीज है, लेकिन हम सब उससे प्रेम करते हैं, प्रतिष्ठित व्यक्ति से जुड़ना अपना गौरव समझते हैं। सवाल किया जाना चाहिए प्रतिष्ठित होकर या प्रतिष्ठा पाकर व्यक्ति को क्या मिलता है? क्या उसके पास बेहतरीन जीवन मूल्य आ जाते हैं? क्या वह अच्छा इंसान बन जाता है? अच्छा इंसान बनने के लिए प्रतिष्ठा या इज्जत की नहीं बेहतरीन जीवन मूल्यों की जरुरत होती है। हम व्यक्ति पर बातें करते समय उसकी शोहरत, पद, सामाजिक-राजनीतिक-आर्थिक हैसियत की बातें करते हैं। उसके राजनीतिक कनेक्शनों की बातें करते हैं, लेकिन उसके जीवन मूल्यों पर बातें नहीं करते। यही वजह है हमारे आसपास मूल्यहीनता और राजनीतिक अवसरवाद खूब फलता-फूलता है। हम उसे वैध मानने लगते हैं, जबकि उसकी ये गतिविधियां अवैध हैं, पाशविक हैं। चूंकि समाज में प्रतिष्ठा पाने की होड़ मची है। इसके कारण हम तेरी-मेरी उसकी प्रतिष्ठा के खेल में सारी जिंदगी गुजार देते हैं। काश, हम प्रतिष्ठा से मुक्त हो पाते।

-फेसबुक वॉल से

# शिव बटालवी: मैंनू तेरा शबाब लै बैठा...



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

> दिल्ली में शिव कुमार बटालवी आए और अमृता प्रीतम के हौजखास वाले घर में न हाजिरी दें और अपनी ताजा रचनाएं न सुनाएं यह संभव नहीं था।

पंजाबी के निश्चित रूप से सबसे सशक्त गीतकारों में से एक शिव बटालवी को करोलबाग के खालसा कॉलेज में आए हुए आधी सदी से ज्यादा का वक्त गुजर गया है, पर अब भी कुछ लोगों को याद है जब उनकी रचनाओं पर सैकड़ों श्रोता झूम उठे थे। शिव बटालवी कविता पाठ करते हुए रो भी रहे थे। यह बात 1970 की है। शिव बटालवी तब अपनी लोकप्रियता के शिखर पर थे। उन्होंने अपना कविता पाठ इस रचना से शुरू किया-मैंनू तेरा शबाब लै बैठा, /रंग गोरा गुलाब लै बैठा।/ किन्नी पीती ते किन्नी बाकी ए/ मैंनू एहो हिसाब लै बैठा/ चंगा हुंदा सवाल ना करदा,/ मैंनू तेरा जवाब लै बैठा/ दिल दा डर सी किते न लै बैठे/ लै ही बैठा जनाब लै बैठा।

विरह के कवि शिव बटालवी को खालसा कॉलेज में पंजाबी के साहित्यकार डॉ. हरभजन सिंह लेकर आए थे। वहां पर हरमीत सिंह भी मौजूद थे। वे तब खालसा कॉलेज के छात्र थे और आगे चलकर यहां के शिक्षक और फिर प्रिंसिपल भी बने। शिव कुमार 'बटालवी' ने जैसे ही अपना गीत...की पुछ दे ओ हाल फकीरां दा/साडा नदियों बिछड़े नीरां दा/साडा हंज दी जूने आयां दा/साडा दिल जलया दिलगीरां दा...(हम जैसे फकीरों का हाल आप क्या पूछते हैं, हम तो नदियों से बिछड़े पानी जैसे हैं। जैसे किसी आंसू से निकले हैं) सुनाया तो खालसा कॉलेज में मौजूद श्रोता जिनमें मुख्य रूप से पंजाबी थे, की आंखें छलकने लगीं। शिव कुमार बटालवी (1936 -1973) की उन कविताओं को सबसे ज्यादा पसंद किया गया जिनमें करुणा, जुदाई और प्रेमी के दर्द का बखूबी चित्रण है। वे 1967 में साहित्य अकादमी पुरस्कार पाने वाले सबसे कम उम्र के साहित्यकार बने।

शिव कुमार बटालवी अपने दिल्ली के कार्यक्रमों में अपनी इन कालजयी पंक्तियों-पिच्छे मेरे, मेरा साया/ अग्गे मेरे, मेरा न्हेरा/किते जाए न बाहीं छड्डु/ वे तेरा बिरहड़ा(पिच्छे-पीछे, अग्गे-आगे, न्हेरा-अंधेरा, बाहीं – बांह, छड्डु-छोड़) तथा बिरहा बिरहा आखिए/बिरहा तूं सुल्तान/ जिस तन बिरहा न उपजे/ सो तन जान मसान (आखिए-पुकारिए, कहिए) अवश्य सुनाया करते थे। कह सकते हैं कि सुनाते इसलिए थे, क्योंकि श्रोताओं की मांग होती थी। दिल्ली में शिव कुमार बटालवी आए और अमृता प्रीतम के हौजखास वाले घर में न हाजिरी दें और अपनी ताजा रचनाएं न सुनाएं यह संभव नहीं था। अमृता प्रीतम जी का घर पंजाबी साहित्य की अनमोल धरोहर था। शिव कुमार बटालवी के आने पर एक महफिल खासतौर पर आयोजित होती थी। उसमें चित्रकार इमरोज, हिंदी, पंजाबी, अंग्रेजी और उर्दू के लेखक करतार सिंह दुग्गल, सरदार नानक सिंह (पवित्र-पापी फिल्म के निर्माता), डॉ.हरभजन, गुरुबख्श सिंह, महेन्द्र सिंह सरना (भारत के अमेरिका में एंबेसडर रहे नवतेज सरना के पिता), कुंवर महेन्द्र सिंह बेदी, उद्योग सागर सूरी, पंजाबी के गायक केसर सिंह नरूला (जसपिंदर नरूला के पिता) वगैरह अवश्य मौजूद रहते थे।

एक बार काव्य की धारा बहने लगती तो फिर वे अलसुबह तक जारी रहती। इस बीच, केसर सिंह नरूला और उनकी पत्नी मोहिनी नरूला किसी महफिल में पंजाबी का सदाबहार लोकगीत लट्ठे दि चादर, उत्ते सलेटी रंग माइया गाने के बाद शिव बटालवी की रचनाएं सुनाते थे। नरूला जी बताते थे कि अमृता प्रीतम के दिल के बहुत करीब थीं शिव बटालवी की रचनाएं। वह शिव की रचनाएं बार-बार पढ़ा करती थीं।

# विश्व मानवता और बंधुत्व का प्रतीक रेडक्रॉस



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

मानव इतिहास के सबसे काले क्षणों में जब दुनिया संघर्ष और अराजकता से बिखरी हुई है। ऐसे में रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट की अंतर्राष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी) युद्ध और संकट के समय प्रभावित लोगों के लिए करुणा, निष्पक्षता और अटूट समर्थन प्रदान करती है। मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के कारण लाखों लोगों को पीड़ा झेलनी पड़ी है और अतीत की तरह आज भी रेड क्रॉस मानवता के पक्ष में लगातार आशा की किरण बना हुआ है।

रेड क्रॉस एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है इसका मुख्य उद्देश्य मानव के अनमोल जीवन की रक्षा करना है। इसके द्वारा युद्ध या विपदा के समय में युद्धों में लोगों की सहायता की जाती है। यह संस्था केवल युद्ध के समय नहीं, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं, महामारियों और अन्य आपातकालीन खतरों में भी मानव सहायता प्रदान करती है। शिविरों का आयोजन, प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम इसके मुख्य शिविरों में से हैं। रेड क्रॉस की स्थापना वर्ष 1863 ई. रेड क्रॉस की स्थापना हेनरी ड्यूनेन्ट द्वारा जेनेवा में की गई थी।

रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना के पीछे मुख्य विचार यह था कि मानवता की सेवा को कोई सीमा नहीं दी गई। इसके द्वारा विभिन्न उद्यमों के बीच समन्वय स्थापित किया जाता है। यह युद्ध के समय, महामारी बीमारी, प्राकृतिक आपदा के समय असंतुलन की सहायता करता है। इसका मुख्य कार्य पीड़ित व्यक्ति की मानव सेवा है। रेड क्रॉस की स्थापना का उद्देश्य युद्ध के समय घायल सैनिकों को चिकित्सा सहायता प्रदान करना और आपदा प्रबंधन के दौरान मदद करना है। रेड क्रॉस संस्था द्वारा ऐसे लोगों को सहायता प्रदान की जाती है। यह लोगों के उपचार, भोजन, स्वच्छ पानी और रहने की व्यवस्था सरकार के साथ मिलकर करती है। आपदा के समय यह संस्था सरकार के प्रयासों को आसान बनाती है और अधिक से अधिक मानव जीवन की रक्षा करने का प्रयास करती है। इसका मुख्यालय जेनेवा जॉगर (स्विट्जरलैंड) में स्थित है।

जीन हेनरी ड्यूनैंट के जन्म दिवस 8 मई को अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत में रेड क्रॉस सोसाइटी की शुरुआत 1920 में हुई थी। भारतीय रेड क्रॉस का मिशन हर समय सभी प्रकार की मानवीय गतिविधियों को प्रेरित करना, प्रोत्साहित करना और आरंभ करना है ताकि मानवीय पीड़ा को कम किया जा सके और रोका भी जा सके। इस प्रकार शांति के लिए अधिक अनुकूल माहौल बनाने में योगदान दिया जा सके। वर्ष 1901 में रेड क्रॉस को शांति का सबसे पहला नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था। इसके बाद इसे तीन अवसरों (1917, 1944 और 1963 में) को नोबेल पुरस्कार दिया गया।

रेड क्रॉस सोसाइटी की भूमिका आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितना कि इसकी स्थापना के समय था। जैसे-जैसे दुनिया के नए-नए आविष्कार और आपदाओं का सामना होता है, रेड क्रॉस सोसाइटी का महत्व और भी बढ़ता जाता है। इसके स्वयं सेवक और कार्यकर्ता विश्वभर में मानवता की सेवा में लगे हुए हैं। वास्तव में रेड क्रॉस के 90 प्रतिशत कार्यबल में स्वयं सेवक शामिल हैं। जीवन के सभी क्षेत्रों से हजारों लोग युद्ध और मानवीय पीड़ा के समय पीड़ा को कम करने और सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन स्वयं सेवकों की निस्वार्थता संगठन के स्थायी प्रभाव का एक प्रमाण है।

## एक नजर

### बाइक की टक्कर से दुकानदार की पत्नी की मौत

**प्रतापगढ़, अमृत विचार** : नौहर हुसेनपुर गांव निवासी बाबूलाल गुप्ता ने गनईडीह चौराहे के पास चाय-नाश्ते की दुकान खोल रखी है। इसी दुकान पर रहकर बाबूलाल और उसकी पत्नी 48 वर्षीय सुमन गुप्ता साथ में काम करते हैं। सोमवार रात सवा नौ बजे सुमन दुकान बंद कर पैदल घर जा रही थी। इसी दौरान गनईडीह चौराहे के पास रखहा से प्रतापगढ़ की तरफ जा रहे बाइक सवार युवक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जहां देर रात उसकी सांस थम गईं। दिलीपपुर थाने के एसआई सुरेश यादव ने बाइक समेत युवक को हिरासत में लेने के बाद व्यापारी की पत्नी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### भाजपा नेता समेत सात पर केस दर्ज

**कुण्डा प्रतापगढ़, अमृत विचार** : परान का पुरवा हीरागंज निवासी जय सिंह को कुछ लोगों ने रविवार रात मामूली विवाद के बाद घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया। जय सिंह की तहरीर पर महेशगंज पुलिस ने भाजपा नेता अभय प्रताप सिंह पप्पन, उनके भाई नीरज और गुलशन, मनोज, रामू समेत सात के खिलाफ बलवा, मारपीट जानलेवा हमला, छिनैती आदि धाराओं में केस दर्ज कर लिया।

### कल मनाई जाएगी महाराणा प्रताप की जयंती

**प्रतापगढ़, अमृत विचार** : अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा नौ मई को महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। शहर के सदर मोड़ पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के मंडल प्रभारी अरुण सिंह मुख्य अतिथि रहेंगे।यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय महामंत्री व जिलाध्यक्ष जबर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 9 बजे शुरू होगा।

# संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने संदीप, सूर्यकांत महामंत्री निर्वाचित

## वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विभाकर शुक्ल,उपाध्यक्ष पद पर बालेन्दु त्रिपाठी चुने गए

लालगंज, प्रतापगढ़



संयुक्त अधिवक्ता संघ का परिणाम आने के बाद खुशी जताते नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार** : संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज के चुनाव का परिणाम मंगलवार की देर शाम आया। संदीप सिंह अध्यक्ष व सूर्यकांत शुक्ल निराला महामंत्री निर्वाचित हुये। चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल द्वारा चुनाव परिणाम की घोषणा करते ही विजयी उम्मीदवारों के समर्थक खुशी से झूम उठे।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विभाकर शुक्ल,उपाध्यक्ष पद पर बालेन्दु त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष पद पर अभिषेक शुक्ल निर्वाचित हुए। अध्यक्ष पद पर संदीप सिंह ने 96 मतों से निकटतम प्रतिद्वंदी शैलेन्द्र मिश्र को पराजित किया। सूर्यकांत शुक्ल निराला ने 112 मतों से महामंत्री पद पर निकटतम प्रत्याशी संजीव कुमार तिवारी भीम को शिकस्त दी है। संदीप सिंह ने अध्यक्ष पद पर 220 मत प्राप्त कर जीत हासिल की है। अध्यक्ष पद पर निकटतम प्रतिद्वंदी शैलेन्द्र कुमार मिश्र को 123, प्रवीण यादव 78, राजेशचंद्र तिवारी 84, विजय त्रिपाठी को एक, संतोष कुमार पाण्डेय 31 तथा विनोद कुमार मिश्र को 07 तथा घनश्याम मिश्र को मात्र एक मत मिले। महामंत्री पद पर जीते सूर्यकांत निराला को 219 , निकटतम प्रतिद्वंदी संजीव कुमार तिवारी भीम 107, अरविंद पाण्डेय 45, महेश कुमार पटेल 95, हरिश्चंद्र पाण्डेय 78 मत हासिल किये। वहीं उपाध्यक्ष सिविल पद पर निर्वाचित हुए विभाकर नाथ शुक्ल थानेदार को 199 मत, निकटतम प्रतिद्वंदी अबरार अहमद को 185 एवं शैलेन्द्र चतुर्वेदी को 157 मत मिले। उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित बालेन्दु कुमार तिवारी को 240 तथा निकटतम प्रतिद्वंदी आशीष तिवारी को 192, विनय जासवाल गबलू को 113 मत हासिल कर सके। कोषाध्यक्ष पद पर सीधे मुकाबले में अभिषेक कुमार शुक्ल ने 308 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल व एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने चुनाव समिति कार्यालय पर समारोहपूर्वक प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### अब असहाय बेटियों को मिलेगी मुफ्त शिक्षा, आवास व भोजन की होगी सुविधा

**प्रयागराज, अमृत विचार** : गरीब परिवार की बेटियों को शिक्षा के कड़ी से जोड़ने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन सेवा भारती प्रयागराज विभाग की ओर से सावित्री बाई छात्रावास का संचालन शुरू किया जा रहा है। यह छात्रावास लोकनाथ चौराहे पर बना हुआ है। क्षेत्र प्रमुख युद्धवीर की मौजूदगी में मंगलवार को इसकी शुरुआत की गयी। जरूरतमंद बेटियों के लिए यह छात्रावास पूरी तरह से मुफ्त होगा। यहां पढ़ाई के साथ-साथ रहने खाने की भी सुविधा नि :शुल्क मुहैया कराई जाएगी। सेवा प्रमुख युद्ध वीर ने कहा कि जिन बालिकाओं का सपना स्कूल जाने का सिर्फ मन में ही रहा होगा। अब वह सपना अधूरा नहीं होगा। अब वह स्कूल भी जा पाएंगी और उनके रहने खाने की व्यवस्था को भी पूरा किया जायेगा। इस छात्रावास के संचालन के लिए भवन वात्सल्य अस्पताल के निदेशक डॉक्टर नीरज अग्रवाल द्वारा नि :शुल्क दिया गया है। इस दौरान सेवा भारती के अध्यक्ष सुजीत, मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉक्टर एसपी सिंह, मनोज जायसवाल, सत्य विजय सिंह, विभाग सेवा प्रमुख वीर कृष्ण, सेवा भारती के उपाध्यक्ष संदीप चौधरी, महामंत्री पवन श्रीवास्तव, विभाग मंत्री डॉ संतोष सिंह, कंचन, सत्येंद्र, संजय राय, डॉक्टर कमलाकर सिंह, सुनीता चोपड़ा आदि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### डंपर की टक्कर से छात्रा की मौत

**कुण्डा प्रतापगढ़, अमृत विचार** : विद्यालय से घर जाते समय अनियंत्रित डम्पर की टक्कर से साइकिल सवार छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक डंपर छोड़कर भाग निकला। नवाबगंज तिनपुरवा बरियावां निवासी धुन्नी लाल की 16 वर्षीय बेटी शिवानी मानिकपुर स्थित चंद्रगुप्त मौर्य इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की छात्रा थी। मंगलवार को वह विद्यालय में छुट्टी के बाद दोपहर में साइकिल से घर जा रही थी कि जैसे ही नवाबगंज के लेहदरी पुल मोड़ के पास पहुंची कि सामने से आ रही तेज रफ्तार से डंपर ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे शिवानी डंपर में फंस गई और गंभीर रूप से घायल हो गई।

# गोली मारकर पड़ोसी की हत्या, पुत्र व पुत्री घायल

**जौनपुर अमृत विचार**: जिले के सरायख्वाजा थाना क्षेत्र स्थित कयार गांव में मंगलवार की सुबह एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस गोलीकांड की घटना में मृतक के पुत्र और पुत्री घायल हैं। घटना के पीछे जमीन का विवाद बताया जा रहा है।

यह घटना उस समय घटी जब ग्राम वासी एजाज अहमद के घर पर मकान की छत ढालने के लिए सटरिंग का काम किया जा रहा था। इसी दौरान एजाज के पड़ोसी याक़ूब के पौत्र घर से निकले एजाज पर पहले डन्डे से वार किया फिर गोली मारकर एजाज की हत्या कर दी। अपने पिता को बचाने के लिए घर बाहर निकले पुत्र अब्दुल रहीम और बेटी सादिया को भी मारपीट कर घायल कर दिया और फरार हो गए।

06 मई को पड़ोसी का एजाज के मिस्त्री से विवाद हुआ था। एजाज के पुत्र अब्दुल रहीम ने रोक-टोक किया तो उसके साथ मारपीट की थी और अपने मकान की छत से पथराव किया था। पथराव में हमलावर याक़ूब भी जख्मी हो गए थे। इसी बात को लेकर मंगलवार की सुबह लगभग साढ़े आठ बजे सुबह जब एजाज अपने घर से बाहर निकला तो याक़ूब के पौत्र असलहा लेकर एजाज पर हमलावर हो गए। घटना की खबर लगने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुँच गई।

# पूर्व विधायक के स्कूल की बस ने बच्ची को कुचला

**कौशांबी, प्रयागराज। अमृत विचार**: घर के बाहर खेल रही डेढ़ साल की मासूम बच्ची को तेज रफ्तार स्कूल बस ने रौंद दिया, जिससे मासूम की मौके पर ही मौत हो गयी। ग्रामीणों ने बस चालक को दौड़ाकर पकड़ लिया और जमकर पीट दिया।



फाइल फोटो

कौशांबी के भारत गांव के रहने वाले मोहम्मद कासिम पुत्र स्वर्गीय चंदन खान खेती करके अपने परिवार का भरण पोषण करते है। वह गांव में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रहते है। घर की सबसे छोटी बिटिया इनाया बानो डेढ़ साल की थी। वह मंगलवार को घर के बाहर खेल रही थी। अचानक बच्चों से भरी स्कूल बस ने बच्ची को टक्कर मारकर कुचल दिया। जिसके कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने स्कूल बस के ड्राइवर को किसी तरह दौड़ा कर पकड़ किया और जमकर पीटा। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को शांत कराया। जिसके बाद ग्रामीणों ने चालक को पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित पिता मोहम्मद कासिम के मुताबिक जिस स्कूल की बस में उनकी बेटी को कुचला है वह बस प्रेसीडेंसी पब्लिक स्कूल की है। वह स्कूल भाजपा के पूर्व नेता व पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता का है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**लालगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार** : अन्तू थाना क्षेत्र के किठावर नंदलाल का पुरवा निवासी 30 वर्षीय शिवमूरत वर्मा अपने गांव के 32 वर्षीय रामराज वर्मा व छतरपुर शिवाला गांव निवासी 24 वर्षीय शुभम के साथ एक बाइक से मंगलवार को सांगीपुर के भैंसना गांव में अपने रिश्तेदार के यहां शोक संवेदना जताने जा रहे थे। सांगीपुर के नौबस्ता के पास दोपहर करीब डेढ़ बजे सामने से आ रही तेज गति से मैजिक पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। यहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने तीनों युवकों को राजा प्रताप बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया,गंभीर रूप से घायल शिवमूरत वर्मा की रास्ते में ही मौत हो गयी।

# जौनपुर-मछली शहर से 13 पर्चे खारिज

जौनपुर



नामांकन पत्र की जांच करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी।

**अमृत विचार** : जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी के दौरान कुल 39 अभ्यर्थियों में से 26 के नामांकन पत्र विधिमान्य पाए गए ।

जौनपुर से चंद्रमणि पांडे निर्दलीय, मो0 नौशाद निर्दलीय, बदरे आलम पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), नीलम कुमार समाज परिवर्तन पार्टी, श्यामलाल निर्दलीय, श्रीकला सिंह बहुजन समाज पार्टी, सोनू सिंह छत्रपति शिवाजी भारतीय गरीब पार्टी, शिवकन्या कुशवाहा समाजवादी पार्टी, यशवंत कुमार गुप्ता गांधियन पीपुल्स पार्टी, अश्वनी कुमार निर्दलीय, अमित निर्दलीय, संजीव कुमार प्रजापति निर्दलीय का नामांकन अस्वीकृत हुआ। इस प्रकार कल 26 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया था जिन में 12 का नामांकन अस्वीकृत हो गया।

मछली शहर से कुल 13 उम्मीदवारों ने नामांकन किया था जिसमें जनता कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार मनोज कुमार का नामांकन निरस्त हो गया है।

### ट्रैकटर के धक्के से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**अहरौरा (मिर्जापुर) अमृत विचार।** क्षेत्र के खुटहा गांव निवासी 19 वर्षीय इमरान अंसारी पुत्र जमालुद्दीन जिसकी शादी रविवार 5 मई को हुई थी। सोमवार 6 मई को उसके यहां वलीमा खाना था। वलीमा के बाद अपने एक रिश्तेदार को छोड़ने के इमरान बाइक से इमिलिया चट्टी जा रहा था की पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रेक्टर जिसकी ट्राली में बोल्डर लदा था पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया जिससे मोटरसाईकिल सवार इमरान गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल का इलाज स्थानीय चिकित्सालय में कराया गया। हालत गंभीर होने पर उसको लेकर नारायनपुर स्थित एक निजी अस्पताल में लेकर जा रहे थे कि देर रात को रास्ते में मौत हो गई। चौकी प्रभारी ने बताया की ट्रैकटर चालक मौके से भाग गया।पुलिस ने ट्रैकटर को कब्जे में ले लिया है।

# सड़कों से हटेगा बिजली के तारों का मकड़जाल, कार्य शुरु

**प्रयागराज, अमृत विचार** : महाकुंभ 2025 से पहले शहर को सुंदर और भव्य बनाने के लिए तैयारी शासन और प्रशासन की तैयारी जोरों पर की जा रही हैं। शहर के किनारे लगे बिजली के खंभो तारों को हटाने करने की तैयारी भी तेजी से की जा रही है। विद्युत विभाग शहर के तमाम मोहल्ले में जर्जर लाइन व खभों को बिजली अब बिजली कनेक्शन को भूमिगत करने की तैयारी में है। तेलियरगंज से संगम वाटिका, सूलाबाद घाट तक की बिजली लाइन को भूमिगत करने का काम तेजी से शुरू कर दिया गया है। बिजली लाइन के भूमिगत होने के बाद सभी पोल हटा दिए जाएंगे। इन सभी मार्गों का चौड़ीकरण होगा। जिससे इनकी खूबसूरती इतना जायेगी। शहर के करीब दो दर्जन से अधिक मोहल्ले में बिजली के खंभे को हटाकर नए खंभे लगाए जाएंगे।

> महाकुंभ योजना के तहत शहर में कई कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। संगम नगरी में आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं को यहां की सुंदरता और आकर्षण का लुफ्त उठाना है। जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर की जा रही हैं। किसी प्रकार की किसी को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इसके लिए बिजली विभाग भी दिन रात अपने कार्यों में जुटा हुआ है।
>
> -**पीके सिंह**, मुख्य अभियंता विद्युत विभाग

## सार-संक्षेप

### प्रेक्षक ने निर्वाचन प्रशिक्षण केंद्रों का किया निरीक्षण



निर्वाचन प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण करते प्रेक्षक। अमृत विचार

**प्रतापगढ़ अमृत विचार** : भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के क्रम में प्रतापगढ़ में लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए मंगलवार को प्रेक्षक पवन कुमार मालापति ने निर्वाचन प्रशिक्षण केंद्र जीआइसी व संत एंथोनी इंटर कालेज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी कार्मिकों को ठीक से प्रशिक्षण दिया जाए। प्रेक्षक ने कहा कि मतदान कार्मिकों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए। प्रशिक्षण स्थल पर ही कर्मचारियों को मतदान करने की सुविधा दी जाएगी।

### श्रीकला धनंजय सिंह का पर्चा खारिज : अशोक सिंह

**जौनपुर, अमृत विचार** : मंगलवार को श्रीकला धनंजय सिंह का पर्चा खारिज हो गया। क्यूँकि राष्ट्रीय पार्टी से उन्होंने नामांकन किया था, इसलिए मात्र एक प्रस्तावक पूर्व प्रमुख संतोष तिवारी रहे। यदि वह निर्दल होतीं तो 10 प्रस्तावक होते । इसकी पुष्टि धनंजय सिंह के राजनीतिक प्रवक्ता अशोक सिंह ने की। धनंजय सिंह के पिता एवं पूर्व विधायक राजदेव सिंह ने कहा की धनंजय सिंह के बहाने श्रीकला का टिकट मायावती ने मेरे सामने फाइनल किया था, बाद में षड्यंत्र के तहत काट दिया गया। अशोक सिंह ने बताया कि अब दो दिन बाद जौनपुर की राजनीति में धनंजय सिंह नए तेवर, कलेवर में नज़र आएंगे, वह अपने समर्थकों की, कार्यकर्ताओ के साथ विचार-विमर्श करके कुछ बड़े कदम उठाएंगे।

### अस्थायी प्याऊ की व्यवस्था करने के निर्देश

**जौनपुर, अमृत विचार** : जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देशित किया है कि भीषण गर्मी को देखते हुए प्रमुख बाजारों, मुख्य मार्गों सहित ऐसी जगहें जहां पर प्राय : आमजनमानस की भीड़ होती है वहॉ पर थोड़ी-थोड़ी दूरी पर अस्थायी प्याऊ की व्यवस्था सुनिश्चित कराये, जिससे इस भीषण गर्मी में आमजनमानस को पेयजल की समस्या का सामना न करना पडे.।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग

**हलिया (मिर्जापुर)।** राजपुर गांव निवासी सुदामा के कच्चे मकान में देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से कच्चे मकान में रखा कूलर,बेड, टेलीविजन, आलमारी,27 हजार रुपए नगद व खाद्यान्न सामग्री गेहूं चावल धान आदि सामग्री आग की चपेट में आकर जलने लगा ।मकान की ओर से लपटें देखकर मौके पर पहुंचे पीड़ित ने शोर मचाया । जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक गृहस्थी व खाद्यान्न सामग्री व नगदी रुपए जलकर राख हो चुका था।

### तीन व्यक्तियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के कोटार गांव निवासी राजेश कुमार ने थाने में तहरीर देकर कहा है की पुरानी रंजिश को लेकर गांव निवासी लक्ष्मिन, बबलेश तथा गेरूआडीह मांडा जिला प्रयागराज निवासी बहनोई गोविंद ने सोमवार को रात गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मरने लगे वीच बचाव करने आई पत्नी लालती को भी मारे पीटे हैं जिससे हमारी अंगुली व सिर फट गया है।

### बसपा-सपा सहित 32 प्रत्याशियों ने खरीदा नामांकन पत्र

**मिर्जापुर, अमृत विचार।** 79-मिर्जापुर संसदीय क्षेत्र हेतु प्रथम दिन नामांकन स्थल से जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष कलेक्ट्रेट से 32 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र प्राप्त किया गया। अशोक कुमार सिंह निर्दल एक सेट, सुरेश चन्द एक सेट, दौलतराम निर्दल एक सेट, जगदीश मनरेगा मजदूर समाज पार्टी दो सेट, श्याम कुमार बिन्द निर्दल एक सेट, विजय कुमार निर्दल एक सेट, दौलत सिंह कमेरावादी एक सेट, चन्द्रदेव पाण्डेय पूर्वाचल महापंचायत पार्टी दो सेट, अनिल कुमार विश्वकर्मा मौलिक अधिकार पार्टी दो सेट, अरूण कुमार गुप्ता समाज विकास क्रान्ति पार्टी एक सेट, राजाबाबू निर्दल एक सेट, भुवखल निर्दल एक सेट, वेकटरमन भारतीय जवान किसान पार्टी दो सेट, राजेन्द्र श्यामलाल बिन्द समाजवादी पार्टी चार सेट, आशीष कुमार पाण्डेय निर्दल एक सेट, गुलाब निर्दल दो सेट, प्रमिला बिन्द निर्दल दो सेट, रमेश चन्द निर्दल एक सेट, दिलीप कुमार निर्दल दो सेट, रामसागर बिन्द भारत माता पार्टी दो सेट, विष्णु प्रसाद सिंह पटेल गरीब सामना पार्टी दो सेट, मनीष कुमार तिवारी बहुजन समाज पार्टी दो सेट, प्रदीप कुमार आजाद समाज पार्टी काशीराम एक सेट, महादेव निर्दल एक सेट, राजेश कुमार प्रजापति निर्दल दो सेट, रामसागर पाल निर्दल एक सेट, रामधनी राष्ट्रीय समाज पक्ष दो सेट, पंकज कुमार द्विवेदी सनातन संस्कृति रक्षा दल दो सेट, डा0 अखिलेश कुमार द्विवेदी रिपब्लिक पार्टी आफ इण्डिया दो सेट, भोला नाथ निर्दल एक सेट, मानिक चन्द तिवारी निर्दल दो सेट, समीर सिंह आल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक चार सेट नामांकन पत्र खरीदा।

# सचिव व प्रधान पर सरकारी धन के बंदरबांट का आरोप

**हलिया (मिर्जापुर) अमृत विचार।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत देवहट के ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा विकास कार्यों के नाम पर व मजदूरी के नाम पर जमकर बंदरबांट किया गया है। इतना ही नहीं ग्राम प्रधान ने अपने परिवार के सदस्यों के खातों में मजदूरी का भुगतान किया गया है जिन्होने कभी भी कार्य नहीं किया है उनके खातों में मजदूरी का भुगतान कर दिया गया है। जो अभी पढ़ रहे हैं उनके नाम पर भी मजदूरी का भुगतान कर दिया गया है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्राथमिक विद्यालय लहुरियादह के परिसर में इंटरलॉकिंग व छत के मरम्मत कार्य में छात्र के नाम पर मजदूरी का भुगतान कर दिया गया जो ग्राम प्रधान के सहोदर भाई का पुत्र है और एक स्कूल में पढ़ रहा है और कभी भी मजदूरी का कार्य नहीं किया गया है। इसी प्रकार नाली सफाई की मजदूरी का भुगतान भी जो मजदूरी नहीं किया है उसके खाते में कर दिया गया है। हैंडपंप मरम्मत के लिए भारी भरकम धनराशि का बंदरबांट किया गया है। हैंडपंप आज भी खराब पड़े हुए हैं । लहुरियादह रुप भवन की मरम्मत, कंपोजिट विद्यालय ड्रमंडगंज में दिव्यांग शौचालय लहुरियादह में टैंकर से पेयजल आपूर्ति, व कूप जगत के नाम पर धन का बंदरबांट किया गया है।

### बाल विवाह रोकने के लिए किया जागरूक

**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के खरिहट खुर्द कंपोजिट विद्यालय के बच्चों को स्मार्ट क्लास के प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों को बाल विवाह निषेध के लिए जागरूक किया गया है। इस दौरान बाल विवाह निषेध पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें बच्चों ने भाग लिया। कंपोजिट विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि बाल विवाह निषेध के लिए विद्यालय के बच्चों को स्मार्ट क्लास के प्रोजेक्टर के माध्यम से जागरूक किया गया है और बच्चों को बाल विवाह पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया है।

# शिक्षकों ने निकाली जागरूकता रैली



मतदाता जागरूकता रैली में शामिल शिक्षक व शिक्षिकाएं। अमृत विचार

जौनपुर

**अमृत विचार**: मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल के नेतृत्व में जनपद के सभी ब्लॉकों में बाइक रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से जनपद के मतदाताओं को आगामी 25 मई को मतदान करने के लिए जागरूक व प्रेरित किया गया। रैली में बड़ी संख्या में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाओं, शिक्षामित्र अनुदेशक ने हेलमेट लगाकर मतदाता जागरूकता स्टीकर, पोस्टर बैनर लगाकर चल रहे थे। साथ ही अधिकारी-कर्मचारी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

मंगलवार को बरसठी खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने कार्यालय से शिक्षकों के साथ बाइक रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक करने का काम किया। शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरुण यादव व संतोष सिंह के नेतृत्व में बरसठी के शिक्षकों ने हाथों में तख्तियां लेकर सुबह बाइक रैली निकाली।रैली का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी राजीव रंजन ने किया।

**दुस्साहस** — भाजपा प्रत्याशी सांसद के भाई के वाहनों के काफिले पर सोमवार को हुआ था पथराव

# आरोपियों को सांसद ने थाने में पहनाई माला

प्रतापगढ़



भाई के काफिले पर पथराव के आरोपियों को सांसद ने थाने में पहनाई माला।

**अमृत विचार** : चुनाव प्रचार कर सोमवार रात को वापस लौट रहे भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता के भाई के काफिले के वाहन पर कोहड़ौर के कांधरपुर बाजार में सांसद संगम लाल गुप्ता के भाई दिनेश गुप्ता के काफिले की गाड़ियों पर पथराव हुआ था।

मामले में आरोपी दो युवकों को पुलिस कोहंड़ौर थाने ले आई। दोनों युवकों को बिना चालान किए छोड़ने और दोनों को माला पहनाने को लेकर एसओ प्रीति कटियार और सांसद संगम लाल गुप्ता में करीब एक घंटे तक जमकर नोकझोंक होती रही। सांसद ने एसओ से कहा कि दोनों युवकों को छोड़ दो,अनजाने में गलती हो गई। एसओ।प्रीति कटियार ने कहा आप होते कौन हैं इनका हमने चालान कर दिया है, अब यह नहीं छूटेंगे। सांसद संगम लाल गुप्ता ने एसपी से बात किया कि इन दोनों को छोड़ दिया जाए। इस पर एसओ ने कहा चाहे जिससे बात कर लीजिये मैं किसी से बात नहीं करूंगी इनको नहीं छोड़ूंगी। अपको थाना प्रांगण में इन्हें माला नहीं पहनाना था। इस बात पर भी सांसद एवं थाना प्रभारी पर जमकर बहस होती रही। भाई के काफिले पर हमले के आरोपी दोनों युवकों को न छोड़ने पर नाराज होकर सांसद वापस लौट गए। इस दौरान कोहड़ौर थाने पर भाजपा और सपा कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटी रही।

# यूजीआई के 20 होनहारों को मिली नौकरी

**नैनी, अमृत विचार** : युनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई), नैनी के 20 मेधावी छात्रों ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान मुंबई की मैकलियोड्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड में नौकरी हासिल की है। युनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी कॉलेज के 19 और यूसीईआर के एक छात्र सहित इन छात्रों को 3.35 लाख रुपये तक के वार्षिक पैकेज पर प्रशिक्षु के रूप में चुना गया है।

छात्रों में ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, अभिनव पांडे, अमन विश्वकर्मा, अतुल पांडे, ऋषिकेष मौर्य, शुभम सिंह, हिमांशु मिश्रा, आकाश यादव, कृपा शंकर कुशवाहा, लकी सिंह डी फार्मा से सोनू यादव, मुकुल गुप्ता, विशाल देवनाथ, प्रभाकर द्विवेदी, आदित्य कुमार यादव, देवप्रिय द्विवेदी बी फार्मा से प्रशांत कुमार सिंह, प्रीतम सिंह, शिवांग मिश्रा तथा यूसीईआर से अभिनव प्रकाश शामिल हैं। डीन, कॉर्पोरेट एण्ड इंडस्ट्री रिलेशन्स, यूजीआई डॉ. दिव्या बरतरिया ने कहा कि प्रयास किए जा रहे हैं ताकि यूजीआई फार्मा के अधिक से अधिक छात्रों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति की शीर्ष पायदान की फार्मास्यूटिकल्स फर्मों में नौकरी मिल सके। यूआईपी के प्राचार्य डॉ. आलोक मुखर्जी ने कहा कि यह गर्व की बात है कि भारत की प्रतिष्ठित दवा कंपनियों में से एक मैकलियोड्स फार्मास्यूटिकल्स में छात्रों का चयन हुआ है।



## चुनावी चक्कर

● टिकट कटने से चिंता मत करिए,मै सेवा में हाजिर हूं : श्रीकला

जौनपुर सीट पर बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा सोमवार की रात को अकारण टिकट काट देने के बाद, सियासतदारों से लेकर जनमानस में कयास कुछ भी लगाए जा रहे हों। मगर, टिकट कटने से आहत श्रीकला धनंजय ने मंगलवार को जौनपुर की जनता को परिवार संबोधित करते हुए सोशल मीडिया पर भावुक संदेश जारी कर दिया। अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति से भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि टिकट कटने से आप लोग आहत और उदास हैं, मैं भी हूं। मगर, चिंता मत करिए, हम दोगुनी ताकत से आपकी सेवा में हाजिर हैं। मतदाताओं के साथ और विश्वास को अपनी ताकत बताते हुए उन्होंने( जिला पंचायत अध्यक्ष) कहा कि, सत्ता, सरकारें और पार्टियां हम( जनता) से हैं, हम उनसे नहीं। इसलिए जेठ की दुपहरिया हो या आधी रात, चुनाव जीते या हारे, चुनाव लड़े या न लड़े, हम हमेशा आपके साथ खड़े मिलेंगे। कभी भी कितनी भी विपरीत परिस्थितियां हो जाए, आपके भरोसे के साथ समझौता नहीं करूंगी। ये हमारा आपसे वादा है, जौनपुर के इस परिवार के स्वाभिमान और भविष्य के लिए कोई भी कीमत चुकाने को तैयार हूं। आपके हित के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए तैयार हूं। कभी-कभी परिस्थितियां आपके अनुकूल नहीं रह जातीं तो इसका मतलब यह नहीं है कि हार मान कर बैठ जाएं, जो राजनीति कर रहे वह वही करे, मैं तो जनसेवा कर रही हूं और करती रहूंगी।

# गिरते जनाधार को बचाने में जुटी बसपा

### 2009 के लोस चुनाव में 27 प्रतिशत मत पाने वाली बसपा 2019 में 19.43 पर पहुंच गई

### 2014 में मत प्रतिशत गिरने का सिलसिला 2022 के विस चुनाव तक नहीं थमा

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में सांसद जिताना ही नहीं, चुनाव दर चुनाव बसपा के गिरते जनाधार को वापस लाना वर्तमान चुनाव में सुप्रीमो मायावती की बड़ी चुनौती है। इसके लिए पार्टी प्रमुख ने एड़ी चोटी का जोर लगा रखा है, जीत की संभावनाओं से दूर होने के बावजूद, एनडीए या इंडिया गठबंधन से समझौता नहीं किया है। नेशनल कॉआर्डिनेटर

**लोकसभा चुनावों में स्थिति**

| वर्ष | चुनाव | सीट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 2009 | लोस | 21 | 27.42 |
| 2014 | लोस | 0 | 19.77 |
| 2019 | लोस | 10 | 19.43 |

**विधानसभा चुनावों में स्थिति**

| वर्ष | चुनाव | सीट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 2007 | विस | 206 | 30.43 |
| 2012 | विस | 80 | 25.95 |
| 2017 | विस | 19 | 22.2 |
| 2022 | विस | 01 | 12.8 |



आकाश आनंद के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद, चुनौती और बढ़ चुकी हैं।

मायावती का सवर्णिम काल 2007 में रहा, विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 30.43 प्रतिशत मत प्राप्त कर पूर्ण बहुमत के साथ प्रदेश की सत्ता में काबिज हुई। मगर, सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर सत्ता संभालने वाली बसपा का यह दौर आगे नहीं चला, मुख्यमंत्रित्व काल में ही साल 2009 के लोकसभा चुनाव में 27 प्रतिशत के आसपास मत प्राप्त कर पार्टी के 21 सांसद जीते। इसके बाद 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर में पार्टी को कहीं ठहराव नहीं मिला, मात्र 19.77 प्रतिशत मत मिले और किसी भी प्रत्याशी को विजय माला नसीब नहीं हुई। हालात 2017 के विधानसभा चुनाव में भी नहीं बदले। निराशाजनक परिणामों से आहत मायावती ने रणनीति बदली और सदन में बने रहने के लिए 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा और अच्छे परिणाम मिले 10 सांसद जीत गये। हालांकि यह गठबंधन भी चुनाव बाद टूट गया।

**मायावती की बढ़ीं चुनौतियां**

गठबंधन से दूर रहने के पीछे वजह कोई भी हो, मगर जनाधार को बढ़ाने के लिए प्रचार अभियान की रणनीति बिगड़ने से मायावती की चुनौतियां बढ़ चुकी हैं। उत्तराधिकारी व नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज होने के बाद दारोमदार अकेले मायावती पर आन पड़ा है।

**पश्चिम उप्र. को अलग राज्य बनाने का मुद्दा उठाया**

हालांकि राजनीति में मायावती को विविध प्रयोगों के जाना जाता है, वह सफल भी होती है। वर्तमान में पार्टी के वजूद को बनाये रखने के लिए खुलकर मुस्लिम तुष्टिकरण को भी हथियार बनाया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यतया मुस्लिम आबादी बाहुल्य पश्चिमी उप्र. को केन्द्रित किया है। मुस्लिम मतदाताओं को लुभाने के लिए ही उन्होंने चुनाव में पश्चिमी उप्र. में अलग राज्य बनाने का मुद्दा उछाला है। यहीं नहीं, अधिकांश सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी देकर खुद को मुस्लिम हितैशी होने का मतदाताओं को संदेश देने का भी प्रयास किया है।

## हाथी की सूंड़ में कमल का फूल है: संजय

**अमृत विचार,लखनऊ:** गर्दिश के दिनों में गुजर रही आम आदमी पार्टी (आप)के सांसद संजय सिंह ने बसपा द्वारा जौनपुर सीट पर अकारण श्रीकला धनंजय का टिकट काटने पर टिप्पणी की। सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को उन्होंने पोस्ट करते हुए कहा कि हाथी की सूंड़ में कमल का फूल दिख रहा है।

पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल के जेल में बंद होने से इंडी गठबंधन के चुनावी मुहीम को भी झटका लगा है। पार्टी के नेताओं के जेल में बंद होने आहत पार्टी नेता, न तो खुद चुनाव प्रचार कर रहें हैं और न ही प्रस्तावित सभाओं में प्रतिनिधि भेज रहें हैं। प्रचार से बेरूखी सांसद संजय सिंह गत माह जेल से छूटकर बाहर आने के बाद भी नहीं खत्म हुई है।

हालांकि पार्टी प्रवक्ता कहना है कि सांसद ने सपा के अखिलेश यादव के साथ कुछ सभाएं साझा कर चुके हैं। मालूम होकि दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से आप ही नहीं, इंडिया गठबंधन की चुनावी प्रचार की रणनीति को भी झटका लगा है।

## अपनी ढपली अपना राग



सपा के समय नौजवानों के हाथों में तमंचे पकड़वाए जाते थे। हमने उनके हाथों में टैबलेट थमाया। इससे प्रदेश का युवा स्मार्ट नौजवान हुआ है। -योगी आदित्यनाथ



सपा, बसपा व कांग्रेस समेत तमाम इंडी गठबंधन के दल के लोगों को पता ही नही कि देश के 140 करोड़ लोगो के दिल में मोदी जी रहते है। -केशव प्रसाद मौर्य



हर हाल में जीत दर्ज करनी है, मैं आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ूंगी। अभी जिसे डर लगता है वो पीछे हट जाए फिर नहीं हटने दूंगी। -प्रियंका गांधी



इनको ये पता नही है कि सरकारें बदलती हैं। जब सरकार बदलेगी तो पता चलेगा कि निष्पक्ष चुनाव कैसे होता है। - शिवपाल यादव

# चुनाव में अब कहीं नहीं दिखाई देता होश गंवाने वाला जोश

खालिद अय्यूबी, हरदोई

**अमृत विचार:** सदियां नहीं बल्कि कुछ साल ही गुज़रे होंगे जब हर चौराहे और दोराहे पर होने वाले चुनावी शोर से नींद को कोसो दूर भगा देती थीं। एक कहावत बड़ी मशहूर है,बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना उस जमाने के चुनाव में कदम-कदम पर बेगानी शादी वाले अब्दुल्ला दीवाने नज़र आते थे,लेकिन धीरे-धीरे वक्त बदला तो चुनावी नक्शा भी बदल गया। उस दौर के चुनाव में जोश के साथ होश गंवाने वाले भी बहुतेरे दिखाई देते थे,लेकिन अब ऐसा कुछ नही। जैसे-जैसे वोट पड़ने की तारीख नज़दीक आती जा रही है,वैसे-वैसे खामोशी की चादर अपना दायरा और बढ़ाती जा रही है।

पहले का चुनाव लोगों के जेहन में आज भी ज़िदा है। बताया जाता है कि चुनाव आते ही चौराहों की चमक बढ़ जाती थी। चुनावी चक-चक में दिन-भर की थकान भी बे-असर रहती थी। शराफत हुसैन 80 के दशक वाले चुनाव को याद करते हुए बताते है कि उस दौर में सारी-सारी रात चहल-पहल रहा करती थी। आधी रात गुज़र जाती थी,लेकिन भूख और प्यास का दूर-दूर तक कोई पता नहीं होता था,जब तक अब्बा कनबुच्ची नहीं लगाते थे,तब तक चुनाव का बुखार नहीं उतरता था। कुछ ऐसा ही रामभजन ने भी बताया,उन्होंने काफी ज़ोर देते हुए बताया कि उस वक्त के चुनाव में बहुत मज़ा आता था,एक-एक बिल्ले के लिए न जाने कहां-कहां तक की दौड़ लग जाया करती थी। चुनाव का शोर ऐसा होता था कि रात जाग कर गुज़र जाती थी। तब एक-दो नहीं बल्कि कई बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाने घूमा करते थे। लेकिन वक्त के साथ सब कुछ बदल गया,बेगानी शादी जैसा चुनाव रह गया और न ही अब्दुल्ला दीवाने दिखाई देते है। पहले का चुनाव भी क्या चुनाव होता था,लोग अपना घर-बार छोड़ कर चुनाव का हिस्सा बन कर उसी के जोश में अपना होश गंवा बैठते थे,खूब बेवड़े भी इधर-उधर टकराया करते थे,लेकिन अब ऐसा कुछ भी नहीं रहा,अब तो जैसे-जैसे वोट पड़ने की तारीख नज़दीक आती जा रही है,वैसे-वैसे खामोशी वाली चादर अपना दायरा और बढ़ाती जा रही है।



**बनतीं और फिर बिगड़ जाती थीं सरकारें!**

हरदोई। पहले का चुनावी शोर कुछ अलग ही हुआ करता था,जहां पर चार यार इकट्ठा हो जाते थे,वहीं पर सरकारें बन कर बिगड़ जाया करती थी। चाय की चुस्की और बीड़ी-सिगरेट के लंबे-लंबे कश खींच कर शुरु होने वाली बहस तब तक चला करती थी,जब तक ख्वाब-ओ-ख्यालों में फंला पार्टी सरकार बन कर बिगड़ नहीं जाया करती थी। कहीं-कहीं पर तो फंला पार्टी सरकार बनाने जा रही है,की रुपयों की शर्त लगा करती थी। लेकिन बदलते वक्त के चुनाव में सारा कुछ बदल गया,न तो वैसे लोग रहे और न ही वैसा चुनाव...

# भाजपा मोदी-योगी और सपा प्रत्याशी राहुल-अखिलेश के सहारे

### 6 लाख 25 हजार मुस्लिम तो 13 लाख हिन्दू मतदाता करेंगे प्रत्याशियों का फैसला

### भाजपा ने प्रवीण निषाद पर फिर लगाया दांव तो सपा से लक्ष्मीकांत मैदान में

### अनुसूचित वर्ग और मुस्लिम वोटों के सहारे हैं बसपा के प्रत्याशी नदीम अशरफ

गोरखनाथ मिश्र, संतकबीरनगर

**अमृत विचार:** चुनाव की तिथियां धीरे-धीरे करीब आती जा रही हैं। दलों में खेमेबंदी का दौर शुरू हो चुका है। भाजपा के प्रत्याशी और सांसदं प्रवीण निषाद एक ओर जहां मोदी और योगी के सहारे चुनावी मैदान में है तो वहीं सपा प्रत्याशी इंडी गठबंधन के तहत राहुल और अखिलेश के बल पर जीत का दंभ भर रहें, बसपा ने यहां से तीन बार प्रत्याशी बदल मतदाताओं में ही नहीं अपने कार्यकर्ताओं में भी ऊहापोह कि स्थिति उत्पन्न कर दी है।

प्रत्याशियों की लोकप्रियता पर बात करें तो भाजपा प्रत्याशी इंजीनियर प्रवीण निषाद यहां के निवर्तमान सांसद भी हैं। निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद के बेटे इं. प्रवीण निषाद को यह सीट समझौते में मिली है। लेकिन भाजपा नेतृत्व ने इन्हें निषाद पार्टी का सिम्बल न देकर भाजपा के कमल चुनाव चिन्ह पर ही चुनाव मैदान में उतारा है। अपने पांच वर्षों के कार्यकाल के दौरान सांसद प्रवीण निषाद सार्वजनिक रूप से भी कहते सुने गए कि मतदाताओं ने मुझे नहीं बल्कि मोदी और योगी के नाम पर भाजपा को चुनाव जिताया है। यही वजह रही कि पूरे कार्यकाल के दौरान उन्होंने कभी मतदाताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं से जुड़ने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। भाजपा नेतृत्व ने वर्तमान चुनाव में भी प्रवीण को जब प्रत्याशी घोषित किया तो शुरुआती दौर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके विरोध में झंडा बुलंद कर दिया। बाद में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं नेता मोदी और योगी के नाम और सम्मान की दुहाई देते हुए कार्यकर्ताओं के विरोध का पटाक्षेप करा दिया है। भाजपा प्रत्याशी का यहां अपना कोई व्यक्तिगत जनाधार नहीं है। उनको प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नाम और काम का ही सहारा है। इंडी गठबंधन के प्रत्याशी लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद की बात करें तो मेंहदावल विधानसभा क्षेत्र से विधायक और अखिलेश यादव के नेतृत्व की सपा सरकार में राज्यमंत्री रह चुके हैं। कार्यकाल पूर्ण होने के बाद पिछले साल वर्षों के दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी के बैठकों और कार्यक्रमों में आना तक बंद कर दिया था। बीते निकाय चुनाव में वे अपने भाई की पत्नी को नवगठित नगर पंचायत बेलहर कला से सपा से चेयरमैन पद का प्रत्याशी घोषित कराने के बाद वे अचानक सामने आए थे।

इस चुनाव में उनके भाई की पत्नी बुरी तरह से पराजित हो गई थीं। अब जबकि समाजवादी पार्टी ने उन्हें अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है तो उन्हें इंडी गठबंधन का ही सहारा है। समाजवादी पार्टी के सामान्य कार्यकर्ताओं में उनके नाम पर गहरी नाराजगी है। दिखाने के लिए तो सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी के साथ दिखाई दे रहे हैं लेकिन कार्यकर्ताओं का अंदरूनी विरोध गठबंधन प्रत्याशी के लिए भारी पड़ सकता है। बसपा प्रत्याशी की बात करें तो संतकबीरनगर लोकसभा सीट के लिए बसपा ने तीन बार प्रत्याशी बदला है। पहले यहां से बसपा ने मोहम्मद आलम को प्रत्याशी घोषित किया था। अनमने भाव से घोषित प्रत्याशी ने जनपद मुख्यालय पर पहुंच कर पत्रकारों से बातचीत किया और फिर एक सप्ताह के लिए लापता हो गए। जिले से हुई रिपोर्टिंग के बाद बसपा ने मोहम्मद आलम का टिकट काटकर सैयद दानिश को प्रत्याशी घोषित कर दिया। दो दिन बाद ही पता चला कि सैयद दानिश का नाम मतदाता सूची में शामिल ही नहीं है।

इसके बाद बसपा ने आनन-फानन में सैयद दानिश के बड़े भाई नदीम अशरफ को प्रत्याशी घोषित कर दिया। बसपा द्वारा बार-बार प्रत्याशी बदले जाने को लेकर बसपा कार्यकर्ताओं में ही जबरदस्त ऊहापोह की स्थिति है। जानकारों का कहना है कि बसपा प्रत्याशी को बसपा के परम्परागत वोटर जाटव समाज का भी समर्थन नहीं मिल रहा है। कारण कि बसपा द्वारा घोषित प्रत्याशी का कोई राजनैतिक कैरियर नहीं रहा है। गुमनाम चेहरे को लेकर बसपा का चुनाव अभियान कैसे पार होगा। हालांकि बसपा नेताओं को उनके परम्परागत दलित वोटरों और मुस्लिम प्रत्याशी के चलते मुसलमान वोटरों में बंटवारे के सहारे चुनावी बढ़त मिलने की उम्मीद तो है।



प्रवीण निषाद



लक्ष्मीकांत



नदीम अशरफ

**लोकसभा क्षेत्र के मतदाता**

यहां के मतदाताओं की स्थिति पर गौर करें तो यहां कुल मतदाताओं की संख्या 19 लाख 94 हजार 454 है। यहां महिला मतदाता लगभग 8 लाख 87 हजार 224 है तो वहीं पुरुष मतदाता लगभग 10 लाख 57 हजार 144 है। यहां मुस्लिम मतदाताओं की संख्या करीब 6 लाख 35 हजार तो हिन्दू मतदाताओं की संख्या लगभग 13 लाख 59 हजार के आसपास है।

**सपा की मजबूत खेमेबंदी**

समाजवादी पार्टी की तगड़ी खेमेबंदी के चलते मुस्लिम मतदाताओं में बंटवारे की गुंजाइश काफी कम है। यही वजह है कि बसपा के लिए समर्पित रहने वाले दलित वोटरों में भी भाजपा के प्रति आकर्षण देखा जा रहा है। अब देखना यह होगा कि भाजपा प्रत्याशी की तगड़ी खेमेबंदी विरोधी प्रत्याशियों पर कितनी बढ़त बना पाती है। वैसे जैसे जैसे चुनाव की तिथि करीब आती जा रही है संतकबीरनगर लोकसभा सीट की लड़ाई द्विकोणीय बनती दिखाई दे रही है।




**पिछले दो लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों की स्थिति**

**2019 में किसको कितने वोट**




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | प्रवीण कुमार निषाद | 4,67,543 |
| बसपा | भीष्म शंकर | 4,31,794 |
| कांग्रेस | भाल चन्द्र यादव | 1,28,506 |

**2014 में किसको कितने वोट**




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | शरद त्रिपाठी | 3,48,892 |
| बसपा | भीष्म शंकर | 2,50,914 |
| सपा | भाल चन्द्र यादव | 2,40,169 |
| पीईसीपी | राजा राम | 69,193 |
| कांग्रेस | रोहित कुमार पांडे | 22,029 |

**भाजपा ने की सेंधमारी**

भाजपा ने समाजवादी पार्टी में तगड़ी सेंधमारी कर जिलापंचायत अध्यक्ष, पूर्व विधायक और व्यापक जनाधार वाले नेता, नगरपालिका चेयरमैन, तमाम जिलापंचायत सदस्यों और सपा समर्थित तमाम ग्राम प्रधानों को अपने पाले में खींचकर शुरुआती बढ़त ले लिया है। बताते चलें कि संतकबीरनगर लोकसभा सीट का इतिहास रहा है कि यहां अबतक के इतिहास में सिर्फ बसपा के टिकट पर भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी ने ही लगातार दो बार जीत दर्ज किया है। उनके अलावा यहां के मतदाताओं ने किसी भी प्रत्याशी को लगातार दो बार जीत की माला नहीं पहनाई है।

## 2024 में सरकार बनाने जा रहा इंडी गठबंधन: अविनाश

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि 2024 में इंडी गठबंधन सरकार बनाने जा रहा है। प्रदेश प्रभारी मंगलवार को लोकसभा क्षेत्र फतेहपुर, बांदा, हमीरपुर व झांसी में इंडी गठबंधन की समन्वय बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने गठबंधन के प्रत्याशियों को जीतने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश के संविधान, जनता का अधिकार, वंचितों का आरक्षण और बच्चों का भविष्य बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी व महंगाई के खिलाफ जनता इंडी गठबंधन की सरकार बनाने जा रही है।

**इलेक्शन बायस्कोप**



बहराइच में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में भाजपा व सहयोगी दल के कार्यकर्ताओं का उत्साह चिलचिलाती धूप में भी कम नहीं हुआ, हालांकि धूप से बचाने को टेंट की व्यवस्था की गई थी लेकिन वह पर्याप्त नहीं था। -अमृत विचार

# दलों का खेल, जाति की पटरी पर दौड़ा रहे चुनावी रेल

### ▶ वोटों के ध्रुवीकरण के लिए सभी प्रमुख दल जाति आधारित प्रतिनिधियों को मैदान में उतार कर झोंक रहे ताकत

श्रीनिवास त्रिपाठी, बाराबंकी

**अमृत विचार:** जुबां पर जन और जेहन में जाति सियासत की यह हकीकत इस बार के लोकसभा चुनाव में जिले में नजर आने लगी है। चुनाव आयोग भले ही जाति व धर्म पर मतों के ध्रुवीकरण के प्रयास को अनुचित ठहराता रहा है, किन्तु वास्तविकता यह है कि सभी दल अपनी-अपनी चुनावी रेल जाति की पटरी पर दौड़ा रहे हैं । बाराबंकी सीट आरक्षित होने के बावजूद जिले की राजनीति में अपना रसूख रखने वाले प्रत्याशियों को अपने पाले में लाने की कवायद यहां की राजनीति में बड़ी तेजी से चल रही है।

चुनाव प्रचार के साथ ही जातीयता की लहर चलाने की कोशिश शुरू हो गयी है। पार्टी चाहे भाजपा हो या कांग्रेस ( इंडिया गठबंधन) या बसपा ही क्यों न हो, विधानसभावार हर जाति के बड़े नेताओं की सभा के सहारे जातीय मतों का ध्रुवीकरण कर अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश में कोई कोर -कसर नहीं छोड़ना चाहता पर नेता इसे सामाजिक भागेदारी तो कहीं सोशल इंजीनियरिंग का नाम देकर जायज ठहरा रहे। हर क्षेत्र के महारथी जातीय गठजोड़ के सहारे मैदान मारने की जुगत में जुट गए हैं ।

**मगर ये आंकड़े आये कहां से:** चौकाने वाली बात है कि जातीय जनगणना के जातिवार आंकड़े भी सार्वजनिक नहीं किये जा रहे हैं। जाति आधारित कोई अधिकृत अलग से गणना नही की गई है। इसके बावजूद सभी प्रत्याशियों की अपनी सीट के लिए जातीय आंकड़े कण्ठस्थ हैं। दलों के पास भी हर सीट का जातीय आंकड़ा होता है। इसके पीछे दावा किया जाता है कि उन्होंने कार्यकर्ताओं द्वारा डाटा तैयार करवाये हैं।

**राजनीतिक दलों का जातीय समीकरण**

बसपा ने हाल में ही केके गौतम को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। बताया जा रहा है कि जातीय समीकरण साधने को ऐसा किया गया है। बसपा ने यहां से शिवकुमार दोहरे को प्रत्याशी बनाया है। दोहरे को कायस्थ मतों पर पकड़ रखने की वजह से उम्मीदवार बनाया गया है। इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के सिंबल पर चुनाव लड़ रहे तनुज पुनिया के साथ पूर्व मंत्री राकेश वर्मा कुर्मी बेल्ट पर मजबूत प्रभाव रखते हैं। क्षत्रियों के स्वीकार्य नेता पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप क्षत्रियों में, यादव बिरादरी के असरदार नेता सदर विधायक सुरेश यादव, रावत बिरादरी में पैठ रखने वाले पूर्व सांसद रामसागर रावत व गौरव रावत व मुस्लिम मतों के ध्रुवीकरण के लिए फरीद महफूज जैसे कद्दावर नेता हैं। भाजपा किसी भी कीमत पर परम्परागत मतदाताओं को अपने पास से जाने नहीं देना चाहती। नामांकन में स्वतंत्रदेव सिंह की मौजूदगी कुर्मी बिरादरी में मजबूत संदेश देने के लिए थी। भाजपा के पास ब्राह्मण चेहरे के रूप में सतीश चन्द्र शर्मा, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, क्षत्रिय मतों के ध्रुवीकरण के लिए विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, जिला प्रभारी इंजीनियर अवनीश सिंह, कुर्मियों के नेता विधायक साकेंद्र वर्मा व पिछड़ी बिरादरी के वोटों के ध्रुवीकरण के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य के बहाने चुनावी वैतरणी पार करने में लगी है। जातियों का द्वंद्व यहां नया नहीं, बहुत पुराना है ।

**अब भाजपा के खेमे में हैं सपा व बसपा के चेहरे**

बसपा से विधानसभा सदर से चुनाव लड़ चुके डा. विवेक वर्मा अब भाजपा में हैं तो वहीं बसपा से ही रामनगर विधानसभा चुनाव लड़े रामकिशोर शुक्ला भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में अपनी जाति के मतों के ध्रुवीकरण को लेकर डेरा डाले हैं। डॉ. विवेक वर्मा नेत्र चिकित्सक हैं अन्य जातियों में भी उनकी मजबूत पैठ की चर्चा लोगों की जुबां पर है। तो वहीं सपा का दामन छोड़कर आयीं पूर्व सांसद स्व. कमला प्रसाद रावत की पुत्रवधू जिपं सदस्य लवली रावत भाजपा के लिए गांवों की खाक छान रही हैं। चुनाव से पहले सपा की जिला पंचायत सदस्य नेहा आनंद भी भाजपा के पक्ष में वोट मांगती नजर आ रही हैं। इंडिया गठबंधन में पूर्व विधायक मीता गौतम के शामिल होने के बाद से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के बीच मुकाबला दिलचस्प होता जा रहा है।

चुनाव में जाति-धर्म का उपयोग रोकना है तो चुनाव आयोग को इस दिशा मे शक्ति दिखानी होगी। खुलेआम एजेंडो से लेकर मंचों तक जाति-धर्म की बात हो रही है। जनसम्पर्क से लेकर सोशल मीडिया तक पर जाति-धर्म के आधार पर मतदाताओं को प्रभावित करने का काम किया जा रहा है। इसे रोकने के लिए प्रभावी अंकुश की जरूरत है।
**वीपी शुक्ला, सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश**

चुनाव आते ही विकास के मुद्दे छुप जाते हैं और जाति- धर्म के मुद्दे हावी होने लगते है। पार्टियां भी इसे ध्यान में रखकर प्रत्याशी का चयन करतीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में जाति-धर्म के आधार पर राजनीति पर रोक लगाकर अनुचित करार दिया है। बावजूद इसके गम्भीर मुद्दों को लेकर कम जबकि जातिगत आधार पर राजनीति कर रहे हैं, जो अनुचित है।
**हिसाल बारी किदवई, अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन**



# नाम मोहन है मेरा, यादव समाज की खबर रखता हूं...

- लोकसभा चुनाव में बड़ी लकीर खींचने में लगे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के सामने दोहरी चुनौती
- राज्य में शिवराज के रेकार्ड से आगे जाकर भाजपा को क्लीन स्वीप जीत दिलाकर भविष्य कर सकते मजबूत
- उत्तर प्रदेश, बिहार में जिन यादव बाहुल्य सीटों पर प्रचार किया है, वहां पार्टी की सफलता से सिर पर बंधेगा सेहरा

चुनाव डेस्क।

अमृत विचार। इस बार के लोकसभा चुनाव में उत्तर भारत में अगर वोट इधर-उधर करने में किसी एक चेहरे की सबसे ज्यादा चर्चा है, तो वह मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव हैं। वह पांच माह पहले ही मुख्यमंत्री बने हैं, लेकिन लगातार बड़ी लकीर खींचने की कोशिश कर रहे हैं। उनके सामने भाजपा को राज्य में अब तक की सबसे बड़ी जीत दिलाने के साथ उत्तर प्रदेश और बिहार में यादव लैंड वाली सीटों पर कमल खिलाने की जमीन तैयार करने की दोहरी चुनौती है। ऐसे में इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि मोहन यादव के लिए यह लोकसभा चुनाव उनके सियासी जीवन के साथ भाजपा के उन रणनीतिकारों का भी सबसे बड़ा इम्तिहान साबित होने जा रहा है, जिन्होंने मध्यप्रदेश से बाहर उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ और यहां तक कि झारखंड में उनका जमकर इस्तेमाल यादव वोट बैंक को अपने पाले में लाने के लिए किया है।

- मध्य प्रदेश में मोहन यादव के सामने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का रेकॉर्ड है, जिसे तोड़ना आसान नहीं है। प्रदेश में लोकसभा की 29 सीटें हैं और शिवराज सिंह विधानसभा चुनावों के साथ भाजपा को लोकसभा चुनावों में भी बड़ी जीत दिला चुके हैं। उनके नेतृत्व में 2014 के चुनाव में 26 लोकसभा सीटें फिर 2019 में 28 सीटों तक पहुंची भाजपा ने इस बार मध्य प्रदेश में सभी 29 सीटों पर जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय कर रखा है। केंद्रीय नेतृत्व से लेकर पूरी राज्य भाजपा इस काम में जुटी है। लेकिन जिस तरह मोहन यादव की अगुवाई में पहले कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा फिर दिग्विजय सिंह के चुनाव क्षेत्र रायगढ़ में घेरेबंदी की गई, उससे साफ है कि परिणाम के अंजाम का सेहरा भी मोहन यादव के सिर पर ही बंधना है।
- राज्य के चुनावी इतिहास में सभी सीटें जीतने का रेकार्ड अभी कांग्रेस के नाम पर है, जिसने 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उपजी सहानुभूति की लहर में मध्यप्रदेश में लोकसभा की सभी सीटें जीत ली थीं। ऐसे में मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव के भविष्य की मजबूती इसी बात पर टकी है कि क्या वह भी भाजपा को इस बार क्लीन स्वीप जीत दिला पाएंगे या कि 28 सीटें जीतने वाले शिवराज के रेकार्ड की बराबरी कर पाएंगे।

## यूपी और बिहार में 'यादव चला मोहन के साथ' का किया जा रहा प्रचार

उत्तर प्रदेश में माना जाता है कि नौ फीसदी यादव वोटर है, जो परंपरागत रूप से समाजवादी पार्टी के समर्थक हैं। यादव मतदाता मैनपुरी, फिरोजाबाद, बदायूं, एटा, फर्रुखाबाद, बलिया, आजमगढ़ समेत करीब दर्जन भर लोकसभा सीटों पर चुनाव नतीजे तय करने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। सीएसडीएस की रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में 60 फीसदी से अधिक यादव मतदाताओं ने सपा-बसपा गठबंधन के पक्ष में मतदान किया था। भाजपा को 23 फीसदी और कांग्रेस को पांच फीसदी यादव वोट ही मिले थे। इसी तरह बिहार सरकार की ओर से जारी जातिगत जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक राज्य की आबादी में यादवों की भागीदारी लगभग 15 फीसदी है। पूर्णिया, अररिया, मधेपुरा समेत बिहार में करीब एक दर्जन सीटें यादव बाहुल्य हैं। बिहार में यादव यादव वोटर लालू यादव की पार्टी आरजेडी के कोर वोटर माने जाते हैं। बात मध्य प्रदेश की करें, तो यादव समुदाय की आबादी राज्य के बुंदेलखंड क्षेत्र में अच्छी संख्या में है। मध्य प्रदेश में यादव वोट भाजपा और कांग्रेस में बंटते रहे हैं। ऐसा नहीं है कि भाजपा के पास यूपी-बिहार में यादव नेताओं की कमी है, लेकिन इसके बाद भी मोहन यादव को दोनों राज्यों में यादव बाहुल्य सीटों पर प्रचार में बुलाने के पीछे भाजपा की बड़ी रणनीति है। भाजपा मोहन यादव के जरिए यादव मतदाताओं को यह संदेश दे रही है कि मुलायम-लालू की परिवारवादी पार्टियों के विपरीत भाजपा में कोई भी यादव कितने भी बड़े पद पर जा सकता है। भाजपा में कार्यकर्ता मायने रखता है। यह मायने नहीं रखता कि कौन किसके कितना करीब है। यूपी और बिहार में इसी के चलते यादव चला मोहन के साथ वाले पोस्टर बैनर बड़ी संख्या में लगाकर पहले माहौल भी बनाया गया था।

### स्टार प्रचारकों की सूची में पीएम मोदी, नड्डा, शाह, राजनाथ और योगी के बाद है नाम

- मोहन यादव के सामने राज्य से बाहर दूसरी चुनौती भी कम नहीं है। भाजपा उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बिहार में राष्ट्रीय जनता दल के कोर वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए उनका चुनाव शुरू होने से पहले अब तक पूरा इस्तेमाल कर रही है। इस काम में मोहन यादव कितने महत्वपूर्ण है, इसे इस बात से समझा जा सकता है कि उत्तर प्रदेश के स्टार प्रचारकों की सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बाद मोहन यादव का ही नाम है। बिहार के लिए जारी 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट में भी भाजपा ने उनका नाम ऊपर ही रखा है।

---

मुंबई में **महामुकाबला**

## तीन सीटों पर दोनों सेना में सीधी टक्कर, दो सीटों पर भाजपा कांग्रेस में संघर्ष, एक सीट पर टकरा रही उद्धव सेना और भाजपा

02 **गठबंधन :** महायुति में बीजेपी, एनसीपी (अजित पवार) और शिवसेना (एकनाथ शिंदे) गुट और महा विकास अघाड़ी में शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरद पवार) और कांग्रेस शामिल हैं।



# युति जीतेगी भरोसा या अघाड़ी की दौड़ेगी गाड़ी

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में छह लोकसभा सीटें मुंबई दक्षिण, मुंबई दक्षिण-मध्य, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर-मध्य, मुंबई उत्तर-पूर्व, मुंबई उत्तर-पश्चिम हैं। इन सभी सीटों पर 20 मई को पांचवें चरण में वोट डाले जाएंगे। पांचवें चरण में महाराष्ट्र में कुल 13 सीटों पर मतदान होगा। मुंबई में इस बार चुनावी तस्वीर बिल्कुल बदली हुई है।

शिवसेना में टूट के बाद एक तरफ एकनाथ शिंदे की शिवसेना तो दूसरी तरफ उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) है। दोनों गुटों के बीच मुंबई में लोकसभा की तीन सीटों पर सीधी टक्कर है। दो सीटों पर भाजपा और कांग्रेस में कड़ा मुकाबला है, जबकि एक सीट पर शिवसेना (यूबीटी) और भाजपा में सीधी भिड़ंत हो रही है। मुंबई में 2019 के चुनाव में छह सीटों में भाजपा और शिवसेना (अविभाजित) ने तीन-तीन सीटें जीती थीं।

## वर्षा के लिए नया क्षेत्र, निकम का पहला चुनाव, दोनों दलों में स्थानीय नेता नाराज

### उत्तर-मध्य लोकसभा सीट

उत्तर-मध्य लोकसभा सीट मुंबई की हाई प्रोफाइल सीट है। यहां फिल्मी सितारे, उद्योगपति, नेताओं के साथ ही झुग्गियों में भी लोग रहते हैं। कांग्रेस ने इस सीट से अपनी प्रदेश अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ को उतारा है। वर्षा का मुख्य जनाधार धारावी में है, जहां से वह विधायक हैं, इसलिए वह दक्षिण-मध्य सीट से चुनाव लड़ना चाहती थीं। वर्षा को टिकट मिलने से कांग्रेस के स्थानीय नेताओं में नाराजगी है। कुछ ऐसा ही हाल भाजपा के उम्मीदवार प्रसिद्ध वकील उज्जवल निकम का भी है। उनके खिलाफ भी पार्टी में अंदरूनी सुगबुगाहट है। स्थानीय भाजपा नेता निकम को पैराशूट प्रत्याशी कह रहे हैं। भाजपा नेताओं के अनुसार निकम को दिल्ली की कृपा से टिकट मिला है। वह पार्टी से भी नहीं जुड़े थे। कार्यकर्ताओं का कहना है कि निकम बड़े वकील हैं, ऐसे में वह जीतने के बाद उनके लिए समय नहीं निकल पाएंगे। भाजपा-कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी अंतर्कलह से जूझ रहे हैं। निकम के लिए भाजपा नेता नाराजगी दूर करने में सफल होते नजर आ रहे हैं, वहीं वर्षा को कांग्रेस के बजाय उद्धव ठाकरे की शिवसेना पर ज्यादा निर्भर होना पड़ रहा है। उत्तर मध्य लोकसभा सीट बीते 10 साल से भाजपा के पास है। भाजपा ने यहां की सांसद पूनम महाजन को मौका नहीं दिया है।

लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों में भाजपा के पास दो, शिंदे की शिवसेना के पास दो, उद्धव की शिवसेना और कांग्रेस के पास एक-एक सीट है। 2019 में भाजपा की पूनम महाजन 4.86 लाख वोट और कांग्रेस की प्रिया दत्त को 3.56 लाख वोट मिले थे। वंचित बहुजन आघाडी के उम्मीदवार अब्दुल रहमान ने 33,703 वोट पाए थे।

## उत्तर पश्चिम सीट : उत्तर भारतीय वोटरों का मिलेगा जिसे समर्थन वही जीतेगा रण

मुंबई उत्तर पश्चिम सीट से चुनाव लड़ने के विवाद के कारण ही संजय निरुपम के बोल बिगड़े और कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से निकाला, तो निरुपम में शिंदे गुट का दामन थाम लिया। शिवसेना शिंदे गुट ने इस सीट पर जोगेश्वरी (पूर्व) विधानसभा क्षेत्र के विधायक रवींद्र वायकर को चुनावी मैदान में उतारा है। शिवसेना उद्धव ठाकरे की तरफ से अमोल कीर्तिकर पहले ही यहां मैदान में हैं। इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत छह विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से तीन पर भाजपा का कब्जा है। मुंबई उपनगर की यह सीट उत्तर भारतीय बहुल मानी जाती है। यही कारण है कि यहां से अभिनेता सुनील दत्त पांच बार एवं उनके निधन के बाद उनकी पुत्री प्रिया दत्त एक बार सांसद रही हैं। मशहूर वकील राम जेठमलानी भी 1977 एवं 1980 में इस सीट से जीत चुके हैं। इस सीट पर भाजपा ने कभी चुनाव नहीं लड़ा है। इस बार भी महायुति के सीट बंटवारे में यह सीट शिवसेना शिंदे गुट के पास गई। नाम वापसी के बाद इस सीट पर 21 उम्मीदवार मैदान में हैं। लोकसभा चुनाव 2019 में इस सीट पर शिवसेना प्रत्याशी गजानन कीर्तिकर को जीत हासिल हुई थी। उन्हें 570063 वोट मिले थे। कांग्रेस प्रत्याशी संजय निरुपम दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्हें 309735 वोट मिले थे। जीत का अंतर 260328 था।



रवींद्र वायकर।

## ध्रुवीकरण की राजनीति गर्मायी, चुनाव गुजराती बनाम मराठी बनाने के प्रयास

मुंबई उत्तर पूर्व लोकसभा सीट से भाजपा के मिहिर चंद्रकांत कोटेचा और शिवसेना उद्धव ठाकरे के प्रत्याशी संजय दीना पाटिल के बीच मुकाबला हो रहा है। यहां बसपा से देश विट्ठल उमप भी मैदान में है। इस लोकसभा क्षेत्र में देश का सबसे बड़ा बंदरगाह है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज भी यहीं है, जो एशिया का सबसे पुराना स्टॉक एक्सचेंज है। इस लोकसभा क्षेत्र में मतों का ध्रुवीकरण करने की कवायद शुरू हो गई है। चुनाव प्रचार के दौरान गुजराती बनाम मराठी मुद्दा भी देखने को मिल रहा है। कई रिहायशी सोसायटी में दूसरे प्रत्याशी को प्रचार करने से रोके जाने या बाद में आने के लिए कहकर टालने की शिकायतें आ रही हैं। 2019 के चुनाव में एनसीपी ने यहां से संजय पाटिल को टिकट दिया था। भाजपा से मनोज कोटक मैदान में थे। जीत मनोज किशोरभाई कोटक को मिली थी। उन्हें 5,14,599 वोट मिले थे. जबकि एनसीपी के संजय दीना पाटिल 2,88,113 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर थे, वंचित अघाडी के निहारिका खोंडाले 68,239 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 में इस सीट से भाजपा के किरीट सौमेया ने 5,25,285 वोट पाकर जीत हासिल की थी। एनसीपी के संजय पाटिल दूसरे और आम आदमी पार्टी से उतरीं नर्मदा बचाओ आंदोलन से जुड़ीं मेधा पाटकर ने तीसरा स्थान पाया था।



मिहिर चंद्रकांत कोटेचा।

## दक्षिण लोकसभा सीट: सावंत के सामने जीत की हैट्रिक लगाकर उद्धव सेना का झंडा लहराने की चुनौती

मुंबई दक्षिण लोकसभा सीट समृद्ध इलाका है। गेट वे आफ इंडिया, हाजी अली दरगाह के अलावा यह व्यावसायिक क्षेत्र है। इस सीट पर शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना से यामिनी जाधव मैदान में उतरी हैं। पहले इस सीट से भाजपा चुनाव लड़ना चाह रही थी, पार्टी ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को उतारने के संकेत भी दिए थे, लेकिन अंतत: शिंदे का दावा भारी पड़ा। यामिनी का मुकाबला मौजूदा सांसद शिवसेना यूबीटी के अरविंद सावंत से होगा, जो उद्धव ठाकरे के खास सिपहसलार माने जाते हैं। पूर्व पार्षद यामिनी जाधव भायखाला से विधायक चुनी गई थीं और लोकसभा का चुनाव लड़ रही हैं। वह उन 39 विधायकों में शामिल थीं, जिन्होंने उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत में शिंदे को समर्थन दिया था। 2019 के चुनाव में इस सीट से शिवसेना के अरविंद गणपत सावंत ने जीत हासिल की थी, उन्हें 4,21,937 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के मिलिंद मुरली देवड़ा 3,21,870 वोटों के साथ दूसरे और वंचित अघाडी के अनिल चौधरी 30,348 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। 2014 के चुनाव में भी सावंत ने देवड़ा को



अरविंद सावंत।

## दक्षिण मध्य लोकसभा सीट: शिवाजी पार्क और सेना भवन वाले इलाके में दोनों सेनाओं के बीच कांटे की टक्कर

मुंबई दक्षिण मध्य लोकसभा सीट पर मुकाबला दोनों शिवसेना के बीच है। यहां से दो बार शिवसेना सांसद राहुल शेवाले जो अब शिंदे गुट के साथ हैं, जीत की हैट्रिक लगाने मैदान में उतरे हैं। उनका मुकाबला शिवसेना उद्धव गुट के प्रत्याशी अनिल देसाई से है। देसाई कुछ समय पहले तक राज्य सभा के सदस्य थे। इस लोकसभा क्षेत्र में ही सेना भवन स्थित है। यहीं शिवाजी पार्क भी हैं, जहां शिवसेना दशहरा रैली करती रही है। एशिया की सबसे बड़ी स्लम धारावी भी यहीं हैं। इसी कारण यहां मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की साख की लड़ाई मानी जा रही है। लोग दोनों शिवसेना की असली परीक्षा मान रहे हैं। इस सीट पर जिसका उम्मीदवार जीतेगा, उससे साफ हो जाएगा कि मराठी मतदाता किसके साथ है। इस सीट पर 2014 और 2019 दोनों चुनावों में शिवसेना के राहुल रमेश शेवाले और कांग्रेस के एकनाथ एम गायकवाड़ के बीच मुकाबला हुआ था और दोनों ही बार राहुल शेवाले को जीत मिली। 2014 में उन्होंने गायकवाड़ को एक लाख 38 हजार और 2019 में डेढ़ लाख मतों से पराजित किया था। इस सीट पर दलित और मुस्लिम वोटर बड़ा फैक्टर है। छह में चार विधानसभा सीटें महायुति और दो महाविकास अघाडी के पास हैं।



राहुल शेवाले।

## उत्तर लोकसभा सीट: केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का पहला चुनाव, मराठी और गुजराती मतदाता होंगे निर्णायक

केंद्र सरकार के दिग्गज मंत्री पीयूष गोयल पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ने मुंबई उत्तर लोकसभा सीट से उतरे हैं। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी भूषण पाटिल से है। पाटिल 2009 में लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। कांग्रेस की राज्य इकाई के उपाध्यक्ष हैं। भाजपा प्रत्याशी पीयूष गोयल अपनी साफ-सुथरी छवि को आगे रखकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों की याद दिलाते हुए मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। वह महाराष्ट्र से राज्यसभा के सांसद रहे हैं। भाजपा ने मुंबई उत्तर सीट से लगातार दो बार सांसद रहे गोपाल शेट्टी का टिकट काटकर पीयूष पर दांव लगाया है। मराठी और गुजराती मतदाताओं पर भाजपा और कांग्रेस दोनों ने फोकस कर रखा है। 17 .75 लाख वोटर वाली मुंबई उत्तर लोकसभा सीट पर 47 फीसदी मराठी, 13 फीसदी गुजराती और 13 फीसदी मुस्लिम वोटर हैं। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच ही वर्चस्व की लड़ाई होती आयी है। लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों में चार बोरीवली, दहिसर, चारकोप और कांदीवली पूर्व पर भाजपा तो माल्दा पश्चिम पर कांग्रेस और मागाठाणे पर शिवसेना का कब्जा है। 2019 के चुनाव में भाजपा के गोपाल शेट्टी ने कांग्रेस की उर्मिला मातोंडकर को 4,65,247 वोटों से हराया था। 2014 के चुनाव में शेट्टी ने कांग्रेस के संजय निरुपम को लगभग साढ़े चार लाख वोटों से परास्त किया था।



पीयूष गोयल।

### सोमवार को मतदान, लंबा वीकेंड मिलने से छुट्टी मनाने बाहर न निकल जाएं लोग

- मुंबई में 20 मई को वोटिंग के दिन सोमवार पड़ रहा है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि लंबा वीकेंड देखते हुए लोग शुक्रवार से ही शहर से बाहर जा सकते हैं। शनिवार-रविवार छुट्टी रहेगी और सोमवार को वोटिंग के लिए अतिरिक्त छुट्टी मिल जाएगी। लेकिन इससे मतदान प्रतिशत पर असर पड़ सकता है। दक्षिण मुंबई सीट पर लोकसभा चुनाव में सबसे कम वोटिंग होती है। इस इलाके में सबसे ज्यादा धनी लोग रहते हैं। 2019 में मुंबई में लोकसभा चुनाव 29 अप्रैल को हुआ था, उस दिन भी सोमवार था। नतीजन इस सीट पर मुंबई में सबसे कम 51 .45% मतदान हुआ था। मुंबई उत्तर-मध्य सीट पर 53 .61%, उत्तर-पश्चिम सीट पर 54 .28%, दक्षिण-मध्य सीट पर 55 .24%, उत्तर-पूर्व सीट पर 57 .12% और उत्तर लोकसभा सीट पर 59 .98% वोटिंग हुई थी।

### 400 पार का संगीत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के अंबेडकर नगर में राजग प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उनका स्वागत किया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 84,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,600 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,800-55,000 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 71,350 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 71,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 82,000 |
| चांदी तैयार | 82,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000। |

# 3 साल में घट गई परिवारों की शुद्ध बचत

## सांख्यिकी और कार्यक्रम मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े, नौ लाख करोड़ रुपये घट गई

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में परिवारों की शुद्ध बचत तीन वर्षों में नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक घटकर वित्त वर्ष 2022-23 में 14.16 लाख करोड़ रुपये रह गयी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

मंत्रालय की तरफ से जारी ताजा राष्ट्रीय खाता सांख्यिकी-2024 के मुताबिक, वित्त वर्ष 2020-21 में परिवारों की शुद्ध बचत 23.29 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई थी लेकिन उसके बाद से इसमें लगातार गिरावट आ रही है। वित्त वर्ष 2021-22 में परिवारों की शुद्ध बचत घटकर 17.12 लाख करोड़ रुपये रह गई। यह वित्त वर्ष 2022-23 में और भी कम होकर



14.16 लाख करोड़ रुपये पर आ गई जो पिछले पांच वर्षों का सबसे निचला स्तर है। इससे पहले शुद्ध घरेलू बचत का निचला स्तर वर्ष 2017-18 में 13.05 लाख करोड़ रुपये था। लेकिन यह 2018-19 में बढ़कर 14.92 लाख करोड़ रुपये और 2019-20 में 15.49 लाख करोड़ रुपये हो गया था। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि 2020-21 से लेकर 2022-23 के दौरान म्यूचुअल फंड में निवेश लगभग तिगुना होकर 1.79 लाख करोड़ रुपये हो गया जो 2020-21 में 64,084 करोड़ रुपये था। शेयरों और डिबेंचर में परिवारों का निवेश इस अवधि में 1.07 लाख करोड़ रुपये से लगभग दोगुना होकर 2022-23 में 2.06 लाख करोड़ रुपये हो गया। आंकड़े बताते हैं कि परिवारों को बैंक ऋण भी इन तीन वर्षों में दोगुना होकर 2022-23 में 11.88 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

### एफएमसीजी सामान की ग्रामीण खपत रही अधिक



भारतीय एफएमसीजी (रोजमर्रा के उपभोग का सामान) उद्योग ने वर्ष 2024 की जनवरी-मार्च अवधि में राष्ट्रीय स्तर पर मात्रा के मामले में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। इसके साथ ही पांच तिमाहियों में पहली बार ग्रामीण खपत ने शहरी मांग को पीछे छोड़ दिया है। नील्सनआईक्यू ने एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया है। उपभोक्ताओं से जुड़ी सूचनाएं मुहैया कराने वाली फर्म नील्सनआईक्यू (एनआईक्यू) ने दैनिक उपभोग वाले उत्पादों (एफएमसीजी) पर जारी तिमाही रिपोर्ट में कहा है कि खाद्य एवं गैर-खाद्य दोनों क्षेत्रों ने खपत बढ़ाने में योगदान दिया, लेकिन भोजन की तुलना में गैर-खाद्य श्रेणी में वृद्धि लगभग दोगुनी रही। मार्च तिमाही में घरेलू एफएमसीजी उद्योग का मूल्य 6.6 प्रतिशत बढ़ा है जिसका श्रेय अखिल भारतीय स्तर पर मात्रा में 6.5 प्रतिशत वृद्धि को जाता है। मात्रात्मक वृद्धि एक साल पहले की समान तिमाही में 3.1 प्रतिशत रही थी।

### आईडीबीआई बैंक को 2.97 करोड़ की जीएसटी मांग का नोटिस

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसे कथित तौर पर अधिक इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लेने के लिए ब्याज और जुर्माने समेत 2.97 करोड़ रुपये की जीएसटी मांग का नोटिस मिला है।

बैंक ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि देहरादून राज्य कर विभाग ने आईटीसी के कथित अतिरिक्त लाभ और उपयोग के लिए वित्त वर्ष 2018-19 से संबंधित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) नियमों के तहत एक आदेश जारी किया है। इस आदेश में 1.42 करोड़ रुपये की कर मांग के साथ बैंक पर 1.41 करोड़ रुपये का ब्याज और 14 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। आईडीबीआई बैंक ने कहा-बैंक कानून के मुताबिक इस मामले में अपील सहित उचित कानूनी तरीका अपनाने के बारे में विचार कर रहा है।

## सोने में 200 रुपये की बढ़त, चांदी में 700 रुपये का आया उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के अनुरूप बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 200 रुपये की बढ़त के साथ 72,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 700 रुपये के उछाल के साथ 85,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 84,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों से सकारात्मक संकेत लेते हुए दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 200 रुपये अधिक है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,319 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से सात डॉलर की बढ़त है।

सौमिल गांधी ने कहा-इस साल अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती किए जाने के संकेत मिलने से सोने की कीमतों में तेजी आई। अमेरिकी नीति निर्माताओं की नरम रुख वाली टिप्पणियों ने ब्याज दर में कटौती की उम्मीदों को बढ़ावा दिया है।

### कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले पर ईपीएफओ कदम उठाने को लेकर कर रहा विचार

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने मंगलवार को कहा कि वह भविष्य निधि में विदेशी श्रमिकों को शामिल करने को असंवैधानिक ठहराने वाले कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले के संबंध में आगे की कार्रवाई पर गौर कर रहा है। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कर्मचारी भविष्य निधि और पेंशन योजना के दायरे में अंतरराष्ट्रीय श्रमिकों को शामिल करने के प्रावधानों को खारिज कर दिया है। वहीं ईपीएफओ ने कहा-न्यायालय के फैसले के प्रति सर्वोच्च सम्मान रखते हुए कार्रवाई के तरीकों पर सक्रियता के साथ विचार कर रहा है।

## दूरसंचार विभाग ने धोखाधड़ी में शामिल मोबाइल हैंडसेट, फोन नंबर किए ब्लॉक

नई दिल्ली, एजेंसी

दूरसंचार विभाग ने मोबाइल पर संदेश भेजकर मोबाइल उपयोग करने वालों के साथ धोखाधड़ी करने वालों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है। विभाग ने ऐसी गतिविधियों में उपयोग किए जाने वाले मोबाइल फोन को ब्लॉक करने के साथ ऐसे नंबरों को बंद करना शुरू कर दिया है।

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों से निपटने के लिए दो महीने पहले 'चक्षु' पोर्टल शुरू किया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, पोर्टल शुरू होने के बाद से विभाग ने दुर्भावनापूर्ण और गलत इरादे से एसएमएस भेजने में शामिल 52 इकाइयों को काली सूची में डाल दिया है। साथ ही अखिल भारतीय स्तर पर 348 मोबाइल हैंडसेट को ब्लॉक कर दिया है। इसके अलावा, 10,834 संदिग्ध मोबाइल नंबर को फिर से सत्यापन के लिए चिह्नित किया है। एसएमएस से संबंधित धोखाधड़ी पर एक प्रौद्योगिकी पेशेवर के सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखी गई बातों के जवाब में विभाग ने कह कि जिस मोबाइल नंबर का जिक्र किया गया है, उसे ब्लॉक कर दिया गया है।

### 8 प्रमुख शहरों में 2023 में खाली पड़े शॉपिंग मॉल की बढ़ी संख्या

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख शहरों में खाली पड़े शॉपिंग मॉल की संख्या पिछले साल 57 से बढ़कर 64 हो गई। इसकी वजह खुदरा विक्रेता और उपभोक्ताओं के प्रीमियम संपत्तियों को तरजीह देना है।

रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने मंगलवार को 'थिंक इंडिया थिंक रिटेल 2024' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। इसमें 29 शहरों के शॉपिंग सेंटर और बड़े बाजारों पर गौर किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, आठ प्रमुख महानगरों में खाली पड़ी खुदरा संपत्तियों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

## कारोबारी घंटे बढ़ाने का एनएसई का प्रस्ताव खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- सेबी ने ब्रोकरों से समुचित प्रतिक्रिया न मिलने से कर दिया इनकार
- एनएसई के सीईओ ने बताया वर्तमान में कोई योजना नहीं

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने स्टॉक ब्रोकरों से समुचित प्रतिक्रिया न मिलने का हवाला देते हुए इक्विटी डेरिवेटिव खंड में कारोबारी घंटे बढ़ाने के नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। एनएसई के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आशीष कुमार चौहान ने नतीजों पर विश्लेषकों के साथ चर्चा में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा-वर्तमान में कारोबारी घंटे बढ़ाने की कोई योजना नहीं है क्योंकि सेबी ने हमारा आवेदन वापस कर दिया है। स्टॉक ब्रोकरों से सेबी को ऐसी प्रतिक्रिया नहीं मिली, जैसी वह चाहता था। लिहाजा विस्तारित समय योजना को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। एनएसई ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से इक्विटी डेरिवेटिव खंड में चरणबद्ध तरीके से कारोबार का समय बढ़ाने का आग्रह किया था। इसके पीछे मकसद यह था कि वैश्विक सूचना प्रवाह से रातों-रात पैदा होने वाले जोखिम को कम किया जा सके।



एनएसई के मुख्य कारोबार विकास अधिकारी श्रीराम कृष्णन ने सितंबर में बताया था कि एक्सचेंज नियमित कारोबारी सत्र खत्म होने के बाद शाम छह बजे से रात नौ बजे तक एक और सत्र की योजना बना रहा था। इसपर मिली प्रतिक्रिया के आधार पर कारोबारी समय को धीरे-धीरे रात 11.55 बजे तक बढ़ाने का प्रस्ताव था।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### आम आदमी पार्टी के मुख्यालय के बाहर भाजपा का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भाजपा की दिल्ली इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक प्रतिबंधित आतंकी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा कथित तौर पर धन लिए जाने के मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जांच कराने की सिफारिश को लेकर मंगलवार को डीडीयू मार्ग स्थित आप मुख्यालय के पास विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने अवरोधक लगाकर रोक दिया। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आरोप लगाया-हम जानते हैं कि आप भ्रष्ट है लेकिन यह सबसे शर्मनाक है कि पार्टी ने एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन से भी धन लिया।

### भाजपा का पोस्ट तुरंत हटाने का निर्देश

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई (बीजेपी4कर्नाटक) के एक पोस्ट को कानून का उल्लंघन बताते हुये सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्ववर्ती) ट्विटर से उसे तुरंत हटाने का मंगलवार को निर्देश दिया। आयोग द्वारा एक्स के नोडल अधिकारी को भेजे गये एक पत्र में कहा गया है कि बीजेपी4कर्नाटक का सोशल मीडिया पोस्ट नियम क़ानून के विरुद्ध है और उसके खिलाफ बेंगलुरु में मामला दर्ज किया जा चुका है। आयोग ने कहा है कि राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने एक्स को पांच मई को ही उस पोस्ट को हटाने को कहा था, लेकिन उसे अब तक नहीं हटाया गया है।

### दिल्ली पुलिस ने व्हाट्सएप चैनल शुरू किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में रहने वाले लोगों को सुरक्षा अलर्ट, महत्वपूर्ण समाचार और दिल्ली पुलिस विभाग के त्वरित अपडेट की जानकारी देने के लिए मंगलवार को व्हाट्सएप चैनल की शुरुआत की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि हमारा मानना है कि यह लोगों के साथ हमारे जुड़ाव को बढ़ाएगा और महत्वपूर्ण जानकारी को समय पर और कुशल रूप से साझा करने की हमारी क्षमता में सुधार लाएगा।

## मप्र में प्रधानमंत्री मोदी ने बताया एनडीए के लिए क्यों रखा 400 पार सीटों का लक्ष्य

# राम मंदिर पर बाबरी ताला न लग जाए...

धार (मप्र), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वह चाहते हैं कि भाजपा के नेतृत्व वाला राजग मौजूदा लोकसभा चुनाव में 400 सीट जीते ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कांग्रेस कश्मीर में अनुच्छेद 370 वापस न लाए और अयोध्या में राम मंदिर पर बाबरी ताला न लगाए। मध्य प्रदेश के धार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने मुसलमानों को आरक्षण का लाभ देने के राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के बयान की भी आलोचना की।

उन्होंने कहा कि विपक्षी 'इंडिया' गुट की 'साजिश' गहरी है और वह अपने वोट बैंक के लिए एससी, एसटी और ओबीसी का पूरा आरक्षण चाहता है। उन्होंने कांग्रेस पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को अपमानित करने का भी आरोप लगाया, उन्होंने कहा कि विपक्षी दल ने यह कहना शुरू कर दिया है कि संविधान बनाने में उनकी बहुत कम भूमिका थी। मोदी ने कहा-सच्चाई यह है कि कांग्रेस परिवार डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर से बेहद नफरत करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अफवाह फैला रही है कि अगर उन्हें 400 लोकसभा सीटे मिलेंगी तो वे संविधान बदल देंगे।





मध्य प्रदेश के धार में चुनावी जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव। ● एजेंसी

### हम करोड़ों लोगों को लखपति बनाएंगे: राहुल



**चाईबासा (झारखंड)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन को उद्योगपतियों के हवाले करना चाहते हैं। झारखंड के चाईबासा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने सत्ता में आने पर करोड़ों लोगों को लखपति बनाने का वादा भी किया। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव संविधान और आदिवासियों, गरीबों एवं पिछड़ों के अधिकारों को बचाने के लिए है तथा 'इंडिया' गठबंधन के नेता संविधान को बचाने के लिए अपने जीवन का बलिदान तक देने के लिए तैयार हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा-मोदीने अपने 10 साल में 22 लोगों को अरबपति बनाया...सत्ता में आने पर हम करोड़ों लखपति बनाएंगे।

## मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए पर धर्म के आधार पर नहीं: लालू प्रसाद

पटना, एजेंसी

- राजद के अध्यक्ष ने की आरक्षण का लाभ दिए जाने की वकालत

राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने मुसलमानों को आरक्षण का लाभ दिए जाने की वकालत करते हुए मंगलवार को कहा कि यह सामाजिक पिछड़ेपन पर आधारित होना चाहिए न कि धर्म के आधार पर। इससे पहले दिन में पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रसाद द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय के लिए आरक्षण लाभ को लेकर की गई टिप्पणी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के अन्य नेताओं ने उनकी आलोचना की। कई मुस्लिम जातियां बिहार और कई अन्य राज्यों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की सूची में शामिल हैं।

हालांकि, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा मुस्लिम समुदाय को ओबीसी कोटे के तहत आरक्षण देने को लेकर पिछले साल विधानसभा चुनाव में हारी भाजपा आलोचना कर रही है। मोदी और अन्य भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस और राजद जैसे उसके सहयोगी ओबीसी, दलितों और आदिवासियों को मिल रहे आरक्षण का लाभ मुसलमानों को देना चाहते हैं।



### वे मुसलमानों को देना चाहते हैं आरक्षण: सुधांशु



**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि यादव ने मुसलमानों के लिए आरक्षण की वकालत की है। उन्होंने कहा-लालू प्रसाद यादव ने कहा कि मुसलमानों को पूर्ण आरक्षण दिया जाना चाहिए। उनके द्वारा अपने वक्तव्य में प्रयुक्त यह शब्द 'पूरा का पूरा' (पूर्ण) बहुत गंभीर है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि वे (इंडिया गठबंधन) मुसलमानों को एससी, एसटी और ओबीसी के हिस्से से आरक्षण देना चाहते हैं।

## राजस्थान में सांड़ को बचाने कुएं में उतरे तीन लोगों की जहरीली गैस से मौत

**जयपुर।** राजस्थान के शाहपुरा जिले में एक सांड़ को बचाने के लिए कुएं में उतरे तीन लोगों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार रात आरणी गांव की है जहां दो सांड़ लड़ते-लड़ते कुएं में गिर गए। उसने कहा कि उनमें से एक को ग्रामीणों ने ''अर्थमूविंग'' मशीन की मदद से बचा लिया, जबकि दूसरे सांड़ को बचाने की प्रक्रिया चल ही रही थी कि कुएं में उतरा सुखदेव बेहोश हो गया। पुलिस के अनुसार सुखदेव को तो बाहर निकाल लिया गया लेकिन उसे बचाने के लिए नीचे उतरे तीन लोग जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गए। पुलिस के अनुसार-इस हादसे में धनराज (26), कमलेश (19) और शंकर (30) की मौत हो गई।

## यूपी, झारखंड से पांच मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त पांच लोगों गिरफ्तार कर पांच करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन जब्त की है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, अपराध शाखा ने उत्तर प्रदेश और झारखंड निवासी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे 2.26 किलोग्राम हेरोइन के अलावा अन्य मादक पदार्थ बरामद किये। पुलिस के अनुसार आरोपियों की पहचान मोहम्मद आतिफ, अशरफ, आरिफ अली, रुखसार और मोहम्मद मुख्तार अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमित गोयल ने कहा-हमें सूचना मिली थी कि मादक पदार्थ तस्कर आतिफ छत्ता रेल चौक फ्लाईओवर क्षेत्र के निकट बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ की आपूर्ति के लिए आएगा। हमने जाल बिछाया और फरवरी में आतिफ को एक किलोग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि उसने खुलासा किया कि बरामद हुआ मादक पदार्थ उसे बरेली निवासी अशरफ ने नरेला क्षेत्र की अनाज मंडी में आपूर्ति करने के लिए दिया था। पुलिस ने बरेली में अशरफ के ठिकानों पर छापे मारे। उन्होंने बताया कि एक अस्पताल से गिरफ्तार किया गया और उससे 490 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। उसने बरेली निवासी आरिफ और रुखसार के नाम बताए।

## झूठ और नफरत फैलाने वालों को करें खारिज, भविष्य के लिए कांग्रेस को दें वोट

नई दिल्ली, एजेंसी

- सोनिया गांधी बोलीं- इंडिया के घटक दल संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को जनता से झूठ व नफरत फैलाने वालों को खारिज करने और सभी के लिए ''अधिक समान और उज्ज्वल'' भविष्य सुनिश्चित करने के वास्ते कांग्रेस को वोट देने की अपील की। उन्होंने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के दिन यह अपील की है। सोनिया गांधी ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दल संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा-झूठ और नफरत फैलाने वालों को खारिज करें और सभी के उज्ज्वल व समान भविष्य के लिए कांग्रेस को वोट दें। 'हाथ' (कांग्रेस का चुनाव चिह्न) का बटन दबाएं। आइए मिलकर शांति और सद्भाव के साथ सभी के लिए एक मजबूत व अधिक एकजुट भारत का निर्माण करें। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि युवा बेरोजगारी की दर, महिलाओं के खिलाफ अपराध और दलितों, आदिवासियों व अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने दावा किया कि ये चुनौतियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा की ''नीयत और नीति'' से उपजी हैं, जिनका लक्ष्य समावेशिता और संवाद को खारिज करते हुए सत्ता हासिल करना है। गांधी ने कहा, ''हमारे संविधान और लोकतंत्र के खतरे में होने, गरीबों को पीछे छोड़ दिए जाने और हमारे समाज के ताने-बाने को कमजोर किए जाने का दृश्य मुझे पीड़ा से भर देता है। उन्होंने कहा-आज मैं एक बार फिर आपका समर्थन मांगती हूं। हमारे 'न्याय पत्र' (घोषणापत्र) और गारंटी का उद्देश्य हमारे देश को एकजुट करना और भारत के गरीबों, युवाओं, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों और वंचित समुदायों के लिए काम करना है। कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दल संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।



# कैदी को भी चिकित्सकीय उपचार का होता है अधिकार

मुंबई, एजेंसी

- बंबई उच्च न्यायालय ने धनशोधन मामले में की टिप्पणी
- कोर्ट ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को दी जमानत

बंबई उच्च न्यायालय ने धनशोधन मामले में गिरफ्तार जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को स्वास्थ्य के आधार पर दो महीने के लिए अंतरिम जमानत देते हुए कहा कि एक कैदी को भी चिकित्सकीय उपचार का अधिकार होता है और वह सम्मान का हकदार है।

न्यायमूर्ति एन. जे. जमादार की एकल पीठ ने कहा कि एक विचाराधीन कैदी के रूप में इलाज कराने और बिना किसी रोक-टोक के नागरिक के रूप में उपचार कराने के बीच अंतर है। पीठ ने सोमवार को गोयल को चिकित्सकीय आधार पर दो महीने की अंतरिम जमानत दे दी थी। आदेश की प्रति मंगलवार को उपलब्ध कराई गई। गोयल (75) ने चिकित्सकीय और मानवीय आधार पर अंतरिम जमानत प्रदान करने का आग्रह किया था, क्योंकि वह और उनकी पत्नी कैंसर से पीड़ित हैं। एक विशेष अदालत ने फरवरी में गोयल को जमानत देने से इनकार कर दिया था, लेकिन उन्हें अपनी पसंद के निजी अस्पताल में भर्ती होने और इलाज कराने की अनुमति दे दी थी। इसके बाद गोयल ने अंतरिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया था। न्यायमूर्ति जमादार ने आदेश देने से पहले मेडिकल रिकॉर्ड का अवलोकन किया और कहा-यह मानना ठीक नहीं होगा कि आवेदक (गोयल) बीमार नहीं है।



पीठ ने कहा कि किसी कैदी को गंभीर बीमारी से पीड़ित होने पर केवल इसलिये अधर में नहीं छोड़ा जा सकता कि उस पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के सख्त प्रावधान के तहत मामला दर्ज है। पीठ ने कहा, "एक कैदी को अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए इलाज कराने का अधिकार है। यह राज्य का दायित्व है कि वह किसी कैदी को स्वास्थ्य व उसकी सुरक्षा के लिए आवश्यक उपचार प्रदान करे। एक कैदी गरिमा का हकदार होता है। पीठ ने ईडी की यह दलील कि गोयल एक निजी अस्पताल में अपनी इच्छा के अनुरूप उपचार करा रहे हैं और इसलिए उन्हें जमानत पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए, को ठुकरा दिया। ईडी ने गोयल को सितंबर 2023 में और उनकी पत्नी अनीता को नवंबर 2023 में गिरफ्तार किया था।

### ओडिशा सरकार ने कार्यक्रम के दौरान ड्रोन पर लगाया प्रतिबंध

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों (वीवीआईपी) की यात्रा के दौरान ड्रोन के उपयोग को प्रतिबंधित कर दिया है और वे लोग जिन समारोह स्थलों पर लोगों को संबोधित करेंगे, उन्हें 'नो ड्रोन जोन और नो फ्लाइंग जोन' घोषित कर दिया है। राज्य में वीवीआईपी की पिछली यात्रा के दौरान कुछ मीडियाकर्मियों को सार्वजनिक बैठकों, रैलियों, रोड शो के दौरान वीवीआईपी के दृश्य लेने के लिए ड्रोन का उपयोग करते हुए देखा गया था, जो वीवीआईपी के लिए खतरा पैदा कर रहे थे। इसी वजह से राज्य सरकार ने ये निर्णय लिया है।

**आज का मुकाबला**

सनराइजर्स हैदराबाद
बनाम
लखनऊ सुपरजाइंटस
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 12 | 18 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 11 | 17 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 11 | 542 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| संजू सैमसन (राजस्थान रॉयल) | 11 | 471 |

## विश्व कप क्वालीफायर के लिए दूसरी सूची की घोषणा, चोटिल झिंगन बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी



- पहली सूची में शामिल 26 खिलाड़ी भुवनेश्वर में 10 मई से शुरू करेंगे अभ्यास

भारतीय सीनियर पुरूष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन के दूसरे दौर के मुकाबलों के लिये 15 संभावित खिलाड़ियों की दूसरी सूची जारी की जिसमें चोटिल डिफेंडर संदेश झिंगन का नाम नहीं है।

पहली सूची शनिवार को जारी की गई थी। झिंगन को जनवरी में सीरिया के खिलाफ भारत के एशियाई कप ग्रुप मैच के दौरान दाहिने घुटने में चोट लगी थी। पहली सूची में शामिल 26 खिलाड़ी भुवनेश्वर में 10 मई से अभ्यास शुरू करेंगे। दूसरी सूची में शामिल 15 खिलाड़ियों में मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान एसजी के खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने आईएसएल कप फाइनल खेला। वे 15 मई को शिविर से जुड़ेंगे। कुल 41 खिलाड़ी राष्ट्रीय शिविर में भाग लेंगे। भारत का सामना छह जून को कोलकाता में कुवैत से और 11 जून को कतर में कतर से होगा। भारत ग्रुप ए में चार मैचों में चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें तीसरे दौर में पहुंचेंगी और एएफसी एशियाई कप का टिकट कटाएगी।

## दबाव में अच्छे फैसले लेता है कप्तान रोहित : युवराज

नई दिल्ली, एजेंसी



- टी-20 विश्वकप में रोहित जैसे कप्तान की भारतीय टीम को है जरुरत

भारत के पूर्व हरफनमौला युवराज सिंह का मानना है कि रोहित शर्मा समझदार कप्तान है और दबाव में अच्छे फैसले लेते हैं जिससे टी-20 विश्व कप में भारत के लिए उनकी मौजूदगी अहम होगी। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम पिछले साल 50 ओवरों के विश्व कप के फाइनल में पहुंची और टी-20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके अलावा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी टीम ने जगह बनाई थी। अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी भारतीय टीम की कमान रोहित के हाथ में होगी।

टी-20 विश्व कप के ब्रांड दूत युवराज ने आईसीसी से कहा रोहित की मौजूदगी काफी अहम होगी। हमें अच्छे और समझदार कप्तान की जरूरत है जो दबाव में अच्छे फैसले ले सके। रोहित ऐसा ही कप्तान है।

भारत ने आखिरी बाद 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में आखिरी आईसीसी खिताब जीता था। युवराज का मानना है कि भारत को रोहित जैसे कप्तान की जरूरत है। जब हम 50 ओवरों के विश्व कप के फाइनल में हारे थे तब रोहित ही कप्तान था। हमें उसके जैसे कप्तान की ही जरूरत है।

## शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल होंगे भारत की सफलता की कुंजी : शास्त्री



**दुबई।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि आगामी टी-20 विश्व कप में शिवम दुबे की बड़े छक्के लगाने की क्षमता से भारत को बड़े स्कोर बनाने में मदद मिलेगी और यशस्वी जायसवाल के साथ दुबे पर भारत की उम्मीदों का दारोमदार होगा। जायसवाल और दुबे एक जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप में पदार्पण करेंगे। शास्त्री ने कहा दोनों बायें हाथ के बल्लेबाज हैं और अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं। यशस्वी जायसवाल है जिसने इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। वह युवा है और बेखौफ खेलता है। चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेलने वाले दुबे ने इस सत्र में 11 मैचों में 170.73 की स्ट्राइक रेट से 350 रन बनाए हैं। शास्त्री ने कहा मध्यक्रम में उसे देखिएगा। वह आक्रामक है और मैच विनर है। वह मजे के लिए छक्के लगा देता है और स्पिन गेंदबाजी को बखूबी खेलता है। तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी वह असरदार है। पांचवें छठे नंबर पर उसकी भूमिका अहम होगी।

## बंगाल, हरियाणा की महिला हॉकी टीमों को मिली जीत



**रांची।** बंगाल और हरियाणा ने मंगलवार को राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024 में क्रमशः ओडिशा और महाराष्ट्र पर 2-1 के समान अंतर से जीत दर्ज की।

बंगाल ने मैच के दौरान दबदबा बनाए रखा और उसके लिए दोनों गोल शांति होरो (23वां और 39वां मिनट) ने किया। मैच के आखिरी क्वार्टर में दीपी मोनिका टोप्पो (51वां मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल ओडिशा की वापसी कराई लेकिन टीम इसके बाद कोई और गोल करने में विफल रही। दिन के दूसरे मैच में हरियाणा ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। मंजू चौरसिया ने 12वें मिनट में टीम को बढ़त दिलायी जबकि दूसरे हाफ में पूजा ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर हरियाणा की बढ़त को दोगुना किया। महाराष्ट्र के प्रयास करना जारी रखा। टीम के लिए सुकन्या धावरे (55) अंतिम मिनटों में मैदानी गोल कर हार के अंतर को कम करने में सफल रही।

# सैमसन की पारी पर भारी पड़े दिल्ली के गेंदबाज

## राजस्थान को 20 रन से हराया, मैकगर्क और अभिषेक के अर्धशतक, दिल्ली के लिए प्ले ऑफ की उम्मीदें बरकरार



अभिषेक पारेल

65 रन

36 गेंद

नई दिल्ली, एजेंसी

सलामी बल्लेबाजों अभिषेक पोरेल और जेक फ्रेजर-मैकगर्क के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को 20 रन से हराकर प्ले ऑफ में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा।

दिल्ली के के 222 रन लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन (46 गेंद में 86 रन) के बड़े अर्धशतक के बावजूद रॉयल्स की टीम आठ विकेट पर 201 रन ही बना सकी। रियान पराग (27) और शुभम दुबे (25) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। दिल्ली की तरफ से कुलदीप यादव ने 25, मुकेश कुमार ने 30 जबकि खलील अहमद ने 47 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। इस जीत से दिल्ली के 12 मैच में छह जीत से 12 अंक हो गए हैं। टीम हालांकि अंक तालिका पर छठे स्थान पर ही बनी हुई है। रॉयल्स की टीम 11 मैच में 16 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। दिल्ली ने इससे पहले पोरेल (36 गेंद में 65 रन) और फ्रेजर-मैकगर्क (50 रन, 20 गेंद) के अर्धशतक और दोनों के बीच पहले विकेट की 4.2 ओवर में 60 रन की साझेदारी से आठ विकेट पर 221 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स (20 गेंद में 41 रन) ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स ने पारी की दूसरी गेंद पर ही यशस्वी जायसवाल (04) का विकेट गंवा दिया। सैमसन शुरूआत से ही अच्छी लय में नजर आए। बटलर 19 रन बनाकर लौटे। रॉयल्स ने पावर प्ले में दो विकेट पर 67 रन बनाए। रियान पराग (22 गेंद में 27 रन) बनाए। 11वें ओवर में टीम ने रनों का सैकड़ा पूरा किया। सैमसन ने 28 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। रॉयल्स को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 63 रन की दरकार थी। मुकेश ने सैमसन को लॉन्ग ऑन बाउंड्री पर शाई होप के हाथों कैच कराके रॉयल्स को बड़ा झटका दिया। उन्होंने 12 गेंद का सामना करते हुए दो चौके और दो छक्के मारे। कुलदीप ने इसके बाद डोनोवन फरेरा (01) और रविचंद्रन अश्विन (02) को पवेलियन भेजा। रॉयल्स को अंतिम दो ओवर में जीत के लिए 37 रन की जरूरत थी लेकिन टीम लक्ष्य से दूर रही और आठ विकेट खोकर 201 रन ही बना सकी।



विकेट लेने के बाद खुशी मनाते दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.476 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.700 |
| हैदराबाद | 11 | 6 | 5 | 12 | -0.065 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 | -0.371 |
| बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.049 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.187 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.212 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |



जेक फ्रेजर मैकगर्क

**60** रन की साझेदारी जैक और पारेल ने पहले विकेट लिए की

**दिल्ली 221/8** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 01

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जेक फ्रेजर मैकगर्क का फरेरा बो अश्विन | 50 | 20 | 7/3 |
| अभिषेक पोरेल का संदीप बो अश्विन | 65 | 36 | 7/3 |
| शाई होप रन आउट | 1 | 1 | 0/0 |
| अक्षर पटेल का पराग बो अश्विन | 15 | 10 | 1/1 |
| ऋषभ पंत का बोल्ट बो चहल | 15 | 13 | 0/1 |
| ट्रिस्टन स्टब्स पगबाधा बो संदीप | 41 | 20 | 3/3 |
| गुलबदीन नायब का अश्विन बो बोल्ट | 19 | 15 | 1/1 |
| रसिख सलाम रन आउट | 9 | 3 | 2/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 5 | 2 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-48-1, संदीप 4-0-42-1, आवेश 2-0-42-0, अश्विन 4-0-24-3, पराग 2-0-17-0, चहल 4-0-48-1

**राजस्थान 201/8** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 15

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी का अक्षर बो खलील | 4 | 2 | 1/0 |
| जोस बटलर बो अक्षर | 19 | 17 | 2/1 |
| संजू सैमसन का होप बो मुकेश | 86 | 46 | 8/6 |
| रियान पराग बो रसिख | 27 | 22 | 1/3 |
| शुभम दुबे का स्टब्स बो खलील | 25 | 12 | 2/2 |
| रोवमैन पावेल बो मुकेश | 13 | 10 | 1/1 |
| डोनोवन फरेरा पगबधा बो कुलदीप | 1 | 3 | 0/0 |
| रविचंद्रन अश्विन का होप बो कुलदीप | 2 | 3 | 0/0 |
| ट्रेंट बोल्ट नाबाद | 2 | 3 | 0/0 |
| आवेश खान नाबाद | 7 | 3 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** खलील 4-0-47-2, इशांत 3-0-34-0, मुकेश 3-0-30-2, अक्षर 3-0-25-1, कुलदीप 4-0-25-2, रसिख 3-0-36-1

## बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं : पोलार्ड



मुंबई, एजेंसी

मुंबई इंडियंस के आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर होने के बावजूद बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि टीम का तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं है। मुंबई ने सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया जिसमें सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल में दूसरा शतक जड़ा। मुंबई की यह 12 मैचों में चौथी ही जीत थी।

टी20 विश्व कप को देखते हुए बुमराह को आराम देने के सवाल पर पोलार्ड ने कहा हमने इस पर कोई बात नहीं की है। मुझे नहीं लगता कि यह मेरा काम है लेकिन देखते हैं कि क्या होता है। हम सभी यहां पूरा आईपीएल खेलने के लिए हैं। हमारा लक्ष्य आईपीएल पूरा करना है। उसके बाद देखते हैं कि क्या होता है। पोलार्ड ने कहा कि बल्लेबाजी कोच होने के नाते सबसे कठिन काम सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाज से आक्रामक खेल पर नियंत्रण कराना है। ऐसे में बल्लेबाजी कोच के लिए सबसे कठिन काम उसकी स्वाभाविक शैली को बदलना है, लेकिन बहुत ज्यादा नियंत्रण की भी जरूरत नहीं है आजकल क्रिकेट में इतने रन बन रहे हैं।



- मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच बोल- हम यहां आईपीएल के लिए हैं, बाकी सब उसके बाद देंखेंगे

### बारिश के कारण लखनऊ से गुवाहाटी और गुवाहाटी से वाराणसी घूमती रही केकेआर

**लखनऊ।** खराब मौसम के कारण कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की टीम का विमान सोमवार शाम कोलकाता में उतर नहीं कर सका और वह लखनऊ से गुवाहाटी, गुवाहाटी से वाराणसी घूमती रही। केकेआर की मीडिया टीम ने बताया कि टीम को ले जा रहे विमान ने शाम 5 :45 पर लखनऊ से उड़ान भरी और उनके विमान को शाम 7 .25 बजे उतरना था लेकिन बारिश के कारण उनके विमान को उतरने की इजाजत नहीं मिली। रात 8 .46 बजे उन्हें बताया गया कि कोलकाता में भारी बारिश की वजह से उनके विमान को गुवाहाटी भेजा गया। इसके बाद रात 9 .43 बजे पता चला कि हमें वापस कोलकाता जाने के लिए अनुमति मिल गई है और हम रात 11 बजे कोलकाता पहुंचेंगे। टीम मंगलवार को तड़के तीन बजे वाराणसी पहुंची और ताज गंगाज होटल में रात बिताई।

## भारतीय दिग्गजों के लिए द्रविड़ के पास स्पष्ट योजनाएं होनी चाहिए : ब्रायन लारा

नई दिल्ली, एजेंसी



महान क्रिकेटर ब्रायन लारा का मानना है कि भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को अगले महीने अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने के लिए एक विशेष योजना की जरूरत होगी।

भारतीय टीम प्रबंधन ने खेल के सबसे छोटे अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में अनुभवी विराट कोहली और रोहित शर्मा का समर्थन करना जारी रखा है और इस टीम में आठ ऐसे खिलाड़ी है जो 2022 टी-20 विश्व कप का भी हिस्सा थे। लारा ने कहा जब आपके पास बहुत सारे दिग्गज खिलाड़ियों वाली टीम होती है, तो आप योजना भूल जाते हैं। आपको विश्वास रहता है कि ये दिग्गज अपना काम बखूबी कर सकते हैं। एक कोच के रूप में कभी-कभी आपके लिए सर विवियन रिचर्ड्स या विराट कोहली से यह कहते हुए संकोच हो सकता है कि आप उनसे क्या उम्मीद करते हैं। भारतीय टीम के संयोजन के बारे में पूछे जाने पर लारा ने रिचर्ड्स की अगुवाई वाली बेहद अनुभवी वेस्टइंडीज टीम का उदाहरण दिया जो 1987 विश्व कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सकी थी। टीम में खिलाड़ियों के चयन को लेकर अतीत में भी बहुत सारी टीमों को दुविधा की स्थिति का सामना करना पड़ा है।

## प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए उतरेंगे लखनऊ-हैदराबाद

हैदराबाद, एजेंसी

अपने बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से उबरकर सनराइजर्स हैदराबाद लखनऊ सुपर जाइंटस के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के मैच में जीत दर्ज करके प्लेआफ का दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। दोनों टीमों के 11 मैचों में 12 अंक हैं। सनराइजर्स का नेट रनरेट (माइनस 0.065) लखनऊ (माइनस 0.371) से बेहतर है। अंकतालिका में कोलकाता नाइट राइडर्स (16), राजस्थान रॉयल्स (16) और चेन्नई सुपर किंग्स (12) उससे ऊपर हैं। सनराइजर्स और लखनऊ में से जो जीतेगा वह प्लेआफ की दौड़ में एक कदम आगे होगा।

पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन पिछले कुछ मैचों में उसके विजय अभियान पर रोक लग गई है। पिछले चार में से तीन मैचों में सनराइजर्स को पराजय का सामना करना पड़ा है क्योंकि उसके आक्रामक बल्लेबाज नाकाम रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में वे बड़ा स्कोर नहीं बनाने के कारण सात विकेट से हार गए। ट्रेविस हेड को छोड़कर बाकी बल्लेबाज पिछले कुछ मैचों में खराब फॉर्म में रहे हैं। युवा अभिषेक शर्मा पिछले चार मैचों में 30 रन से आगे नहीं जा सके हैं। सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि हर बार सलामी बल्लेबाजों पर ही जिम्मेदारी नहीं छोड़ी जा सकती, मध्यक्रम को भी कमान संभालनी होगी। हेनरिच क्लासेन लगातार अच्छा खेलने में नाकाम रहे हैं और नीतिश रेड्डी ने भी टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है । टी नटराजन ने अच्छी गेंदबाजी की है जबकि अनुभवी भुवनेश्वर कुमार ने भी लय हासिल कर ली है। दूसरी ओर लखनऊ सुपर जाइंट्स ने कोलकाता के खिलाफ इकाना स्टेडियम पर निराशाजनक प्रदर्शन किया और पहली बार 200 से अधिक रन देने के बाद 137 रन पर आउट हो गई। कप्तान केएल राहुल नाकाम रहे जबकि मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन भी बड़ी पारियां नहीं खेल सके। आयुष बडोनी का इस आईपीएल में प्रदर्शन औसत ही रहा है और वह अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे।



**बॉलीवुड हलचल**

## बेहतर स्क्रिप्ट पर शाहरूख के साथ काम करेंगी प्रीति

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा का कहना है कि माइंड ब्लोइंग स्क्रिप्ट मिलने पर ही वह शाहरूख खान के साथ काम करेंगी। प्रीति जिंटा ने शाहरूख खान के साथ दिल से, कभी अलविदा ना कहना, कल हो ना हो और वीर जारा जैसी फिल्मों में काम किया है, लेकिन दोनों को ऑडियंस का सबसे ज्यादा प्यार वीर जारा में मिला। प्रीति जिंटा इन दिनों आमिर खान के प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही सनी देओल स्टारर फिल्म लाहौर 1947 में काम कर रही हैं। इसी बीच प्रीति जिंटा ने एक्स (पहले ट्विटर) पर उन्होंने अपने फैन्स के सवालों के जवाब दिए। एक फैन ने उनसे पूछा, मैम आप और शाहरुख कब साथ में फिल्म करेंगे। इस सवाल का जवाब देते हुए प्रीति ने लिखा, जब भी ऐसी कोई माइंड ब्लोइंग स्क्रिप्ट मिलेगी, जिसे सिर्फ हम दोनों कर सकते हैं तब करेंगे, तब तक इंताजर कीजिए। एक दूसरे फैंन को जवाब देते हुए प्रीति ने शाहरुख की तारीफ में कहा, शाहरूख टैलेंट के पावरहाउस हैं और एक बेहद ही शानदार हैं और ऐसे एक्टर हैं, जिनके साथ काम करने में मजा आता है। वह काफी एंटरटेनिंग हैं और फिल्म दिल से के दौरान उनसे बहुत कुछ सीखा है। एक फैंन ने कहा, आपको सलमान भाई के साथ दोबारा देखना चाहता हूं, पॉसिबल है? जवाब में प्रीति जिंटा ने लिखा, यदि कोई अच्छी स्क्रिप्ट हो तो कुछ भी पॉसिबल है। उन्होंने कहा कि चोरी चोरी चुपके चुपके सलमान के साथ उनकी फेवरेट फिल्म है।



## फिल्म जॉली एलएलबी 3 में हुमा कुरैशी की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी, अक्षय कुमार और अरशद वारसी की आने वाली फिल्म जॉली एलएलबी 3 में काम करती नजर आ सकती हैं। अक्षय कुमार और अरशद वारसी की आने वाली फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू हो गई है। हाल ही में अक्षय और अरशद वारसी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर इस बात की जानकारी दी थी। चर्चा है कि अब इस फिल्म में हुमा कुरैशी की भी एंट्री हो गई है। कहा जा रहा है कि हुमा कुरैशी राजस्थान के अजमेर गई हैं और वह वहां पर जॉली एलएलबी 3 की कास्ट को ज्वाइन करेंगी। कुछ दिनों पहले फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू होने की जानकारी देते हुए अक्षय ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया था। अब ओरिजिनल कौन और डुप्लिकेट कौन, ये तो पता नहीं, पर ये पक्का है कि ये जॉली गुड राइड होने वाली है। हमारे साथ बने रहें जय महाकाल।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# बच्चों को स्पर्श के बारे में बताना ही काफी नहीं

- दिल्ली हाईकोर्ट ने जमानत याचिका खारिज करते हुए की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि आज की डिजिटल दुनिया में नाबालिगों को अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श के बारे में बताया जाना ही काफी नहीं है और बच्चों को आभासी स्पर्श की उभरती हुई अवधारणा और इसके संभावित खतरों के बारे में भी शिक्षित किया जाना जरूरी है।

इसमें वर्चुअल टच को लेकर उन्हें उचित ऑनलाइन व्यवहार सिखाना, हिंसक व्यवहार के चेतावनी संकेतों को पहचानना और गोपनीयता सेटिंग्स और ऑनलाइन सीमाओं के महत्व को समझना शामिल है। दिल्ली हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी एक महिला (कमलेश देवी) की जमानत याचिका को खारिज करते हुए की। महिला पर एक नाबालिग लड़की का अपहरण करने और उसे देह व्यापार में धकेलने के बाद उसके यौन उत्पीड़न में अपने बेटे की मदद करने का आरोप है।

कोर्ट ने कहा कि नाबालिगों को डिजिटल दुनिया में कैसा व्यवहार करना चाहिए, इसे लेकर माता-पिता और शिक्षक उन्हें जागरूक करें। साथ ही स्कूलों और कॉलेजों, दिल्ली राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण और दिल्ली न्यायिक अकादमी जैसे संस्थानों को इस मामले पर कार्यक्रम, कार्यशालाएं और सम्मेलन आयोजित करने के लिए मैसेज भेजना भी समय की मांग है।

### क्या है मामला




एक 16 वर्षीय लड़की का कथित तौर पर राजीव ने अपहरण कर लिया था, जिसने सोशल मीडिया पर उससे दोस्ती की और जब वह उससे मिलने आई तो उसने उसका अपहरण कर लिया। इसके बाद लड़की को मध्य प्रदेश ले जाया गया और कई दिनों तक वहीं रखा गया। कथित तौर पर आरोपी और अन्य लोगों द्वारा उसका यौन उत्पीड़न किया गया। कोर्ट ने कहा कि नाबालिगों को डिजिटल दुनिया में कैसा व्यवहार करना चाहिए, इसे लेकर माता-पिता और शिक्षक उन्हें जागरूक करें। साथ ही स्कूलों और कॉलेजों, दिल्ली राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण और दिल्ली न्यायिक अकादमी जैसे संस्थानों को इस मामले पर कार्यक्रम, कार्यशालाएं और सम्मेलन आयोजित करने के लिए मैसेज भेजना भी समय की मांग है।

# जमीन भगवान की मैं उनका मित्र...कोर्ट ने लगाया जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट बोला- मैंने कभी नहीं सोचा था कि भगवान एक दिन मेरे सामने एक वादी बनेंगे

दिल्ली हाईकोर्ट ने एक निजी मंदिर के संपत्ति विवाद में भगवान हनुमान को पक्षकार बनाने वाले व्यक्ति पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। हाईकोर्ट ने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत पूजा करने का अधिकार किसी अवैध धार्मिक संरचना में निहित नहीं हो सकता है।

अपीलकर्ता अंकित मिश्रा ने अतिरिक्त जिला न्यायाधीश के फैसले के बाद उनके और अन्य की ओर से दायर आपत्ति याचिका खारिज होने के बाद दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया। अपने आदेश में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ने कहा कि मिश्रा कोई प्रामाणिकता नहीं दिखा सके जो उन्हें भगवान हनुमान के अगले मित्र के रूप में मुकदमा करने का अधिकार देती। हाईकोर्ट ने यह भी माना कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत, पूजा करने का कोई अधिकार किसी अन्य की निजी भूमि पर बने अवैध धार्मिक ढांचे में निहित नहीं हो सकता है और कहा कि ऐसी स्थिति में स्थापित देवता के पास कोई अधिकार नहीं है। न्यायमूर्ति सी हरि शंकर ने कहा मैंने कभी नहीं सोचा था कि भगवान एक दिन मेरे सामने एक वादी बनेंगे। शुक्र है कि यह प्रॉक्सी द्वारा दिव्यता का मामला प्रतीत होता है। न्यायमूर्ति शंकर ने कहा कि एक निजी मंदिर में सार्वजनिक पूजा, यहां तक कि मुफ्त पहुंच के साथ वास्तव में यह नहीं दर्शाता है कि मंदिर एक सार्वजनिक मंदिर है।

# यूपीआई की वजह से ज्यादा खर्च कर रहे 75% भारतीय

*भारत में यूपीआई के इस्तेमाल से खरीदारी आसान और कैश रखने की मजबूरी खत्म हुई है, लेकिन खर्च बढ़ा है। आईआईआईटी, दिल्ली (इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) के सर्वे में पता चला कि यूपीआई की वजह से भारतीय ज्यादा खर्च करने लगे हैं। 74.2% यानी 4 में से 3 भारतीयों का मानना है कि यूपीआई की वजह से उनके खर्च करने का पैटर्न बदल गया है। वे गैर जरूरी खर्च कर रहे हैं।*




- ऑनलाइन पेमेंट की वजह से उन्हें एहसास नहीं होता कि वे ज्यादा खर्च कर रहे हैं। दरअसल, कैश खर्च होने पर अपने पास से कुछ जाने का एहसास होता है। इसलिए खर्च का दर्द महसूस होता है। इसलिए लोग खर्च करने से पहले सोचते हैं। ऑनलाइन पेमेंट में खर्च में कुछ खोने जैसा एहसास नहीं होता। इसलिए खर्च का पता नहीं चलता। ऑनलाइन पेमेंट में पैसे सिर्फ नंबर जैसे लगते हैं, जो कम ज्यादा होते रहते हैं। जैसे-यूपीआई के जरिए 2500 रुपए का पेमेंट करने में लोग उतना नहीं सोचते, जितना कि 500 के 5 नोट के जरिए किसी चीज का पेमेंट करने में सोचते हैं।
- आईआईआईटी दिल्ली में असिस्टेंट प्रोफेसर ने अपने छात्रों के साथ 18 साल और उससे ऊपर के लोगों पर सर्वे किया। इसमें पता चला कि 74 .2% लोगों का खर्च यूपीआई का इस्तेमाल शुरू करने के बाद बढ़ा है। साथ ही यह भी पता चला कि 91 .5% लोग यूपीआई से पूरी तरह संतुष्ट हैं। जबकि 95 .2% ने किसी भी पेमेंट के लिए यूपीआई को सबसे आसान और विश्वसनीय माना। 2016 में शुरू हुए यूपीआई ने 8 साल में देश में पेमेंट का तरीका ही नहीं एहसास भी बदल दिया है।

### छोटे कारोबारियों की बचत बढ़ी

यूपीआई के इस्तेमाल की वजह से छोटे कारोबारियों जैसे ठेले-खोमचे वाले, गुमटियों में सामान बेचने वालों की बचत बढ़ी है। यूपीआई पेमेंट की वजह से उनका सारा पैसा सीधे खाते में जाता है, जिससे उनकी बचत और उससे मिलने वाला ब्याज दोनों बढ़े हैं। वहीं, इस सर्वे में करीब 25% लोगों ने यह माना कि यूपीआई इस्तेमाल से उनकी बचत बढ़ी है।

## एक नजर

### व्लादिमीर पुतिन ने 5वीं बार ली राष्ट्रपति पद की शपथ

**मॉस्को।** व्लादिमीर पुतिन ने 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बन गए हैं। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को क्रेमलिन समारोह में छह साल के नए कार्यकाल के लिए शपथ ली। इस शपथ समारोह का यूक्रेन में रूस के युद्ध के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका और कई अन्य पश्चिमी देशों ने बहिष्कार किया। मॉस्को के ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस में पुतिन ने 33 शब्दों में शपथ ली। यह वही जगह है, जहां रूस के जार परिवार के 3 राजाओं (एलेक्जेंडर 2, एलेक्जेंडर 3 और निकोलस 2) की ताजपोशी हुई थी। पुतिन ने इससे पहले साल 2000 में पहली बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। इसके बाद से 2004, 2012 और 2018 में भी वे राष्ट्रपति बन चुके हैं।

### सलमान के घर गोलीबारी मामले में पांचवां आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने पिछले महीने अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोली चलाने में शामिल हमलावरों को कथित रूप से वित्तीय मदद देने के मामले में राजस्थान से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान मोहम्मद रफीक चौधरी (37) के रूप में की गई है। वह गोलीबारी मामले में गिरफ्तार पांचवां आरोपी है। अधिकारी ने कहा कि मामले में पहले ही गिरफ्तार लोगों से पूछताछ के दौरान चौधरी की भूमिका सामने आई। चौधरी ने कथित तौर पर पाल और गुप्ता को मोटरसाइकिल खरीदने और एक घर किराये पर लेने में मदद की थी।

### चीनी नागरिकों पर हमले की साजिश अफगानिस्तान में रची गई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना ने मंगलवार को दावा किया कि अशांत खैबर पख्तूनख्वा में मार्च में हुए आत्मघाती हमले की साजिश अफगानिस्तान में अफगान नागरिकों ने रची थी जिसमें पांच चीनी मारे गए थे। सेना की प्रेस इकाई इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) प्रमुख मेजर-जनरल अहमद शरीफ ने में अफगानिस्तान पर आतंकवादियों को पाकिस्तान में हमले करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मार्च में खैबर पख्तूनख्वा के बिशम इलाके में जिस हमले में पांच चीनी अभियंताओं की मौत हुई थी,उसकी साजिश अफगानिस्तान में रची गई थी और पड़ोसी धरती पर रची गई थी।

### दिल्ली में तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मादक पदार्थों का उत्पादन करने वाली एक फैक्टरी का भी पता लगाया है। छापेमारी के दौरान उन्होंने उच्च गुणवत्ता वाला पदार्थ बरामद किया, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के उपायुक्त अमित कौशिक ने कहा, जब्त किए गए पदार्थ से लगभग 700 किलोग्राम प्रभावी पदार्थ अल्प्राजोलम संसाधित किया जा सकता है।

# चीन पर नकेल कसने के लिए तैयार भारत, 3 पोत पहुंचे सिंगापुर

## भारतीय नौसेना ने की दक्षिण चीन सागर में पूर्वी बेड़े की तैनाती, मजबूत होंगे रिश्ते

सिंगापुर, एजेंसी

दक्षिण चीन सागर में चीन पर नकेल कसने के लिए नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती के हिस्से के रूप में तीन भारतीय नौसेना जहाज सिंगापुर पहुंचे हैं, जो दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को रेखांकित करता है। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रियर एडमिरल राजेश धनखड़ के नेतृत्व में भारतीय नौसेना के जहाज दिल्ली, शक्ति और किल्टन सोमवार को सिंगापुर पहुंचा है।

बयान में कहा गया कि मौजूदा तैनाती दोनों नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को रेखांकित करती है। सिंगापुर गणराज्य की नौसेना के कर्मियों और सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त ने गर्मजोशी से स्वागत किया। यह यात्रा दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती का हिस्सा है। यह यात्रा कई कार्यक्रमों और गतिविधियों के माध्यम से दोनों समुद्री देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता और सहयोग को और मजबूत करने के लिए तैयार है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सिंगापुर में पदस्थ भारतीय राजदूत ने तीनों जहाज, नौसेना के जवानों और अधिकारियों का स्वाग्त किया। नई दिल्ली में रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा दो समुद्री देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता और सहयोग को और मजबूत करने के लिए तैयार है। बयान में मंत्रालय ने कहा कि मौजूदा तैनाती दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच मजबूत संबंधों को दर्शाती है।



### वर्तमान में दक्षिण चीन सागर में चीन का दबदबा

वर्तमान में चीन दक्षिण चीन सागर में अपना कब्जा चाहता है। इस वजह से आसपास के अन्य देशों को परेशान करता रहता है। चीन फिलीपींस के नौसैनिक जहाजों के साथ गतिरोध में शामिल है। दक्षिण चीन सागर में दूसरे थॉमस शोल पर फिलीपींस अपना दावा जताने की कोशिश कर रहा है और चीन इसका कड़ा विरोध कर रहा है।

### सीमा पर तनाव के बीच भारत में तैनात होंगे चीन के राजदूत

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जू फेइहोंग को भारत में नया राजदूत नियुक्त किया है। बता दें कि पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के बाद से दोनों देशों के बीच रिश्तों में खटास पैदा हो गई थी। अब 18 महीने के बाद चीन ने जू फेइहोंग को भारत में नया राजदूत बनाकर कुछ अलग संकेत दिया है। हालांकि इस बारे में चीन की तरफ से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है लेकिन चीनी विदेश मंत्रालय ने इस बात की पुष्टि की है। यह तय हो गया कि अफगानिस्तान और रोमानिया के पूर्व राजदूत रह चुके फेइहोंग अब भारत में चीन के राजदूत होंगे। बताया जा रहा है कि 60 वर्ष फेइयोंग जल्द ही दिल्ली का दौरा कर सकते हैं। इससे पहले अक्टूबर 2022 में सुन वेईडोंग ने भारत में चीन के राजदूत के रूप में अपना कार्यकाल खत्म किया था। भारत से पहले वेईडोंग पाकिस्तान में चीन के राजदूत रहे हैं।

# तकनीकी खामी से टली सुनीता की अंतरिक्ष यात्रा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- नासा ने उड़ान भरने से 90 मिनट पहले मिशन को रोकने का लिया फैसला

भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की तीसरी अंतरिक्ष यात्रा टल गई है। दरअसल तकनीकी खराबी के चलते उड़ान भरने से 90 मिनट पहले मिशन को रोकने का फैसला किया गया। नासा ने उड़ान की अगली तारीख की घोषणा नहीं की है।

बता दें, सुनीता विलियम्स मंगलवार को तीसरी बार अंतरिक्ष यात्रा पर जाने वाली थीं। सुनीता बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्षयान से फ्लोरिडा के कैप कॉर्निवाल स्थित केनेडी स्पेस सेंटर से भारतीय समय के अनुसार, सुबह 8.04 बजे उड़ान भरने वाली थीं। हालांकि उड़ान भरने से 90 मिनट पहले वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष यान के ऑक्सीजन वाल्व में तकनीकी खामी का पता चला, जिसके चलते उड़ान को रोक दिया गया। सुनीता विलियम्स के साथ नासा के वैज्ञानिक बैरी विल्मोर भी बोइंग के अंतरिक्षयान से अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन जाने वाले थे। सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष में रिकॉर्ड 322 दिन बिता चुकी हैं और उनके पास सबसे ज्यादा घंटे तक स्पेसवॉक करने वाली महिला वैज्ञानिक होने का रिकॉर्ड है। विलियम्स पहली बार 9 दिसंबर 2006 को अंतरिक्ष में गईं थी और 22 जून 2007 तक अंतरिक्ष में रहीं थी। सुनिता विलियम्स ने चार बार रिकॉर्ड 29 घंटे और 17 मिनट तक स्पेसवॉक किया था। इसके बाद सुनीता विलियम्स 14 जुलाई 2012 को दूसरी बार अंतरिक्षयात्रा पर गईं और 18 नवंबर 2012 तक अंतरिक्ष में रहीं थी। 59 वर्षीय सुनीता विलियम्स ने बताया कि उड़ान से पहले वह थोड़ी नर्वस थीं, लेकिन साथ ही नए अंतरिक्षयान में उड़ान को लेकर वह उत्साहित भी थीं।



### भारी बारिश के कारण बंगाल में नौ लोगों की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सोमवार को आंधी-तूफान के कारण नौ लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में पांच पूर्वी बर्धमान और दो-दो पश्चिम मिदनापुर और पुरुलिया के निवासी शामिल हैं। इसके अलावा नादिया में दीवार ढहने से दो लोगों की और दक्षिण 24 परगना में पेड़ गिरने से एक की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी दी।

### चीन के एक अस्पताल में चाकू से हमला, दो की मौत

**युन्नान।** चीन के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत युन्नान के एक अस्पताल में मंगलवार को चाकू से किए गए हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 21 अन्य घायल हो गए। राज्य की मीडिया ने आधिकारिक सूत्रों के हवाले से इसकी पुष्टि की है। मीडिया के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, हमला जेनक्सिओनग काउंटी के एक स्थानीय अस्पताल में हुआ। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, घटनास्थल के कई वीडियो सामने आए हैं जिसमें पुलिस पास के वेलनेस सेंटर में एक संदिग्ध को पकड़ती हुई दिख रही है। अधिकारी अधिक जानकारी जुटाने की प्रक्रिया में हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि पकड़ा गया संदिग्ध वास्तव में हमलावर है या नहीं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, चीनी राज्य मीडिया आउटलेट, द पेपर द्वारा साक्षात्कार में एक प्रत्यक्षदर्शी ने स्थिति को अराजक बताया, जबकि अधिकारी स्थिति का आकलन कर रहे थे।

### आसरे की आस...





**वाशिंगटन:** फीचर फोटोग्राफी में अमेरिका पहुंचने की उम्मीद में प्रवासी कोलंबिया से पनामा तक डेरियन गैप को पार करते हुए आगे की ओर बढ़ रहे हैं। सोमवार को इस तस्वीर के लिए उगार्टे फर्नांडो लानो, एरिक गे, ग्रेगरी बुल और क्रिश्चियन चावेज को 2024 पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ● एजेंसी

### श्रीनगर: पाकिस्तान में बैठे सात आकाओं की संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पाकिस्तान स्थित सात आतंकी आकाओं की संपत्तियां कुर्क की गईं, पुलिस ने मंगलवार को इस बात की जानकारी दी है। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि बारामूला में अतिरिक्त सत्र अदालत द्वारा पारित कुर्की आदेश प्राप्त करने के बाद, पाकिस्तान स्थित आतंकी आकाओं की लाखों रुपये की 13 कनाल जमीन कुर्क की गई।

उन्होंने संचालकों की पहचान शेखपोरा के शब्बीर अहमद सोफी, वारिपोरा पाईन के गुलाम नबी अलाई, वारपोरा बाला के गुलाम नबी शेख, रेशीपोरा औथूरा के शरीफ उद दीन चोपन और गुल्ला शेख, सलूसा के मोहम्मद रफीक खान और फ्रास्टर तिलगाम के अब्दुल हमीद पर्रे के रूप में की। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा की गई जांच के दौरान संपत्ति की पहचान की गई।

# प्रज्ज्वल के 25 हजार अश्लील वीडियो बांटे : कुमारस्वामी

बेंगलुरु, एजेंसी

- पूर्व प्रधानमंत्री के बेटे ने सीएम सिद्धरमैया और डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार पर लगाया आरोप

जनता दल (सेक्युलर) नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने दावा किया है कि उनके भतीजे एवं हासन से पार्टी उम्मीदवार प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित 'सेक्स स्कैंडल' के वीडियो वाली 25 हजार पेन ड्राइव चुनाव से पहले वितरित की गई थीं।

21 अप्रैल को पूरे राज्य में पैन ड्राइव प्रसारित की गई। पुलिस अधिकारियों ने भी पैन ड्राइव को प्रसारित किया। इसे बंगलूरू ग्रामीण, मांड्या और हासन सीटों पर जानबूझकर बांटे गए हैं। कुमारस्वामी ने बताया '21 अप्रैल की रात नवीन गौड़ा नाम के एक शख्स ने प्रज्ज्वल रेवन्ना के वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किए। जिसके खिलाफ हासन सीट पर प्रज्ज्वल रेवन्ना के चुनाव एजेंट पूर्णचंद्र ने हासन पुलिस में 22 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई, जिसमें नवीन गौड़ा, कार्तिक गौड़ा, चेतन और पुर्ताराजू के खिलाफ आरोप लगाए गए, लेकिन इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई और 26 अप्रैल को रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि उस शिकायत को बंद कर दिया गया है। जेडीएस नेता ने कहा कि 'मैं किसी का बचाव नहीं कर रहा और दोषी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। फिर चाहे वो कोई भी हो।

### राजस्थान में तलवार से घायल कर युवती से सामूहिक दुष्कर्म

**जयपुर।** राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में युवती से तलवार की नोक पर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। ओपियों ने पीड़िता से खींचातानी करने पर तलवार से हमला कर दिया, जिससे उसकी दाहिने हाथ की दो उंगलियां कट गईं। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने दुष्कर्म के दो दिन बाद दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। एक आरोपी की पहचान कालू के रूप में हुई है। बांसवाड़ा के पुलिस उपाधीक्षक सूर्यवीर सिंह ने कहा कि महिला शादी समारोह से लौट रही थी कालू और उसके दोस्त ने उसे रोका और सामूहिक दुष्कर्म किया। उन्होंने कहा कि 19 वर्षीय पीड़िता को उदयपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## विज्ञान

### कोलोराडो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने किया रहस्य का खुलासा

# शुक्र ग्रह के खोए सागरों की गुत्थी सुलझाने में मिली कामयाबी

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** पृथ्वी के पड़ोसी ग्रह शुक्र ग्रह के खोए पानी के सागरों की गुत्थी सुलझाने की बड़ी कामयाबी वैज्ञानिको को मिली है। बोल्डर स्थित कोलोराडो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इस रहस्य का खुलासा किया है।

इस शोध से साफ हो गया है कि इस ग्रह पर पानी होने की शेष संभावना भी खत्म हो चुकी है। सर्वविदित है, शुक्र (वीनस) हमारे सौर मंडल का सबसे अधिक सुंदर ग्रह नजर आता है। जिसे पृथ्वी से नग्न आंखों से आसानी से देखा जा सकता है। स्याह रातों की खूबसूरती में चार चांद लगाने वाला यही ग्रह है। कभी इस ग्रह पर पृथ्वी की तरह विशाल समुद्र हुआ करते थे, जो गायब हो गए। जिसकी तलाश में वैज्ञानिक कई दशकों से पता लगाने में जुटे हुए थे, लेकिन इसका पता लगा पाना टेड़ी खीर बनी रही। मगर अब इस रहस्य का पर्दाफाश हो चुका है। इसकी वजह शुक्र की रासायनिक प्रक्रिया है। जिसका पता कंप्यूटर सिमुलेशन के जरिए हो पाया है। दअरसल शुक्र ग्रह के वायुमंडल में हाइड्रोजन परमाणु विघटनकारी पुनर्संयोजन प्रक्रिया के माध्यम से अंतरिक्ष में घूमते हैं। जिस कारण शुक्र हर दिन बड़ी मात्रा में अपना तरल जल खो देता है। 6 मई को नेचर जर्नल में शोध का निष्कर्ष प्रकाशित हुआ है। शोधकर्ता वैज्ञानिक कहते हैं कि आकाशगंगा के कई ग्रहों के पानी व रासायनिक प्रक्रिया को समझना होगा। शोधकर्ताओं ने शुक्र ग्रह को एक विशाल रसायन विज्ञान मझने के लिए कंप्यूटर मॉडल का उपयोग किया, और ग्रह के घूमते हुए वातावरण में होने वाली विविध प्रतिक्रियाओं पर जूम किया। जिससे पता चला कि हाइड्रोजन, कार्बन और ऑक्सीजन के एक-एक परमाणु से बना अणु शुक्र ग्रह का पानी निगल गया और शुक्र के सतह का जल वाष्पित होकर आसमान में चला गया।



शुक्र ग्रह के वातावरण की तस्वीर।

### अब मंगल ग्रह पर जल की तलाश

शुक्र ग्रह के बाद, अब बारी लालग्रह मंगल के खोए हुए जल का पता लगाने की है। माना जाता है कि पृथ्वी की तरह मंगल में भी समुद्र हुआ करते थे और नदियां बहा करती थी, जिनका जल अब विलुप्त हो चुका है। शुक्र ग्रह के जल का पता लगाने के बाद वैज्ञानिक मंगल ग्रह के जल पता लगाने में जुट गए हैं।

### अंतरिक्ष में हथियारों की रोक के प्रस्ताव पर वीटो मुद्दे की चर्चा

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने, सुरक्षा परिषद में हाल ही में, रूस द्वारा उस मसौदे प्रस्ताव पर वीटो का प्रयोग किए जाने के मुद्दे पर चर्चा की है, जिसमें बाहरी अंतरिक्ष क्षेत्र को हथियारों की नई दौड़ से बाहर रखने की पेशकश की गई थी।

सुरक्षा परिषद में वो प्रस्ताव संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान ने पेश किया था। इसके समर्थन में 13 वोट पड़े थे और चीन ने मतदान में शिरकत नहीं की थी। उस प्रस्ताव को 60 देशों ने समर्थन दिया था, मगर रूस के वीटो प्रयोग के कारण, वो मसौदा प्रस्ताव पारित नहीं हो सका था। यूएन महासभा के उपाध्यक्ष अहमद फैसल मुहम्मद ने सोमवार को, महासभा अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस का संदेश पढ़कर, इस मुद्दे पर चर्चा का आरंभ किया। यूएन महासभा अध्यक्ष के संदेश में चिंता व्यक्त की गई कि बाहरी अंतरिक्ष में विनाश के हथियारों के मुद्दे पर नाकाम रही है।

# गाजा के राफा सीमा पर इजराइल का कब्जा

- नेतन्याहू ने एक दिन पहले राफा के लोगों को खाली करने की दी थी चेतावनी

यरूशलम, एजेंसी

इजराइल की एक टैंक ब्रिगेड ने मंगलवार को गाजा की महत्वपूर्ण राफा सीमा पर नियंत्रण कर लिया है। करीबी सहयोगियों की चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए इजराइल दक्षिणी शहर में घुस गया। नेतन्याहू की चेतावनी के बाद आईडीएफ ने कार्रवाई कर राफा सीमा पर नियंत्रण कर लिया।

संयुक्त राष्ट्र ने कहा- राफा और गाजा में अन्य मुख्य मार्ग केरेम शालोम के बंद होने से उत्तरी भाग पहले से ही अकाल जैसी स्थिति का सामना कर रहा है। बता दें कि राफा क्रॉसिंग, दक्षिणी गाजा में मिस्र की सीमा पर है। इससे एक दिन पहले यानी 6 मई को इजराइली सेना ने कहा था कि वह किसी भी वक्त राफा पर हमला बोल सकता है, जिसको देखते हुए सोमवार को इजराइली बलों ने फिलिस्तीनियों से पूर्वी राफा को खाली करने का निर्देश दिया था। बता दें कि यहां दस लाख से अधिक युद्ध-विस्थापित फिलिस्तीनियों ने शरण लिया हुआ है। गौरतलब है कि, हमास के खिलाफ इजराइल राफा में घुसपैठ शुरू करने की कई बार धमकी दी है। इजराइली सेना का मानना है कि राफा में हजारों हमास लड़ाकों और संभावित रूप से दर्जनों बंधकों को शरण में रखा गया है। सेना का मानना है कि राफा को हराए बिना जीत असंभव है।



### अमेरिका ने इजराइल को गोला-बारूद की सप्लाई रोकी

राफा में सैन्य अभियान की घोषणा करके नेतन्याहू ने एक बार फिर अमेरिका को नाराज कर दिया है। यही कारण है कि 7 अक्टूबर के हमले के बाद पहली बार अमेरिका ने इजराइल भेजे जाने वाले गोला-बारूद की खेप रोक दी है। खेप में मिसाइल सहित कई साजो सामन हैं। इस मामले पर अमेरिकी और इजराइली सरकार कुछ भी बोलने से बच रही है। हालांकि, पिछले सप्ताह अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने नेतन्याहू से कहा कि राफा में सैन्य अभियान का अमेरिका-इजराइल संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।